आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 173, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 16

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 2

माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।

विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।

नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

लखनऊ। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 12 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया।वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।



व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कर्ट्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

चेन्नई। भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

मुंबई। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

उड़ान संचालन के लिए उठाए जा रहे हैं कदम : नायडू

विशाखापत्तनम। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।

एक नजर

50 हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

बरेली। थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। शामली के थाना आदर्श मंडली के गांव टिटोली निवासी धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हरिद्वार में भी पहचान करनी होगी उजागर

हरिद्वार। उप्र की तर्ज पर कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में भी ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को अपनी पहचान उजागर करनी होगी। कांवड़ मेले में कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे या रेहड़ी, ठेली का संचालन नहीं कर सकेगा। ऐसे व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान पर प्रोपराइटर का नाम, क्यूआर कोड व मोबाइल नंबर अंकित करना होगा। मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ मार्ग व कांवड़ पटरी पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रहेगी।

13 अधिकारियों के 54 ठिकानों पर छापे मारे

बेंगलुरु। कर्नाटक लोकायुक्त ने 13 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को पांच जिलों में उनसे जुड़े 54 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी के दौर 50 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति का पता लगाया। लोकायुक्त द्वारा जिन 13 अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई उनमें वैध माप पद्धति के उप नियंत्रक अतहर अली भी शामिल हैं।

अत्याधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है कैंसर ट्रेन : योगी

प्राकृतिक खेती पर आधारित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को राम मंदिर का प्रतीक चिह्न देते प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, साथ मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले, हरित क्रांति से कृषि उत्पादन बढ़ना आधा सच
- फर्टिलाइजर का जहर घुस रहा हमारी धमनियों में

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र यह हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर यह अधूरा सच है।

आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है। यह दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एक होटल में आयोजित प्राकृतिक खेती पर आधारित भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। हमें 17वीं व 18वीं सदी के देश के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाली उत्पादन दर को भी देखना होगा, जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गोवंश अचानक मर गए, जब वहां विशेषज्ञ भेजे गए तो पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला हुआ था, इस कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गोवंश अत्याधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

प्राकृतिक खेती करने वालों को देंगे सब्सिडी : शिवराज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है।

असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है।

2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी जो कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का लगभग 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है... यह हिमंत विश्व शर्मा का डेटा नहीं है, बल्कि भारतीय जनगणना का डेटा है। ये सभी प्रकाशित डेटा हैं। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।

एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ और आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एससीआर में लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल, शासन ने जारी किया आदेश

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर प्रदेश में लखनऊ व आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) घोषित कर दिए गए। इसमें छह जिलों को शामिल किया गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को शासनादेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव आवास डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से जारी आदेश के अनुसार, लखनऊ व आस-पास का क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र होगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र कहा जाएगा। इसमें लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल किए गए हैं। इस क्षेत्र के संबंध में एक प्राधिकरण का गठन किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण कहा जाएगा। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे, जबकि मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। अपर मुख्य सचिव आवास, वित्त, नियोजन, विधि, राजस्व, नगर विकास, पंचायती राज, कृषि, पर्यटन, वन, ग्रामीण विकास, सिंचाई परिवहन आदि विभागों के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसके सदस्य होंगे।

एससीआर का दायरा 27,826 वर्ग किमी होगा

राज्य राजधानी क्षेत्र का दायरा 27,826 वर्ग किलोमीटर होगा। इसमें लखनऊ 2528 वर्ग किलोमीटर, हरदोई 5986 किलोमीटर, सीतापुर 5743 किलोमीटर, उन्नाव 4558 किलोमीटर, रायबरेली 4609 किलोमीटर व बाराबंकी 4402 किलोमीटर होगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र घोषित होने के बाद इस क्षेत्र का व्यापक स्तर पर विकास किया जाएगा।

ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ प्राथमिकी

नई दिल्ली : संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर लाभ उठाया।

स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार, 27 अगस्त तक हों पेश

लखनऊ, विधि संवाददाता

- संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। कहा गया है कि संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी को बताया की संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक़ हो गया है लिहाज़ा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर लिया। हालांकि बाद में जब उसे पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

रजिस्ट्रेशन में वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

लखनऊ। वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेवसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर लिखना होगा संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार ने लिया फैसला, अफसरों को लागू करने के निर्देश

अमृत विचार : पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसे सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये गये हैं। इस बीच, राजनीतिक दलों ने इसका सख्त विरोध किया है।

शासन के सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कावड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि बैठक के बाद शासन के अधिकारियों की ओर से कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया गया। हालांकि, शासन की ओर से इस सिलसिले में कोई औपचारिक आदेश-निर्देश जारी नहीं किया गया है। निर्देश के तहत यात्रा मार्ग पर हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। उधर, बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि सरकारी निर्देश धर्म विशेष के लोगों का बायकाट करने का निदंनीय प्रयास है।

राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश



राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। महिला याचिकाकर्ता ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को तय करना है कि क्या पीड़िता के पास राहत पाने का कोई उपाय नहीं है, जबकि एकमात्र विकल्प आरोपी के पद छोड़ने तक इंतजार करना है। सुनवाई के दौरान यह देरी अतार्किक होगी और पूरी प्रक्रिया दिखावा बनकर रह जाएगी। इससे पीड़िता को कोई न्याय नहीं मिलेगा।

- राज्यपाल पर छेड़छाड़ करने तथा अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।

2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल

नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

दोहरे अंक में पदक लाने का जिम्मा निशानेबाजों पर : सुमरिवाला

नई दिल्ली, एजेंसी

- एएफआई के अध्यक्ष आदिल बोले- भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दोहरे अंक में पदक जीत सकता है लेकिन इसके लिए निशानेबाजों को अच्छा करना होगा।

सुमरिवाला ने कहा कि उन्हें निशानेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर ऐसा हुआ तो भारत आसानी से 10 या उससे अधिक पदक जीत सकता है। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण सहित सात पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मुझे निशानेबाजों से इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और अगर वे ऐसा करने में सफल रहे तो हम आसानी से दो अंक (10 या उससे अधिक) में पदक जीतेंगे। मैं कोई निश्चित संख्या नहीं बता सकता हूं लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन के विश्लेषण पर हमें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ियों ने ओलंपिक कोटा हासिल किया है।

तोक्यो ओलंपिक में भी भारत के 15 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था लेकिन कोई भी पदक नहीं जीत पाया था। सुमरिवाला से पूछा गया कि एथलेटिक्स में भारत के इक्का-दुक्का खिलाड़ियों को छोड़कर किसी का भी आंकड़ा विश्व के बड़े एथलीटों के करीब नहीं है ऐसे में उनसे पदक की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

खेल डायरी

दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

चेन्नई। भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

ज्यूरिख। फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बस्ताड (स्वीडन)। रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।

भारतीय फुटबॉल टीम

1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।



मिल्खा सिंह

भारतीय हॉकी टीम

1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।

पीटी उषा

1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रही।

लिएंडर पेस और महेश भूपति

2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।

जॉयदीप करमाकर

2016 रियो

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी हादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।

दीपा करमाकर

2020 तोक्यो

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।

महिला हॉकी टीम

बॉलीवुड हलचल

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।

भारत ने पाकिस्तानी महिला टीम को 108 पर समेटा

महिला एशिया कप

दाम्बुला, एजेंसी

गत चैंपियन भारत ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को 19.2 ओवर में 108 रन पर समेट दिया।

भारतीय गेंदबाजों में पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह ने शुरूआती झटके देते हुए दो-दो विकेट लिए। दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। श्रेयंका पाटिल को भी दो विकेट मिले। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाली पाकिस्तानी महिला टीम की केवल चार खिलाड़ी ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। सिदरा अमीन 25 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा फातिमा सना ने नाबद 22, तुबा हसन ने 22 और मुनीबा अली ने 11 रन बनाए। पारी के दोनों छक्के फातिमा सना ने 19वें ओवर में राधा यादव की गेंदों पर लगाए।

पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

दांबुला। सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा नेपाल की सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 19 देकर तीन विकेट लिए। नेपाल को भी कुछ मुश्किल पलों से गुजरना पड़ा। ऑफ स्पिनर एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

मंच पर जगह न देने पर सांसद प्रतिनिधि ने किया बायकाट

संवाददाता, पसगवां

▸▸ कहा- पूर्व सांसद के पुत्र किस हैसियत से मंच पर बैठे, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह रहे मौजूद

अमृत विचार: क्षेत्र पंचायत समिति, पसगवां की शुक्रवार को हुई बैठक में सांसद आनंद भदौरिया के प्रतिनिधि क्रांति कुमार सिंह को मंच पर जगह नहीं दी गई, जबकि पूर्व सांसद रेखा वर्मा के पुत्र अनिमेश पटेल मंच पर ही बैठे। यह देखकर सांसद प्रतिनिधि भड़क गए। उन्होंने इस दौरान न सिर्फ सांसद का संदेश सुनाया, बल्कि अन्य प्रधानों व सदस्यों से भी बायकाट करने को कहा। इस पर कुछ लोग उनके साथ बायकाट कर चले गए। हालांकि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई और कई प्रस्ताव पास किए गए।

बैठक में मनरेगा योजना से वित्तीय वर्ष 2024-25 में दो लाख 57 हजार मानव दिवस कार्य कराए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही नए विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। बीडीओ मोहित कौशिक ने मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बीडीओ ने बताया कि 3.9 लाख विभिन्न प्रजाति के पौधे का ब्लाक की ग्राम पंचायतो में पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया, जो लगभग पूरा किया जा चुका है। लोकेंद्र प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्यों का आह्वान किया कि वह लोग क्षेत्र के विकास के लिए मेरे पास कभी भी आ सकते हैं। ग्राम प्रधान बेसिक शिक्षा, सड़क, सफाई की रूपरेखा तैयार कर इन कार्यों को अवश्य कराएं। बैठक में सोमवार से शुरू हो रहे पावन सावन माह की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य अनूप कुमार सिंह, लालबहादुर शास्त्री, प्रधान इंद्रपाल, राहुल गुप्ता, सहित महिला सदस्य भी मौजूद रहीं।

विकास खंड पसगवां में बीडीसी बैठक को संबोधित करते विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह।

बैठक में मौजूद सदस्यगण। अमृत विचार

सांसद प्रतिनिधि ने लगाया कमीशन के खेल का आरोप

बतौर सांसद प्रतिनिधि सपा नेता क्रांति कुमार सिंह की मंच पर स्थान को लेकर बीडीओ मोहित कौशिक से भी बहस हुई। उन्होंने इसे राजनीतिक भेदभाव का हवाला देते हुए कहा कि पूर्व सांसद पुत्र अनिमेष पटेल किस हैसियस से मंच पर बिठाए गए। आरोप लगाया कि यहां सिर्फ कमीशन का खेल हो रहा है, लेकिन यह कमीशन बाजी लंबे समय तक नहीं चल पाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज की कार्यशैली के लिए सांसद की ओर से नोटिस दी जाएगी। बैठक में कार्यवाही रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराकर विकास किया जा रहा है।

बीडीओ बोले- मंच पर स्थान देने का सदन अध्यक्ष को सर्वाधिकार

खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक का कहना है कि बीडीसी सदस्यों की बैठक में सांसद, विधायक या जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में उनको प्रोटोकाल दिया जाता है। इनके प्रतिनिधि के पहुंचने पर सदन के अध्यक्ष के निर्देशानुसार उनका मंच स्थान चयनित होता है। इसके लिए सदन अध्यक्ष को सर्वाधिकार है।

जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर जाना फसल की बर्बादी और पीड़ितों का दर्द

बसंतापुर कलां में बीमार शालिनी के उपचार को तत्काल लगाई मेडिकल टीम

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने और भीरा-पलिया मार्ग पर भी पानी चलने का शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मौका मुआयना किया। इस दौरान डीएम ने महसूस किया कि गन्ने की फसल बर्बाद हो गई है। उन्होंने तत्काल सर्वे कर मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया। डीएम गांव बसंतापुरकलां में पहुंचीं तो उनकी निगाह एक घर के बिस्तर पर लेटी उनकी पुत्री शालिनी पर पड़ी। डीएम के पूछने पर द्रौपदी ने बताया कि शालिनी बुखार से पीड़ित है। डीएम ने तत्काल मेडिकल टीम भेजकर उपचार भी करवाया।

डीएम-एसपी सबसे पलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र श्रीनगर पहुंचे। यहां पीड़ितों का हाल जाना। उनसे बातचीत करते हुए राशन किट, भोजन पैकेट मिलने, मेडिकल टीम के आने आदि की जानकारी ली। पश्चात नदी की वजह से क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक का मौका मुआयना किया। एसडीएम कार्तिकेय सिंह को बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने एनएचएआई के सड़क मार्ग पर अतरिया में जल निकासी दूसरी तरफ किए जाने के उद्देश्य से ह्यूम पाइप डालने वाले कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ब्लाक पलिया के बाढ़ प्रभावित गांव बसंतापुरकला, मकनपुर का भ्रमण कर पीड़ितों का दर्द जाना। डीएम ने आपदा से प्रभावित लोगों से कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा शासन-प्रशासन उनके साथ है। सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इसके बाद गांव बसंतापुर कलां पहुंचीं, जहां मेडिकल टीम मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं देती मिली। डीएम-एसपी द्रौपदी पत्नी दुजई के छप्परपोश घर में पहुंचे तो अचानक उनकी निगाह बिस्तर पर लेटी उनकी पुत्री शालिनी पर पड़ी। डीएम के पूछने पर द्रौपदी ने बताया कि शालिनी बुखार से पीड़ित है। डीएम ने फॉरेन मेडिकल टीम भेजकर उपचार भी करवाया। इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ यादवेंद्र, सहायक अभियंता करिश्मा रावत, अवर अभियंता मान सिंह, प्रदीप कुमार भारती आदि मौजूद रहे।

गांव बसंतापुर में हालात का जायजा लेतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा।

बाढ़ से गन्ने की फसल खराब दो दिन में सर्वे का निर्देश

डीएम ने निरीक्षण में पाया कि गन्ने की फसल काफी खराब हो गई। एसडीएम को निर्देश दिए कि जल्द ही सर्वे कार्य पूर्ण किया जाए। अवशेष प्रभावितों का सर्वे दो दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बाढ़ बचाव कार्य को मजदूर बढ़ाकर पूरा करने के निर्देश

डीएम-एसपी ने पलिया-निघासन मार्ग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे बाढ़ बचाव कार्य को देखा। इसके तहत छह-छह मीटर के चार स्पान बॉक्स कल्वर्ट के निर्माण हो रहा है। डीएम ने अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव को यहां मजदूरों को बढ़ा शीघ्रता से निर्माण पूर्ण करने का आदेश दिया।

युवक की मौत पर बवाल शव रखकर किया हंगामा

ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि खड़ी कर हाईवे जाम करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता खमरिया

▸▸ सीओ समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, रिपोर्ट दर्ज होने पर माने परिजन

अमृत विचार: संदिग्ध हालत में प्रखर मिश्र की मौत होने पर परिवार के लोग भड़क गए। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर घर आ रहे परिजनों ने पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर स्थित बसढ़िया चौराहा पर शव रख दिया और ट्रैक्टर खड़ा करके हाईवे जाम कर पुलिस के विरोध में प्रदर्शन करने लगे। परिवार वालों का कहना था कि प्रखर मिश्र की करंट लगने से मौत नहीं हुई है। उसे इनवर्टर सही करने के बहाने बुलाया गया और हत्या कर दी गई।

परिजन रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। बवाल बढ़ता देख मौके पर मौजूद थाना खमरिया. या पुलिस ने घटना की जानकारी अफसरों को दी। साथ ही थाना ईसानगर, थाना खीरी, शारदा नगर और धौरहरा की पुलिस के साथ पीएसी भी बुला ली गई। सूचना पाकर एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार, सीओ प्रीतम पाल सिंह भी मौके पर पहुंच गए। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद परिजन माने और शाम करीब पांच बजे हाईवे खोल दिया। इससे करीब दो घंटे हाईवे जाम रहा। सीओ पीपी सिंह ने बताया कि परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया गया है। बैंक शाखा प्रबंधक समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बकाएदार से वसूली कर एजेंट ने हड़पे डेढ़ लाख

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: फाइनेन्सियल एण्ड रिकवरी सर्विस के वसूली एजेंट ने बकाएदार से डेढ़ लाख रुपये की वसूली कर ली, लेकिन उसने रुपये बैंक के खाते में जमा नहीं किए और हड़प लिए। सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला भरतपुरी निवासी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वह फाइनेन्सियल एण्ड रिकवरी सर्विस मोहल्ला हिदायत नगर के प्रोपाइटर हैं। वह एजेंसी के माध्यम से लखीमपुर खीरी व सीतापुर में आर्यावर्त बैंक की बकाया धनराशि की रिकवरी एजेंट के माध्यम से कराने के लिए बैंक से अधिकृत हैं। 21 दिसंबर 23 को आर्यावर्त बैंक शाखा उचौलिया के प्रबंधक ने उन्हें अवगत कराया कि गांव बरगदिया मजरा नारायणपुर अहलाद निवासी बकाएदार कुंती देवी पत्नी स्वर्गीय राकेश कुमार ने बैंक का बकाया डेढ़ लाख रुपये रिकवरी एजेंट आशीष कुमार निवासी ग्राम सुभानपुर ग्रन्ट नं. 10 बांकेगंज कोतवाली गोला को दिए थे, जिसकी जमा रसीद भी ग्राहक की पत्नी के पास उपलब्ध है, जबकि बैंक के अभिलेख में आठ फरवरी 2023 को रिकवरी एजेंट आशीष कुमार ने बकाएदार राकेश कुमार के खाते में जमा किए हैं। ग्राहक को दी गयी जमा रसीद पर ओवरराइट करके डेढ़ लाख रुपये लिखे गये है। रिकवरी एजेंट आशीष कुमार से जब उन्होंने सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। आरोप है कि वसूली एजेंट ने धोखा धडी, छल कपट करके बैंक का रुपये हड़प लिए हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आज रोपे जाएंगे 96 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ के संकल्प के साथ आज यानी 20 जुलाई को पौधरोपण महाभियान की शुरुआत होगी। इसके लिए नोडल अफसर चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने तैयारियों की समीक्षा बैठक की। पौधरोपण समिति ने बैठक कर विस्तार से जानकारी दी। नोडल अधिकारी के आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी (दक्षिण खीरी वन प्रभाग) संजय विश्वाल ने बताया कि वर्ष 2024-25 में शासन की ओर से 96 लाख 18 हजार 609 पौध रोपित किए जाने का लक्ष्य आवंटित है। जो 20 जुलाई को रोपित किए जाएंगे। डीएफओ ने अभियान की रूपरेखा बताई। उन्होंने बताया कि क्षेत्रों के चयन के साथ पौध रोपित करने के लिए गड्ढों की खुदाई करा दी गई है। नर्सरी में तैयार पौध को खोदे गए गड्ढों वाले स्थान तक पहुंचा दिया गया है। इसके लिए कंट्रोल रूम एवं वार रूम की स्थापना की गई है। नोडल अधिकारी ने विभागवार अफसरों से एक-एक कर पौधरोपण अभियान के संबंध में तैयारियां जानीं। इसमे सभी की सहभागिता जरूरी है। कहा कि पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संदेश से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। डीएम ने जनपद स्तर पर की तैयारियों एवं उसकी समीक्षा की विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन डीएफओ संजय विश्वाल ने किया। इस मौके पर सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ दक्षिणी, संजय विश्वल, एडीएम संजय सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। शनिवार को जिले में आयोजित पौधारोपण अभियान में नोडल मंत्री सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर शामिल होंगे। मंत्री राठौर न सिर्फ पौधरोपण करेंगे, बल्कि अन्य लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित भी करेंगे।

कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जनपदीय नोडल अफसर और चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह। साथ में मौजूद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

प्रमुख विभागों द्वारा लगाए जाने वाले पौधों की संख्या

ग्राम्य विकास	43,24,368
वन विभाग दक्षिण	12, 64, 627
वन विभाग उत्तर	10, 06, 700
राजस्व विभाग	3,52,000
उद्यान विभा	5,19, 000
पंचायती राज	4,27, 000
पर्यावरण विभाग	2,69, 000

24 तक फ्री राशन वितरण

लखीमपुर खीरी। जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जिन कार्डधारकों ने अब तक राशन नहीं लिया है, वह 24 जुलाई तक राशन ले सकते हैं। नि :शुल्क राशन वितरण की तिथि चार दिन के लिए बढ़ा दी गई है। पहले इसकी अंतिम तारीख 20 जुलाई निर्धारित थी।

यूपी बोर्ड : इंप्रवूमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ डीएस कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 621 छात्र-छात्राएं देंगे पेपर

▸▸ वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी की नजर में रहेंगे परीक्षार्थी

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा शनिवार को देवकली रोड स्थित धर्मसभा इंटर कॉलेज में होगी। इसमें 621 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इस परीक्षा में को हाईस्कूल के नौ और इंटरमीडिएट के 20 विषय के पेपर होंगे।

परीक्षा के दौरान छात्र छात्राओं को 45 मिनट पहले केंद्र पहुंचना होगा। छात्र छात्राओं की समस्याओं का निस्ताकरण करने के लिए डीआईओएस कार्यालय पर कंट्रोल सक्रिय रहेगा, जिसका नंबर- 7007272882 है। प्रभारी राजकीय हाईस्कूल लाखुन के प्रधानाचार्य देवेंद्र निगम के नेतृत्व में परीक्षा कक्षों की निगरानी करने के लिए टीएम बनाई गई है। राजकीय कन्या हाईस्कूल पिपरी चौराहा के कनिष्ठ सहायक हिमांशु कनौजिया व राजकीय कन्या हाईस्कूल गूम के कनिष्ठ सहायक रूहुल अमी को तैनात किया गया है। इसके लिए डीआईओएस कार्यालय एवं परीक्षा केंद्र धर्मसभा इंटर कॉलेज में देर शाम तक पर तैयारियां का दौर चलता रहा। परीक्षार्थियों पर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम से ही नहीं, बल्कि डीआईओएस कार्यालय व लखनऊ में स्थापित कंट्रोल रूम से भी नजर रखी जाएगी।

50 फीसद रहेंगे वाहय कक्ष निरीक्षक : पहली पाली में हाईस्कूल का पेपर छह कमरों में होगा तो वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा 13 कमरों में होगी। कक्ष निरीक्षकों में 50 फीसद शिक्षक बाहरी रहेंगे। इसके लिए पीके इंटर कॉलेज के छह, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की सात, इस्लामिया इंटर कॉलेज के पांच एवं अबुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज की छह शिक्षिकाओं को कक्ष निरीक्षक बनाया गया है। नकलविहीन कराने के लिए सचल दल में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज फूलबेहड़ की प्रवक्ता आशी चौधरी, सीता गंगवार सहित जीआईसी लखीमपुर के व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार भारती शामिल हैं।

परीक्षा के लिए सीटिंग प्लॉन तैयार कराते केंद्र व्यवस्थापक। अमृत विचार

कुल परीक्षार्थी		621
कक्षा	छात्र	छात्राएं
हाईस्कूल	151	32
इंटरमीडिएट	196	242

> इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा आज डीएस कॉलेज में है। मुख्य परीक्षा की तरह ही यह परीक्षा सभी वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी की निगरानी में होगी।
>
> -डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

बिना मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों पर मुकदमा

लखीमपुर खीरी। अमृत विचार: जिले में अवैध रूप से संचालित दो विद्यालयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीआईओएस ने मिली शिकायत के आधार पर निरीक्षण में बिना मान्यता संचालित विद्यालयों की पुष्टि होने पर प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हाजी नसीर पब्लिक स्कूल भदेड़ में कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं बिना मान्यता संचालित होने पर और निरीक्षण में इसकी पुष्टि होने पर प्रबंधक आरिफ एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार वर्मा पर मुकदमा लिखवाया गया है। उधर, फूलपुर गांव में शांति शिशु निकेतन विद्या मंदिर में भी कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं बिना मान्यता अवैध रूप से संचालित करने पर प्रबंधक व प्रधानाचार्य सुशील शर्मा के खिलाफ मुकदमा लिखवाया गया है।

सार-संक्षेप

विधायक ने बाढ़ पीड़ित परिवारों को बांटी राहत किटें

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने गांव चम्बरबोझ में सरकार से आई राहत किटें बाढ़ पीड़ित परिवारों को बांटीं। इस दौरान पलिया तहसीलदार आरती यादव, नायब तहसीलदार, प्रधान बूटा सिंह, पूर्व प्रधान कर्मजीत सिंह लेखपाल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

बाढ़ पीड़ितों को राहत किट देते विधायक रोमी साहनी व तहसीलदार पलिया आरती यादव।

दो दिन बंद रहेगा महमूदपुर रेलवे फाटक

संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार : रोजा-सीतापुर रेल मार्ग पर स्थित महमूदपुर भगत रेलवे फाटक दो दिन बंद रहेगा। जंगबहादुरगंज स्टेशन मास्टर ने बताया कि 20 व 21 जुलाई को रेलवे फाटक संख्या 20/सी पर मरम्मत कार्य होना है। इससे पिहानी से वाया महमूदपुर भगत, उदयपुर जंगबहादुरगंज जाने के लिए दो दिन मार्ग बंद रहेगा। राहगीर इस मार्ग के विकल्प में गेट संख्या 19/सी जंगबहादुरगंज पूर्वी रेल फाटक का उपयोग कर सकते है।

सावन माह के सोमवार को बंद रहेंगे गोला के विद्यालय

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सावन माह में गोला गोकर्णनाथ नगर में कांवड़ियों का आवागमन होता है। ऐसे में गोला नगर में काफी भीड़ रहती है। इसलिए सावन माह के सभी सोमवार को विद्यालयों में अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया पहला सोमवार 22 जुलाई को है और अंतिम सोमवार 12 अगस्त को है।

एनडीआरएफ ने आपदा से निपटने के लिए किया जागरूक

गुरु तेग बहादुर स्कूल के बच्चों को जागरूक करती एनडीआरएफ टीम।

संवाददाता, महंगापुर, अमृत विचार : पलिया-महंगापुर रोड स्थित श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल में एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़ व अग्निकांड जैसी आपदा से निपटने के लिए जागरूक किया। इंस्पेक्टर राम सिंह के निर्देशन में दो घंटे के प्रशिक्षण में टीम ने बच्चों को बाढ़ में फंसे लोगों को कैसे सुरक्षित निकाला जाए व सर्पदंश, चोट आदि लगने पर ब्लड रोकने के साथ प्राथमिक उपचार की भी जानकारी दी। विद्यालय के अध्यक्ष संत बाबा गुरनाम सिंह ने सारी टीम का आभार जताया। इस मौके पर सुखदेव सिंह, सतेंद्र सिंह, हरविंदर कौर, जसवंत सिंह, रत्ना सूरी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। लेखपाल धीरज मिश्रा, स्कूल मैनेजर सर्वजीत सिंह, राम मिलन आदि मौजूद रहे।

विधायक ने शाहजहांपुर जाकर ताजिया पीड़ितों का जाना हाल

शाहजहांपुर अस्पताल में पीड़ितों से बातचीत करते विधायक अमन गिरि।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : विधायक अमन गिरि ने शुक्रवार को शाहजहांपुर के जिला अस्पताल पहुंच कर बिजली करंट से झुलसे पीड़ित तजियादारों, तीमारदारों से मिलकर उनका हाल जानकर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। विधायक ने घायलों को बेहतर एवं समुचित इलाज के लिए गंभीर पीड़ितों को लखनऊ में मेडिकल कॉलेज भेजने के लिए अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों से वार्ता की। जिला पंचायत सदस्य तौहीद खां, ग्राम प्रधान पप्पू खां, आज़ाद खां, सलमान खां, जुबेर खां, केके शुक्ल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुरमेज सिंह, सार्थक तोमर, मनोज गिरि आदि मौजूद रहे।

रामनिवास बने सपा अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला सचिव

संवाददाता, कुकरा। अमृत विचार : अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हेमंत भार्गव ने गांव मदरायां खजुहा निवासी रामनिवास को सपा अनुसूचित प्रकोष्ठ का जिला सचिव मनोनीत किया है। खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने उन्हें नियुक्त पत्र सौंपा। उनके मनोनयन पर पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व डायरेक्टर गन्ना समिति सरदार जीवन सिंह, जिला सचिव गोविंद मंडल, हरिद्वारी लाल भार्गव, रघुनंदन भार्गव ने हर्ष व्यक्त किया है।

करंट से इलेक्ट्रीशियन समेत दो लोगों की मौत

इलेक्ट्रीशियन की मौत के मामले में बैंक प्रबंधक समेत चार पर

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार। जिले में अलग-अलग स्थानों पर बिजली करंट से एक इलेक्ट्रिशियन समेत दो युवकों की मौत हो गई। इलेक्ट्रीशियन की मौत मामले में थाना खमरिया पुलिस ने एक बैंक शाखा के प्रबंधक समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम को भेजे हैं।

बेहजम: थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव बसारा निवासी शिव कुमार मिश्र पुत्र सत्यदेव मिश्र गुरुवार की रात अत्यधिक गर्मी होने के कारण छत पर सो रहा था। तभी अचानक बरसात होने लगी। इस पर वह छत से उतरकर नीचे आया। वह छत में लगे पंखे को सही करने लगा। इसी बच उसे करंट लग गया। इससे उसकी हालत अधिक बिगड़ गई। परिवार के लोग शिव कुमार को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

शिव कुमार मिश्र (फाइल फोटो)

प्रखर मिश्रा उर्फ राम (फाइल फोटो)

खमरिया। खमरिया थाना क्षेत्र के कस्बा खमरिया निवासी प्रखर मिश्रा उर्फ राम (23) पुत्र स्व. लल्लन मिश्रा कस्बे में इन्वर्टर रिपेयरिंग का कार्य करता था। गुरुवार की रात करीब 7 बजे प्रखर को इनवर्टर सही करने के लिये कस्बे के ही शिवम, बसढिया के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मनोज दीक्षित व सोनू दीक्षित उसे बुलाकर ले गए थे। रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास मनोज के घर इनवर्टर सही करने गया था। मनोज के परिवार वालों का कहना है कि छत पर निकली 11 हजार की लाइन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिवम, मनोज दीक्षित, मोनू दीक्षित, बैंक मैनेजर राजदीप सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अंडाशय की रसौली का सफल ऑपरेशन

लखीमपुर खीरी : अमृत विचार: महिला अस्पताल में पहली बार अंडाशय का ऑपरेशन हुआ। मेडिकल कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर ने महिला के अंडाशय से 20 सेंटी की गांठ निकाली है।

सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने बताया कि एक 22 वर्षीय युवती छः माह से पेट में सूजन होने से काफी परेशान थी। इस पर उसने महिला अस्पताल आकर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर गाइनीकोलोजी डॉ. मोनीषा खरे को दिखाया। अल्ट्रासाउंड की जांच में अंडाशय में एक 20 सेंटीमीटर की गांठ दिखी, जिसकी वजह से ही सूजन थी। सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा की मौजूदगी में डॉ. मोनीषा खरे ने ऑपरेशन कर गाँठ निकाली। ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. सपना सिंह, एनेस्थेटिस्ट डॉ. राजेंद्र, स्टाफ नर्स श्वेता, ओटी स्टाफ संजय व उमाकांत मौजूद रहे। सीएमएस ने बताया कि ऑपरेशन के बाद महिला स्वस्थ है।

वायरल वीडियो पर सीएमओ की सफाई, यह पुराना है भाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ पुराने पोस्टमार्टम हाउस गेट के पास दो शव पड़े होने का मामला

अमृत विचार: सोशल मीडिया पर शुक्रवार की सुबह एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें पोस्टमार्टम हाउस गेट के पास दो शव पड़े दिख रहे हैं। इसमें शवों की बेकदरी का हवाला दिया जा रहा था। मामले की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे सीएमओ ने सफाई देते हुए वीडियो शुक्रवार को नहीं, बल्कि पुराना होने का दावा किया है।

शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल वीडियो में दो शव पुराने पोस्टमार्टम हाउस गेट के पास रखे दिख रहे हैं। वीडियो में शवों की बेकदरी होना बताया गया है। वायरल वीडियो को जिसने भी देखा वही विभागीय जिम्मेदारों से लेकर पोस्टमार्टम हाउस स्टाफ को कोसता नजर आया। इसकी जानकारी लगते ही सीएमओ डॉ. सन्तोष गुप्ता पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। सीएमओ ने बताया कि निरीक्षण में पोस्टमार्टम हाउस गेट के पास कोई शव नहीं मिला। सीएमओ ने वीडियो पुराना होने का दावा करते हुए कहा कि वायरल वीडियो में आज की स्थितियां नहीं मिल रही हैं। सीएमओ ने बताया कि शवों को सम्मान के साथ रखने और पोस्टमार्टम करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इस तरह की लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार को बख्शा नहीं जाएगा। है।

> वायरल वीडियो पुराना है, क्योंकि शुक्रवार सुबह शहर में बारिश हुई है। जबकि वायरल वीडियो में शव के पास की जमीन सूखी है। मौके पर जाकर वहां मौजूद ग्रामीणों से जब पूछताछ की तो उन्होंने भी ऐसी कोई जानकारी नहीं दी।
>
> –डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ

सार-संक्षेप

जिला अस्पताल में हुआ पौधरोपण

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला अस्पताल मोतीपुर में सीएमएस डॉ. आरके कोली, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी वर्मा ने फल, औषधीय सहित विभिन्न प्रकार के 80 से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। देवनंदन श्रीवास्तव, अमरेंद्र सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, नीलेश गुप्ता, मनोज मौर्य, पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में पौधा लगाते सीएमएस डॉ. आरके कोली।

सीडीओ पहुंचे परिषदीय स्कूल राजापुर, परखी पढ़ाई की गुणवत्ता

प्राथमिक स्कूल राजापुर में छात्रा से पुस्तक पढ़वाते सीडीओ।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : सीडीओ अभिषेक कुमार शुक्रवार को अचानक प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंचे। उन्होने पठन पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की सफाई व्यवस्था से लेकर शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता आदि का जायजा लिया। सीडीओ ने इस दौरान विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण कर शिक्षकों के समय से आने के बाबत बच्चों से मालुमात की। सीडीओ ने शिक्षा की गुणवत्ता जांचने के लिए बच्चों से किताब पढ़वाई, विभिन्न रंग एवं आकृतियों के बारे जानकारी लेकर स्वयं ब्लैकबोर्ड पर पढ़ा कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों को बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाने के साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रुचि अनुसार उनकी प्रतिभा निखारने के साथ विद्यालय की साफ सफाई, मध्याह्न भोजन आदि की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

राजेश गुप्ता अध्यक्ष और सत्यपाल कुशवाहा बने महामंत्री

संवाददाता, बरवर। अमृत विचार : नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी मौजूद रहे। बैठक में नगर इकाई वर्ष 2024 से 2027 के चुनाव हुआ, जिसमें नगर अध्यक्ष पद के लिए पुन: राजेश गुप्ता, महामंत्री पद पर सत्यपाल कुशवाहा और कोषाध्यक्ष पद पर रामनरेश सक्सेना को सर्वसम्मति से चुना गया। शेष कार्यकारिणी का गठन एक सप्ताह में कर लिया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए उद्योग व्यापार मंडल सदैव आगे रहा है। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिला मंत्री शिवकुमार सोनी, गोला संगठन के पूर्व चेयरमैन अतहर खां, विनोद मिश्रा, मोहम्मद यूनुस अनिल कुमार, रामचंद्र सक्सेना, आशीष कुमार, हरिओम गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

भक्तों ने मनाई श्रीलक्ष्मीनारायण की छठी, हुआ भंडारा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : शहर के पौराणिक जंगली नाथ मंदिर में छह माह पूर्व श्रीलक्ष्मी नारायण के विग्रह स्वरूप की स्थापना हुई थी। शुक्रवार को छठी मनाई गई। श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान की छठी समारोह नैमिष पीठाधीश्वर यतीन्द्राचार्य की मौजूदगी में मना। शुक्रवार सुबह प्रात: चार बजे से भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण विग्रह का तुलसी, पुष्प व गुलाब से अभिषेक हुआ। मंदिर व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि अभिषेक के बाद हवन और फिर विधिवत पूजन कर भव्य आरती की गई। इसके बाद दोपहर एक बजे शुरू हुए भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बैकफुट पर आई पुलिस शोहदे पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: मोबाइल पर किशोरी को अश्लील संदेश भेजने और मोबाइल पर कॉल कर उसे उठा ले जाने की धमकी देने के मामले में आखिरकार थाना पढुआ पुलिस बैकफुट पर आ गई। सीओ निघासन के आदेश पर दूसरे दिन पुलिस ने आरोपी शोहदे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि पढुआ थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला के मुताबिक पड़ोस में रिश्तेदारी से संपर्क नंबर लेकर बात करने वाला थाना भीरा क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी राजकुमार कुछ समय पहले गांव आया था। वह अब उनकी 14 वर्षीय बेटी को फेसबुक पर अश्लील संदेश भेजकर परेशान कर रहा है। घर के कामकाज व खेती-बाड़ी करने के लिए अक्सर उसका बाहर आना-जाना पड़ता है, जिससे घर का मोबाइल बेटी के पास ही रहता है। आरोपी उसी नंबर पर फोन करके धमकी दे रहा है। इससे वह परेशान होकर थाना पढुआ गई। पुलिस को पूरी बताने की कोशिश की, लेकिन पुलिस उसकी एक भी बात सुनने को तैयार नहीं हुई। आरोपी उसे लगातार धमकियां दे रहा था, लेकिन पुलिस सुन नहीं रही थी। बुधवार को पीड़िता महिला सीओ प्रवीण यादव से मिली और पूरी बात बताई थी। सीओ के आदेश पर पढुआ पुलिस ने दूसरे दिन आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जिले में शातिर गैंग करता था चोरियां, 8 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ सदर कोतवाली, खीरी और उचौलिया में सात वारदातों को दिया अंजाम

▸▸ जेवर घटना में प्रयुक्त पिकअप और बरामद

अमृत विचार: कोतवाली सदर और थाना खीरी पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शातिर गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पूर्वी का दावा है कि गिरफ्तार बदमाश पिकअप से घूमकर चोरी की घटना करते थे। बदमाशों ने सदर कोतवाली, खीरी और उचौलिया में सात वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, घटना में प्रयुक्त पिकअप, तमंचा और नकबजनी में प्रयुक्त होने वाले औजार बरामद किए हैं।

एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया सीओ सिटी सर्किल की कोतवाली सदर थाना खीरी के अलावा थाना उचौलिया क्षेत्र में पिछले दिनों चोरियों की कई वारदातें हुईं थीं, जिनके खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच के साथ ही पुलिस की अन्य टीमें लगाई गई थीं। जांच में पता चला कि जनपद में सक्रिय एक संगठित गिरोह चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है।

टीमों ने गिरोह की पहचान करने के बाद तलाश शुरू की। शुक्रवार को कोतवाली सदर और खीरी पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरोह के आठ सदस्यों कोतवाली धौरहरा के गांव खनियापुर गढ़पुरवा निवासी पिकअप चालक सुरेश, हरीश, नयापुरवा मजरा हरदी गुदरिया निवासी सर्वेश, पिंकू, अशोक उर्फ छोटू, महाराज नगर निवासी जगदीश पुत्र सत्तू थाना खमरिया के गांव चहमलपुर निवासी राजू और थाना ईसानगर के गांव मुदिया निवासी नीरज को पिकअप समेत नौरंगाबाद मोड़ के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से कोतवाली सदर, थाना खीरी और थाना उचौलिया क्षेत्र में हुई दो दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने 72150 रुपये नगद, करीब चार लाख रुपये के सोने चांदी के गहने, तीन तमंचे और पिकअप से नकबजनी में प्रयुक्त किए जाने वाले सब्बल, पेचकस आदि औजार बरामद किए हैं।

इन घटनाओं का हुआ खुलासा

कोतवाली सदर

- 13 जून 24 को महेवागंज चौकी क्षेत्र के गांव ओदहराना निवासी प्रमोद कुमार वर्मा के घर हुई चोरी।
- 08 जून 24 को खंभारखेड़ा स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी।
- शहर के मोहल्ला निर्मलनगर निवासी त्रिपुरेश कात्यायिनी के बंद पड़े घर में 20 मई से 24 मई के बीच चोरी। पहली जून को रिपोर्ट दर्ज की गई।
- शहर के मोहल्ला दुर्बल आश्रम निवासी सुशीला गुप्ता के बंद पड़े घर में 6 मई से 10 मई के बीच चोरी। 14 जून को रिपोर्ट लिखी गई।
- 5 मार्च 24 को बेहजम के गांव अल्लीपुर निवासी सुशील कुमार का मोबाइल चोरी होने की घटना।

थाना खीरी

- 15 जून की रात गांव पहाड़ापुर निवासी परवेज खां के घर हुई चोरी।

थाना उचौलिया

- 18 मई को गांव नगरा निवासी राजाराम के घर हुई चोरी।

उम्मरपुर में लगा तीन दिवसीय ताजिया मेला

संवाददाता, रोशननगर

▸▸ क्षेत्र के कई गांवों के एकत्र हुए ताजिये एएसपी ने भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

अमृत विचार: कोतवाली मोहम्मदी की पुलिस चौकी मूड़ा निज़ाम के अंतर्गत रामपुर मदारी उम्मरपुर में मोहर्रम की 11वीं को चौकी प्रभारी ने 12 और 13 मोहर्रम के होने वाले मेले में विशेष तैयारियां कीं। सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही।

मेले में पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। ताजिया मेला में अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखने के लिए चौकी प्रभारी हिमांशु आनंद सिंह पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। यहां चठिया, करौंदा, औरंगाबाद, उम्मरपुर, मूड़ा निजाम, मझिगवां, लौकीखेड़ा, बहादुरापुर, बसखेड़ा, मुकुंदापुर, रामपुर मदारी आदि दर्जनों गांवों के ताजिये एकत्र किये गए। दूर दराज के अकीदतमंद ताजिये मेले मे पहुंचे, जिससे काफी भीड़ रही। उम्मरपुर ताजियों के मेले में छाता लगाकर लगातार भ्रमण कर रहे एडिशनल एसपी नैपाल सिंह, एसडीएम मोहम्मदी डॉ अवनीश कुमार, सीओ अरुण कुमार सिंह, कोतवाल चंद्रशेखर सिंह के साथ कई थानों की पुलिस फोर्स मौजूद है। जिससे तीन दिन लगने वाले मेले के चारों तरफ पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिख रही है।

उम्मरपुर में एकत्र ताजिये। अमृत विचार

महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, भानपुर/निघासन

अमृत विचार: भीरा थाना क्षेत्र के गांव लालू टांडा निवासी एक महिला की लखनऊ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवार वालों ने उसे दो दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर उसे भर्ती कराया था। उधर मायके वालों ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

गांव लालू टांडा निवासी शिवराज सिंह की पत्नी वंदना (28) की बीते शुक्रवार को तबीयत खराब हुई थी, जिस पर परिजन उसे पहले निजी अस्पताल, फिर जिला अस्पताल ले गए थे, लेकिन हालत में कोई सुधार न होने पर जिला अस्पताल के डॉक्टर ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। जहां करीब तीन दिन चले इलाज के बाद महिला ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के अंतिम संस्कार की चल रहीं तैयारियों को रुकवा दिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना निघासन के गांव चूराटांडा निवासी विवेक सिंह ने बताया कि उनकी बहन वंदना सिंह की 02 मई 2019 को लालू टांडा निवासी शिवराज सिंह के साथ हुई थी। प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

खोखे में लगी आग से युवक जिंदा जला, नहीं हो सकी पहचान

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : नगर में रेलवे स्टेशन रोड पर पुराने बस अड्डे के निकट एक नाई के खोखे में गुरुवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे खोखे के नीचे सो रहे एक युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर बिग्रेड की मदद से आग बुझाई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुराने बस अड्डे के पास हाल ही में एक नाई ने अपना खोखा रखा था। गुरुवार की आधी रात खोखे में किन्ही कारणों से भीषण आग लग गई। आग की उठी लपटों को देखकर लोगों ने उसकी सूचना पुलिस को दी। इस दौरान तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। इस हादसे में एक युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे में मारा गया युवक खोखे के नीचे लेटा हुआ था। पुलिस का मानना है कि आग एलटी लाइन के तार टूटने से लगी है, लेकिन बिजली विभाग के अफसरों को पुलिस की इस बात पर यकीन नहीं है। बिजली विभाग के एसडीओ मयंक चक्रवर्ती का कहना है कि ऊपर से एलटी लाइन टूटने की संभावना बहुत कम होती है। यदि आग नीचे से खोखे में लगी होगी। तभी तार टूट सकते हैं। विभाग इसकी जांच भी कर रहा है। उधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है, जिसे मोर्चरी में रखवा दिया गया है। उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

वन महोत्सव के अंतिम दिन सेमरई वेटलैंड में हुआ पौधरोपण

बिलहरी। अमृत विचार : महेशपुर वन क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में डिप्टी रेंजर सुरेंद्रपाल गौतम ने पंकज शुक्ला, अनुराग मिश्र, आलोक तिवारी के साथ सेमरई स्थित बेटलैड पर पहुचकर आम, पीपल, जामुन, गूलर, पाकड, बेल, सहजन, कदंब सहित छायादार और फलदार पौध का रोपण किया। डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा, मायाप्रकाश वर्मा, जगदीश वर्मा, शिवकुमार कश्यप, मोहम्मद उमर खान, वाचर रोहित, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

बारिश में सड़कें बनीं तालाब, परिजनों के कंधों पर बैठकर स्कूल पहुंच रहे बच्चे

स्कूल, दुकान, मकान और अधिकारियों के आवास तक पानी से घिरे

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिले में मानसून की बारिश ने एक बार फिर दस्तक दी। सुबह लगभग दो घंटे की हुई झमाझम बारिश से शहर की अधिकांश सड़कें तालाब में तब्दील हो गई। आलम यह था कि लोगों की दुकानों के अंदर नाली का गंदा पानी प्रवेश कर गया था, वहीं बारिश का पानी भर जाने से सड़क नजर नहीं आ रही थी। ऐसे में पूरे शहर में जाम की स्थिति देखने को मिली।

शहर के पॉश इलाका आवास विकास में भी जलभराव देखने को मिला, वहीं शहर के नघेटा रोड में घुटनों से ऊपर तक पानी सड़कों पर भरा हुआ था। रेलवे स्टेशन जाने वाला मार्ग भी जलमग्न था। बारिश से हुए जल भराव ने एक बार फिर सरकारी सिस्टम की पोल खोल दी है। बारिश में सबसे ज्यादा समस्या ट्रेन से आने और जाने वाले यात्रियों के साथ अगर किसी को उठानी पड़ती है तो वह स्कूल के छात्र-छात्राएं हैं। बता दें कि शहर में जल के निकासी के न होना का सबसे बड़ा कारण शहर में नालों की अच्छी सफाई न होना, अतिक्रमण, तालाबों का पट जाना शहर में जलभराव का एक प्रमुख कारण है। शहर में जल भराव से सबसे ज्यादा समस्या स्कूली छात्र-छात्राओं को होती है।

नघेटा रोड पर घुटनों तक भरा बरसाती पानी। अमृत विचार

शहर के नघेटा रोड पर नालों पर अतिक्रमण है नाले अपनी बदहाली के आंसू बहा रहे हैं वही नगर पालिका की ओर से नघेटा रोड के नालों की सफाई भी व्यापक तौर पर नहीं की जाती है। इसके चलते जरा सी बारिश में शहर की नघेटा रोड तालाब बन जाती है। इस रोड पर सेंट जेवियर्स, बाल विद्या भवन, आरआर इंटर कॉलेज जैसे बड़े और नामी स्कूल हैं जहां सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। बारिश में तालाब बनी सड़कों से इन बच्चों को निकलने में सबसे ज्यादा कठिनाइयां होती हैं। बच्चों के ड्रेस से लेकर जूते नाली के गंदे पानी में डूब जाते हैं वहीं कई बच्चे पानी में गिरकर चुटहील भी हो जाते हैं। शुक्रवार को सुबह बारिश ने एक बार फिर नघेटा रोड को तालाब में तब्दील कर दिया। नघेटा रोड पर भारी जाम की स्थिति देखने को मिली वही स्कूल के बच्चों को निकलने में सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

आरआर इंटर कॉलेज के छात्र नाली के गंदे पानी से होते हुए निकले, वहीं सेंट जेवियर स्कूल के बाहर तक पानी भर जाने से स्कूल से अपने मासूम बच्चों को लेने जाने वाले अभिभावकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्कूल के बाहर तक भर पानी में कुछ छोटे बच्चे अपने अभिभावकों के साथ नाली के गंदे पानी से होकर जाते देखे, जबकि कुछ बच्चों को उनके अभिभावक गोद में लेकर नाली के गंदे पानी से होकर निकलते नजर आए। सेंट जेवियर्स स्कूल के बाहर से एक नज़ारे ने सबको विचलित कर दिया। एक बुजुर्ग अपने पोते को अपने कंधे पर बैठ कर नाली के गंदे पानी से होते हुए स्कूल से घर ले जाते हुए नजर आए।

आवास विकास में स्कूल के बाहर बच्चे को गोद में उठाए परिजन। अमृत विचार

पानी में डूबा ईओ का आवास। अमृत विचार

एक नजर

दहेज के लिए ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप

सुरसा, हरदोई। जहरीला खाने से महिला की हालत बिगड़ गई। उसके भाई ने ससुरालीजनों की प्रताड़िता से आकर जहरीला पदार्थ खाने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम म्योनी निवासी राम बाबू ने बताया कि उसने बहन का विवाह पटना मजरा सथरा के राघवेंद्र से की थी। शादी के बाद से ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर बहन को आए दिन प्रताड़ित करते हैं। तंग आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया गया। रामबाबू ने ससुराली जनों पर कार्यवाही की मांग की है।

सांप के काटने से बिस्तर पर सो रही छात्रा की मौत

हरदोई। रात में सोते समय किशोरी को सांप ने काट लिया। छात्रा को घर वालों ने सीएचसी पहुंचाया। इलाज के बाद घर वाले उसे वापस घर ले आये। लेकिन घर पहुंचने पर फिर उसकी हालत बिगड़ गई। जहां से उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहीं उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। माधौगंज थाने के ज्यूरा निवासी रामचंद्र की 12 वर्षीय पुत्री प्रतिभा इण्टर कालेज में 7वीं की छात्रा थी। गुरुवार की रात वह बिस्तर पर सो रही थी। उसी बीच उसे सांप ने काट लिया। सीएचसी पर इलाज के बाद परिजन उसे घर लेकर चले गए। शुक्रवार की सुबह उसकी हालत बिगड़ गई, आनन-फानन में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव में दिखा मगरमच्छ

बावन हरदोई। गुरुवार की रात में अचानक से गांव में मगरमच्छ देखा गया। जिसे देखकर गांव में चीख पुकार मच गई। मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीण दहशत में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से उसके पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरु हुआ। भोर पहर तक चले रेस्क्यू के बाद भी मगरमच्छ को पकड़ा नही जा सका। लोनार थाने के कल्लन सराय गांव में गुरुवार की रात मनोज ने अपने घर के पास एक भारी-भरकम मगरमच्छ देखा। इसका पता होते ही ग्रामीण दहशत में आ गए। शोर शराबा सुनकर मगरमच्छ कहीं छिप गया। पूरी रात ग्रामीण और पुलिस इसको ढूंढती रही। गांव वालों का कहना है कि वन विभाग को कई बार कॉल की गयी लेकिन कोई नही पहुचा।

बालिका के साथ रेप के मामले में दोषी को 20 साल की कैद

हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद नसीम ने एक फैसले में बालिका के साथ रेप करने के मामले में अभियुक्त को जुर्म साबित होने पर 20 साल की कड़ी कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र शाहाबाद के हूंसेपुर लुकमान

निवासी नवीन उर्फ कलूटे ने 17 जुलाई 2020 को एक बालिका के साथ रेप किया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई।

कहा कि आरोपित ने घटना के दिन उसकी बालिका को बहला फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया। जहां पर उसके साथ जबरिया रेप किया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपित पर जुर्म साबित पाया और उसे 20 साल की कड़ी कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर आधी धनराशि पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है।

निर्माण कार्य का निरीक्षण करते अवर अभियंता गौरव शुक्ला।

मानक विहीन टीडीपी पिट का निर्माण होने पर निरस्त होगा ठेका

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। नगर पंचायत बेनीगंज में संचालित एमआरएफ सेन्टर के पड़ोस में निर्माणाधीन तीन टीडीपी वेट वेस्ट का अवर अभियंता ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें कमियां मिलने पर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी की गई। बताते चलें कि नगर पंचायत में तीन टीडीपी वेट वेस्ट का निर्माण कराया जा रहा है जिसका अवर अभियंता गौरव शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें आरसीसी पिलर टेढ़े व पिलिंग मे ईंट का प्रयोग न होने जैसी कमियां मिली, जिस पर अवर अभियंता ने ठेकेदार विकास सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर आगणन एवं मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने के लिए नोटिस जारी किया और साथ ही कार्य सही न होने पर ठेका निरस्त करने का लिखित आदेश भी दिया।

जबरन गर्भपात कराने का आरोप पुलिस ने क्लीनिक पर मारा छापा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। भ्रूण हत्या के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शाहाबाद के क्लीनिक और अस्पतालों में खुलेआम पैसा लेकर भ्रूण हत्या की जा रही है। शुक्रवार की शाम महिला थाना प्रभारी राम सुखारी ने पीड़ित महिला की शिकायत पर दिलेरगंज स्थित पूजा क्लीनिक पर छापेमारी की। बताया यह गया कि शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां निवासी पारूल पत्नी पूरन सिंह को 27 जून को उसकी बहन घर से जबरदस्ती मारपीट कर लाई थी और बेहोशी की हालत में पारुल का गर्भपात करा दिया। जब पारुल को होश आया तो वह दंग रह गयी। पारुल के अनुसार वह तीन माह की गर्भवती थी। पीड़ित पारुल ने महिला थाना हरदोई में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शुक्रवार की शाम 7 बजे महिला थाना प्रभारी पीड़ित महिला को लेकर दिलेर गंज स्थित पूजा क्लीनिक पर पहुंची और डॉक्टर पूजा गुप्ता से अबार्शन के बाबत पूछताछ की।

उत्तराखण्ड शासन
मिलता सेवा सुरक्षा

कांवड मेला - 2024

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

वाहनों हेतु यातायात डायवर्जन प्लान कांवड मेला-2024 हरिद्वार

सामान्य दिनों में हरिद्वार आने वाले वाहन-दिल्ली/मेरठ/मुजफ्फरनगर/मंगलौर से

- हरियाणा/पंजाब/हिमाचल प्रदेश/सहारनपुर/छुटमलपुर/देहरादून से
- देहरादून,ऋषिकेश से नेपाली तिराहा, रायवाला से
- नैनीताल,नजीबाबाद श्यामपुर से
- हरियाणा/पंजाब से नजीबाबाद/मुरादाबाद की और जाने वाले वाहन : मु. नगर बाईपास-बिलासपुर-नजीबाबाद/मुरादाबाद की और जायेंगे।

कांवड वाहनों का हरिद्वार आने का मार्ग

- दिल्ली-मेरठ-मु0 नगर से हरिद्वार आने वाले वाहन: मु0 नगर-मंगलौर-नगला इमरती-लण्ढौरा-लक्सर-एस.एम. तिराहा-बैरागी कैम्प पार्किंग
- दिल्ली से देहरादून/ऋषिकेश जाने वाले वाहन: रामपुर तिराहा-देवबन्द-छुटमलपुर-देहरादून/ऋषिकेश।
- यमुनानगर से हरिद्वार आने वाले वाहन: भगवानपुर-बिझौली-नगला इमरती-लक्सर-एस.एम. तिराहा-बैरागी पार्किंग।
- बैरागी कैम्प पार्किंग मे पार्क किये गये सभी प्रकार के वाहनों की निकासी: श्मशानघाट पुल-श्रीयंत्र पुल-बूढीमाता तिराहा-देशरक्षक-सिंहद्वार-सर्विस लेन एन.एच.-344
- मुरादाबाद/नजीबाबाद की और से आने वाले वाहन: चिड़ियापुर-4.2 तिरछा पुल-नीलधारा/गौरीशंकर पार्किंग
- देहरादून से ऋषिकेश से आने वाले वाहनों हेतु: नेपाली तिराहा-सप्तऋषि-लालजीवाला पार्किंग

रोडवेज वाहनो हेतु यातायात प्लान

- दिल्ली/मेरठ/हरियाणा/पंजाब की रोडवेज बसें ऋषिकुल पार्किंग में पार्क की जायेंगी।
- नैनीताल/मुरादाबाद/बिजनौर की ओर से आने वाली रोडवेज बसें नीलधारा/गौरीशंकर पार्किंग में पार्क की जायेंगी।
- देहरादून/ऋषिकेश पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली रोडवेज बसें मोचीचूर पार्किंग में पार्क की जायेंगी।

@DIPR_UK
#ExploreUttarakhand

कांवड यात्रा के दौरान क्या करें

- हरिद्वार आने वाले पैदल कांवड यात्री कांवड पटरी (नहर पटरी) का ही प्रयोग करें।
- कावंड यात्री अपना पहचान पत्र (डी.एल., आधार कार्ड) साथ अवश्य रखें
- अपना वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खडा करें अन्यथा एम.वी. एक्ट की कार्यवाही की जायेगी।
- उठाईगिरों/जेबकतरों से सावधान रहें।
- वाहन में बैठे कांवड यात्रियों की सूची एवं यात्रा विवरण अपने वाहन में अवश्य लगायें।
- निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, अन्यत्र स्नान करने पर दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है।

कांवड यात्रा के दौरान क्या न करें

- कांवड यात्रा के दौरान अपने साथ (हाकी, बेसबाल, स्टिक, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे आदि) लेकर न आयें।
- मादक द्रव्य पदार्थों (शराब, चरस, गांजा, सुल्फा) का सेवन न करें।
- कांवड यात्रा में चलने वाले जुगाड वाहन प्रयोग न करें।
- कांवड की ऊँचाई अधिकतम 7 फीट से ऊँची न रखें।
- कांवड यात्री रेल की छतों पर यात्रा न करें।
- पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें नहीं तो जान-माल का नुकसान हो सकता है।
- कांवड में डीजे/लाऊडस्पीकर आदि का प्रयोग न करें। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपाल करें।
- संदिग्ध/लावारिस वस्तु को न छुएं उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।
- किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही फैलायें।
- हरिद्वार में प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें।
- कांवड यात्रा के दौरान अपनी मोटर साईकिल का साईलेन्सर उतारकर न चलायें।

For more detail please
Scan QR Code

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

एक नजर

युवक ने पड़ोसी गांव पहुंच कर की आत्महत्या

हरदोई। खेती-बाड़ी करने वाले युवक ने पड़ोसी गांव में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घर वालों का कहना है कि वह अवसाद में चल रहा था। उसका आगरा से इलाज कराया जा रहा था। बेहटा गोकुल थाने के आंटदानपुर निवासी 24 वर्षीय शिव शरण पुत्र महंगे लाल खेती-बाड़ी करता था। गुरुवार की देर रात वह बिना कुछ बताए घर से चला गया। शुक्रवार की सुबह उसकी तलाश शुरू की गई। उसी बीच आंटदानपुरके मजरा जियाहा में उसका शव फांसी पर लटका देखा गया। चार भाइयों में एक बड़ा और दो उससे छोटे भाई है। परिवार में पत्नी सविता के अलावा उसकी एक बेटी है। परिजनों का कहना है कि शिव शरण की दिमागी हालत ठीक नहीं थी, लखनऊ से फायदा न होने पर आगरा से उसका इलाज चल रहा था। काफी इलाज कराने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ और उसने इस तरह आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मल्लावां, हरदोई। दहेज में बुलेट मोटर साइकिल न मिलने पर तीन तलाक देकर महिला को मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मल्लावां कोतवाली के मटियामऊ गांव निवासी शाहनाज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी चार वर्ष पूर्व गांव के जुबेर के साथ अपनी सामर्थ्य अनुसार दान दहेज देकर विवाह किया था। डेढ़ माह का एक बेटा भी है। अक्सर दहेज को लेकर पति जुबेर, सास मदसूदन, नंद शबनम, देवर सूफियान, जेठ सानू प्रताड़ित कर मारते पीटते थे। इसी बीच 17 जुलाई को उपरोक्त सभी लोग मारापीटा और कपड़े व जेवर लेकर जुबेर ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। पुलिस ने सभी लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

तकनीक में दक्ष युवा ही करेंगे देश का विकास

जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीएसएन कॉलेज में छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। तकनीक में दक्ष लोग ही देश को आगे ले जाएंगे। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने नगर के सीएसएन कालेज में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन के वितरण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त करने के लिए टैबलेट व स्मार्टफोन का वितरण कर रही है। टेबलेट और स्मार्टफोन के सहयोग से युवा डिजिटली स्मार्ट बन कर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संचार, अंतरिक्ष व विविध क्षेत्रों के आधुनिक ज्ञान व शोध से परिचित हो एक सशक्त समाज व देश का निर्माण करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि नई तकनीक के खतरे भी बहुत हैं इसलिए युवाओं को बहुत संभाल के इसका प्रयोग करना है । कार्यक्रम में आए अतिथियों का कॉलेज के प्राचार्य प्रो केके सिंह ने स्वागत किया। संचालन डॉ. दीपक कुमार राय व कार्यक्रम संयोजन डॉ. जितेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रो. पुष्पा रानी गंगवार, प्रोसाधना शुक्ला, सचिन सिंह, ईश्वरदीन, वीरपाल, डॉ शिवेंद्र सिंह, राकेश सिंह सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ. राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,अल्लीपुर में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण स्मार्ट फोन/टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत परास्नातक के छात्र-छात्राओं को टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में स्थित शहीद मेजर पंकज पांडे सभागार में किया गया।

सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के संस्थापक प्रबन्धक तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश' ने स्मार्टफोन प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ.एसएस त्रिवेदी , डॉ. शशिकांत पांडे ,डॉ. विवेक बाजपेई, पारुल गुप्ता, मेघा गुप्त आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद विशारद ने किया।

स्मार्टफोन लाभार्थियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

छात्रा को टैबलेट देते प्राचार्य डा. देशदीपक तिवारी। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज में ब्लॉक प्रमुख व प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए टैबलेट

हरदोई, अमृत विचार। गौराडांडा स्थित मेडिकल कालेज में ब्लॉक प्रमुख टड़ियावां रवि प्रकाश ने 52 पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि बदलते समय में दुनिया से जुड़ने के लिए व दुनियाभर की जानकारी प्राप्त करने के लिए नवीन तकनीक अत्यंत आवश्यक है। सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए संचार क्रांति से जोड़ रही है। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं को टेबलेट दिए जा रहे हैं, जिससे वह अपने ज्ञान को बढ़ा सकें और इस ज्ञान से वह देश व समाज की सेवा कर सकते हैं। प्राचार्य डा. देशदीपक तिवारी ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नए-नए प्रयोगों व तकनीकी की जानकारी मेडिकल छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही आवश्यक है। यह टेबलेट छात्र-छात्राओं को नवीन चिकित्सा तकनीकों से अवगत कराएंगे। इस मौके पर डीन पैरामेडिकल डा. अदिति गर्ग, खंड शिक्षा अधिकारी टड़ियावां अरुण कुमार, फार्मासिस्ट विजय तिवारी मौजूद रहे।

घूसखोरी में हेड कांस्टेबल गिरफ्तार, एसआई फरार

हरदोई, अमृत विचार। केस दर्ज करने के नाम पर एसआई और हेड कांस्टेबिल का रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमें में खलबली मच गई। मामले की जांच सीओ शाहाबाद को सौंपी गई है। वहीं एसपी ने दोनों रिश्वतखोरों को निलंबित कर दिया है। पाली पुलिस ने केस दर्ज कर हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार भी कर लिया है। रिश्वतखोर एसआई को फरार बताया गया है। पाली थाने में तैनात हेड कांस्टेबिल विश्वजीत सिंह ने केस दर्ज करने के नाम पर 12 हज़ार रुपये रिश्वत मांगी थी,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में वहीं तैनात एसआई ह्रदय राम यादव का नाम आया है। इस तरह का वीडियो वायरल होने से पुलिस महकमें में खलबली मची हुई है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने सीओ शाहाबाद को मामले की जांच सौंपी है,उसी बीच एसआई ह्रदय राम यादव और हेड कांस्टेबिल विश्वजीत सिंह के खिलाफ पाली थाने में केस दर्ज कर लिया गया है,उसके अलावा हेड कांस्टेबिल विश्वजीत सिंह को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

कांवड़ यात्रा के चलते किया गया रूट डायवर्जन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कांवड़ यात्रा के चलते पूरे सावन महीने कांवरियों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

जनपद सीतापुर व लखनऊ से मल्लावां जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश संडीला बस अड्डे के आगे तिराहे से कासिमपुर होते हुए बांगरमऊ उन्नाव जाएंगे। कन्नौज से मल्लावां से आने वाले भारी वाहन बांगरमऊ से कन्नौज की तरफ जाएंगे। मल्लावां से गौसगंज संडीला मार्ग पर भारी वाहन जाएंगे। सीतापुर से हरदोई आने वाले भारी वाहन मिश्रिख पिसावां रोड से चौकी कुतुबनगर थाना पिसावां की ओर जाएंगे। जनपद शाहजहांपुर से हरदोई आने वाले वाहन सेहरामऊ की तरफ से जनपद सीतापुर की ओर जाएंगे। लखनऊ -हरदोई मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यह व्यवस्था पूरे सावन माह शनिवार प्रातः आठ बजे से मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगी।

बाढ़ के कारण कांवड़ यात्रा मार्ग में किया गया बदलाव

हरदोई। बाढ़ के चलते शाहाबाद-पाली मार्ग पर आगमपुर पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण वाहनों का आवागमन पूर्णतया बंद है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सकाहा शिव मंदिर जाने वाले कांवरिये फर्रुखाबाद से रूपापुर, सवायजपुर, बावन होते हुए शहर के नुमाइश चौराहा, डीएम चौराहा मार्ग से कांवर चढ़ाने के लिए पहुंच सकेंगे।

पैदल गश्त करते एसपी नीरज जादौन व साथ में पुलिस बल। अमृत विचार

श्रावण मास से पहले एसपी ने सड़कों पर बहाया पसीना

हरदोई। सावन के महीने में कहीं पर कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए पुलिस नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार को नगर में सड़कों पर घंटों पसीना बहाया। नवागत एसपी ने सावन महीने में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इसी क्रम में उन्होंने नगर के कई संवेदनशील स्थानों व बाजारों में पैदल गश्त की। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए बातचीत की। एसपी की मुस्तैदी देख लोगों ने भी जगह-जगह उन्हें सहयोग का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से शांतिपूर्ण शासन की मंशानुरूप कानून का पालन करने की अपील की।

गोंडा में हुए रेल हादसे का हरदोई में पड़ा असर

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बीते गुरुवार को गोंडा में हुए रेल हादसे का असर हरदोई रेलवे स्टेशन पर भी देखने को मिला। हरदोई से गोंडा के रास्ते होते हुए जाने वाली पांच ट्रेनों को अप व डाउन में गुरुवार व शुक्रवार को मार्ग परिवर्तन कर दिया गया। गोंडा में हुए रेल हादसे के चलते हरदोई आने वाली तीन ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची जिसका असर रेल यात्रियों पर देखने को मिला।

गोंडा में चंडीगढ़ से चलकर डिब्रुगढ़ जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर जाने के चलते अप और डाउन ट्रैक पूरी तरह से बाधित हो गया था। राहत बचाव का कार्य जारी था जिसके चलते रेल प्रशासन ने गोंडा से होकर आने व जाने वाली ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन कर दिया। अचानक हुए इस परिवर्तन का असर रेल यात्रियों पर देखने को मिला।जिन रेल यात्रियों को हरदोई से होकर गोंडा गोरखपुर मनकापुर की यात्रा करनी थी उनको अपनी यात्रा निरस्त करनी पड़ी।

छह घंटे की देरी से पहुंची अवध असम ट्रेन

गोंडा में चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के डिरेल होने के बाद रेल प्रशासन ने हरदोई से होकर जाने वाली पांच ट्रेनों के मार्ग को परिवर्तित कर दिया। यह पाँच ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग के साथ संचालित हुई जिसका असर रेल यात्रियों पर देखने को मिला। गुरुवार को हुए हादसे के बाद शुक्रवार को भी इसका असर देखने को मिला एक और जहां गुरुवार को हुए हादसे के बाद हरदोई से होकर जाने वाली 15652 जम्मू तवी गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग लखनऊ अयोध्या कैंट अयोध्या धाम मनकापुर के रास्ते संचालित किया गया वहीं 15910 अवध आसाम को भी परिवर्तित मार्ग लखनऊ अयोध्या कैंट अयोध्या धाम मनकापुर के रास्ते संचालित हुई थी। गोंडा में हुए रेल हादसे का असर शुक्रवार को भी देखने को मिला। शुक्रवार को देहरादून से चलकर गोरखपुर जाने वाली 15006 राप्ती गंगा एक्सप्रेस के मार्ग को भी परिवर्तित किया गया यह ट्रेन लखनऊ अयोध्या कैंट अयोध्या धाम मनकापुर के रास्ते गोरखपुर के लिए संचालित की गई। राप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित होने से बाराबंकी गोंडा जाने वाली रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा, काठगोदाम से चलकर हावड़ा जाने वाली 13020 बाघ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग के साथ संचालित की गई यह ट्रेन लखनऊ बाराबंकी अयोध्या धाम मनकापुर के रास्ते संचालित की गई। गोंडा के रास्ते हरदोई आने वाली 12203 सहरसा अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बढ़नी गोंडा के रास्ते संचालित की गई मार्ग परिवर्तन होने के चलते यह ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह के 7 :35 से 4 घंटा 4 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची, हावड़ा से चलकर काठगोदाम जाने वाली 13019 बाग एक्सप्रेस का भी मार्ग परिवर्तित किया गया था यह ट्रेन भी बढ़नी गोंडा के रास्ते हरदोई पहुंची परिवर्तित मार्ग होने के चलते यह ट्रेन भी अपने निर्धारित समय रात के 2 :15 मिनट से 2 घंटा 48 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची, डिब्रूगढ़ से चलकर लालगढ़ जाने वाली 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस भी अपने परिवर्तित मार्ग मनकापुर अयोध्या कैंट बाराबंकी जंक्शन के रास्ते संचालित हुई मार्ग परिवर्तन के चलते यह ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह के 7 :30 से 6 घंटा 33 मिनट की देरी से हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेनों के डायवर्ट होने व घंटों की देरी से संचालित होने से हरदोई के रेल यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रेल यात्री लगातार अपने मोबाइल पर व पूछताछ काउंटर पर अपनी ट्रेनों से संबंधित जानकारी लेते नजर आए।

ससुर, साले व साढ़ू ने की थी युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। ससुराल आये युवक की हत्या का पुलिस ने करीब नौ महीने बाद खुलासा कर दिया है। पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचे युवक की हत्या उसके ससुर ने बेटे और दूसरे दामाद की मदद से गला घोंटकर की थी। नवागत तेज़ तर्रार एसपी नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर हरपालपुर पुलिस ने पिछले साल हुई इस हत्या का खुलासा किया है।

मामला हरपालपुर थाने के मलौथा का है। उसी थाने के अर्जुनपुर निवासी रामकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसके पुत्र दीपक की शादी मलौथा निवासी बटेश्वर की पुत्री मीना के साथ हुई थी। दीपक से उसके ससुरालजन आए दिन झगड़ते थे। उसी दौरान मीना मायके चली गई। उसके बाद साल 2023 में 12 नवंबर को दीपक पत्नी को विदा कराने ससुराल गया, लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। रामकुमार को शुरुआत से ही पुत्र के साथ अनहोनी की आशंका थी। घटना के करीब नौ महीने बाद अब जाकर हरपालपुर पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस ने जो पूछताछ की है उसके मुताबिक दीपक की उसके ससुर बटेश्वर, साले विपिन, शाहजहांपुर के कोयला गांव निवासी साढ़ू अनुराग ने उसकी गमछे से गला घोंट कर हत्या की और फिर उसका शव राजा उर्फ राघवेंद्र की बोलेरो से सवायजपुर से फर्रुखाबाद होते हुए कन्नौज ले जाया गया, जहां उसे गंगा नदी में फेंक दिया गया। हरपालपुर पुलिस ने दीपक की हत्या में आरोपी उसके साले विपिन, साढ़ू अनुराग और बोलेरो मालिक राजा उर्फ राघवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार चल रहे हत्यारोपी की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

पत्नी की मौत के बाद पति ने ट्रेन से कटकर दी जान

हरदोई, अमृत विचार। पत्नी की मौत के बाद से सदमे में जी रहा पति ट्रेन के आगे कूद पड़ा,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बुधवार को चांदमारी के पास हुआ था,शुक्रवार की सुबह तीसरे दिन जीआरपी थाने से शव की शिनाख्त होने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया गया। बुधवार को चांदमारी के पास एक 24 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली थी। लेकिन जीआरपी की कोशिशों के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। इधर कोतवाली शहर के धन्नूपुरवा निवासी ऋषिकांत के घर वाले उसे तलाश कर रहे थे। वह बुधवार की सुबह ससुराल चांद बेहटा में अपनी बेटी से मिलने के लिए घर से निकला था, उसके बाद से वापस नहीं लौटा। उसके भाई रमाकांत ने बताया कि जीआरपी थाने पहुंच कर उसे हादसे का पता चला और उसने शव की शिनाख्त की। रमाकांत के मुताबिक ऋषिकांत पानीपत में एक मोबाइल शॉप पर मैकेनिक की नौकरी करता था। अभी एक महीनें पहले ही घर आया हुआ था। हादसे से 22 दिन पहले उसकी पत्नी पूजा की मौत हो गई थी,मां की मौत के बाद बेहाल हुई उसकी बेटी को ननिहाल वाले अपने साथ लिए गए थे। पत्नी की मौत के बाद से ऋषिकांत सदमें में रहने लगा था।

गलियारे में पड़े तारों से लगा करंट , युवक की मौत

हरदोई, अमृत विचार। घरेलू सौदा खरीदने जा रहा युवक को गलियारे में पड़े बिजली के तारों की चपेट में आने से करंट लग गया, जिसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया,वहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। हरपालपुर थाने के शेखपुर निवासी रंजीत (35) पेशे से राजमिस्त्री था। गुरुवार की शाम को वह कुछ सौदा खरीदने के लिए गांव में परचून की दुकान पर जा रहा था, उसी दौरान वहीं के दिनेश के मकान के सामने गलियारे में बिजली के तार पड़े हुए थे, जिससे वह उसी की चपेट में आ गया। उसके परिवार में पत्नी नन्ही देवी के अलावा दो बेटे अमन, विवेक व दो बेटियां मोहिनी और कुंती हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

नवनिर्वाचित सांसद के आगमन पर हुआ स्वागत

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। सपा के प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद एसपी सिंह का उनके गृह जनपद पहुंचते ही मल्लावां में सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू के कार्यालय पर स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रत्याशी कोई भी हो 2022 वाली गलती 2027 में नहीं करनी है। शुक्रवार को अपने गृह जनपद पहली बार पहुंच रहे प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद श्री सिंह का सपा नेता श्री वर्मा के कार्यालय पर स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सपा नेता बृजेश वर्मा टिल्लू ने बुक देकर सम्मान किया। सांसद ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा सरकार में भविष्य नहीं है तभी उन्होंने समाजवादी पार्टी को 37 सीट देकर देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनाने में सहयोग किया। ज़ब महंगाई, बेरोजगारी, रोजगार की बात होती है तो भाजपा वाले हिंदुस्तान,पाकिस्तान और चीन की बात करते हैं। पांच किलो राशन देकर सबका ध्यान भटका कर अपने चहेते उद्योगपतियों को ही बढ़ाने का काम भाजपा कर रही है।

पौधरोपण के चलते आज नहीं होगा समाधान दिवस

हरदोई। बावन गौशाला और ब्लॉक परिसर में 20 जुलाई को वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह आठ बजे प्रारंभ होगा। इसके चलते शनिवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस अब सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

नगर विकास राज्यमंत्री का आगमन आज

हरदोई, अमृत विचार। नगर विकास, शहरी समग्र विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर शनिवार को जिले में आएंगे। वह शाम छह बजे निरीक्षण भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। सवा सात बजे नार्मल स्कूल स्थित मां स्वीट हाउस पर अनिल राठौर मुन्ना से शिष्टाचार भेंट करेंगे। तत्पश्चात सीतापुर के लिए रवाना होंगे।

नाबालिग को गर्भवती कर युवक ने शादी से किया इन्कार

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में प्रेम प्रसंग के दौरान शारीरिक सम्बन्ध बनाने से नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई, जिसका पता चलने पर नाबालिग के परिजन उसी गांव निवासी युवक के घर उलाहना देने पहुंचे जिसपर युवक के परिजनों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की, जिसके बाद युवक ने शादी से मना कर दिया, पीड़ित नाबालिग के परिजनों ने बेनीगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पोस्टमार्टम हाउस में सांप देख कुर्सी छोड़कर भागे डॉक्टर

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। पोस्टमार्टम हाउस के अंदर शवों का पोस्टमार्टम हो रहा था, उसी बीच वहां सांप देखा गया। उसे देखते ही डाक्टर और फार्मासिस्ट अपनी-अपनी कुर्सी छोड़ कर बाहर की तरफ भाग खड़े हुए। साथ ही वहां का समूचा स्टाफ और शवों के साथ आए उनके घर वाले हो, सड़क पर खड़े हो गए। उसी बीच वहां जमा हुई भीड़ ने सर्प को पीटकर मार डाला। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस में शवों का पोस्टमार्टम हो रहा था,उसी वहां काले रंग का सांप दिखाई दिया। उसे देख कर वहां काम कर रहे सारे कर्मियों के हाथ कांपने लगे और उनमें भगदड़ मच गई। डाक्टर, फार्मासिस्ट के साथ वहां का सारा स्टाफ बाहर निकल कर सड़क पर खड़ा हो गया।

बाइकर्स गैंग ने छात्र से छीना मोबाइल

संवाददाता, महोली, सीतापुर

अमृत विचार। लाइब्रेरी से पढ़ाई कर साइकिल से घर लौट रहे छात्र को बाइकसवार दो लोगों ने पता पूछने के बहाने रोक लिया और छात्र का मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पीड़ित छात्र ने घटना की जानकारी चौकी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने टरका दिया। शुक्रवार को छात्र तहरीर व मोबाइल का बिल लेकर कोतवाली पहुंचा, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

महोली कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव के दक्षिण सिंघौड़ा गांव निवासी आकर्षित सिंह पुत्र ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि वह कृषक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे वह लाइब्रेरी से पढ़ाई कर साइकिल से घर लौट रहा था। पीछे से आ रही एक बाइक पर सवार दो लोगों ने ओवरटेक कर उसे रोका। पता पूछने के बहाने एक युवक उतरा और उसकी जेब में रखा मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। आकर्षित काटरगंज पुलिस चौकी पहुंचा और चौकी प्रभारी मनोज सिंह को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने छात्र को यह कहकर टरका दिया कि बदमाशों ने सिम बंद कर दिया है। शुक्रवार को छात्र तहरीर और मोबाइल का बिल लेकर चौकी पर पहुंचा तो पुलिस गुमराह करने लगी। प्रभारी निरीक्षक महोली विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। चौकी प्रभारी से बात करने के बाद ही कुछ बता सकता हूं।

घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी

संवाददाता, महोली/सीतापुर

अमृत विचार। कोतवाली इलाके में दबंग युवक ने घर में घुसकर एक किशोरी से छेड़छाड़ की। किशोरी के चीखने पर युवक मौके से भागकर अपने करीबी के घर में घुस गया। पीड़ित परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को हिरासत में ले लिया। युवक की दबंगई के चलते पीड़ित परिवार ने अभी तक केस दर्ज नहीं करा सका है।

मामला राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के किनारे बसे एक गांव का है। यहां पीड़ित परिवार के मुखिया ने बताया कि वह गांव में मजदूरी करता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे उसकी बेटी पड़ोस के घर में किसी काम से गई। इस दौरान गजपतीपुर गांव निवासी वाहिद पीछे से घर में घुस आया और अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। आरोप है कि वाहिद आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और नहर के किनारे मोटर साइकिल स्पेयर पार्ट की दुकान करता है। बुरी नीयत से घर में घुसे वाहिद को दरवाजा बंद करते देख किशोरी ने शोर मचाया। इस परपड़ोस की महिलाएं घर के बाहर आ गईं। वाहिद दरवाजा खोलकर भागा तो भीड़ ने दौड़ा लिया। भीड़ से बचने के लिए वाहिद दोस्त के घर में घुस गया। सूचना पर मौके पर आई पुलिस युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। प्रभारी निरीक्षक महोली विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि इस संबंध में अभी तक तहरीर नहीं मिली है। पीड़ित और आरोपी का शायद आपस में सुलह-समझौता कर रहे हैं।

कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी ने सिधौली विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं का किया अभिनंदन, मुख्य अतिथि के रूप में अवध प्रांत के क्षेत्रीय महामंत्री रहे मौजूद

मतदाताओं के फैसले का सदैव सम्मान करती है भाजपा : विजय प्रताप

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में सिधौली विधानसभा में शुक्रवार को मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री अवध प्रांत विजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। कार्यक्रम में सिधौली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का भाजपा नेताओं ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि की। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों ने मतदाताओं को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र के मूल्यों पर विश्वास करने वाली पार्टी है। इसी कारण भारतीय जनता पार्टी में मतदाताओं का हित सुरक्षित है। भाजपा मतदाताओं के फैसले को सिर माथे पर लेती है और उनके फैसले का सदैव सम्मान करती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भाजपा जन्म से ही भारत के उन्नत निर्माण के लिए प्रयासरत है। जब भी हमें मौका मिला हमने भारत के धार्मिक सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्थान के लिए बड़े कार्य किये। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल रहा हो या वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल। भाजपा ने मतदाताओं एवं भारत के संविधान के सम्मान को आधार मानकर ही भारत माता की सेवा की है। कभी भी मात्र शासन प्राप्ति के लिए भाजपा सरकार का निर्माण नहीं चाहती।

जिला अध्यक्ष ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं केबारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी अतिथियों एवं मतदाताओं का आभार भी जताया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने भाजपा में मतदाताओं के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला और किस तरह भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रत्येक भारतीय मतदाता के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, इस पर विचार रखे।

सिधौली विधायक मनीष रावत ने आए हुए मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाता के सम्मान के कार्य में लगा हुआ है जिससे देश के लोकतंत्र की खूबसूरती और निखर रही है। हमारे नेता व कार्यकर्ता जहां मतदाताओं का आशीर्वाद पाने में कामयाब हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता मुनींद्र अवस्थी, गंगाराम राजपूत सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते सिधौली विधायक व जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

एक नजर

चोरी की दो बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक होटल के बाहर से चोरों ने बाइक चोरी कर ली। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नैमिषारण्य पुलिस जांच कर रही थी। राजघाट पर नैमिषारण्य चौकी प्रभारी निर्मल तिवारी को कुछ संदिग्ध लोग होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उनका नाम पता पूछा तो दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने अपना नाम आकाश पटेल एवं अनुभव पटेल निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना मल्लावां का निवासी बताया। पुलिस को उनके पास से होटल से चोरी की गयी बाइक एवं एक अन्य बाइक बरामद हुई।

22 को सिधौली में शिकायतें सुनेंगे डीएम

सीतापुर, अमृत विचार। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस माह के तृतीय शनिवार 20 जुलाई के स्थान पर सोमवार (22 जुलाई) को प्रत्येक तहसील में आयोजित किया जाएगा। डीएम की अध्यक्षता में तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रस्तावित है। यह जानकारी एडीएम (न्यायिक) प्रभारी अधिकारी परिवाद ने दी।

मेड़ के विवाद में दबंगों ने की मारपीट

सकरन, सीतापुर, अमृत विचार। मेड़ के विवाद में दबंगों ने एक व्यक्ति की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। सकरन के कटइयापुरवा मजरा उमराखुर्द गांव निवासी रमेश व पुत्तू का खेत की मेड़ को लेकर विवाद चल रहा है। गुरुवार की शाम रमेश मेड़ सही करने गया था। जहां मौजूद पुत्तू, रामप्रसाद, शिवपाल, मोहन, केशव, देशराज, सुनील, अंकित रमेश की पिटाई कर दी।

पौधरोपण अभियान की सफलता में जुटें अधिकारी : आबकारी आयुक्त

जिले को मिला है 74,86,860 पौधे रोपने का लक्ष्य, वृहद पौधरोपण अभियान आज

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। नोडल अधिकारी डॉ. आदर्श सिंह (आबकारी आयुक्त) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पौधरोपण अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन ने प्रदेश में पौधरोपण का संशोधित लक्ष्य 36.50 करोड़ निर्धारित किया है। यह सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस वर्ष सीतापुर में वन विभाग व अन्य विभागों सहित कुल 74,86,860 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नोडल अधिकारी ने 20 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण तैयारी के साथ अभियान सकुशल सम्पन्न कराया जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी लापरवाही नहीं करेगा। सभी पूरी ईमानदारी के साथ इस मुहिम को सफल बनाएंगे। सभी अधिकारी संबंधित क्षेत्रों में रहकर पौधरोपण के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जनपद स्तर पर की गयी तैयारियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अभियान को व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान आयोजित कराया जायेगा और एक पेड़ मां के नाम तथा पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 की थीम के साथ वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। बैठक के मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सभागार में तैयारियों की समीक्षा करते नोडल अधिकारी डॉ. आदर्श सिंह।

पौध भंडारे का किया गया आयोजन, लोगों को वितरित किये गये पौधे

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। संत सूरज बाबू महाविद्याल में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एक व्यक्ति एक वृक्ष योजना के तहत शुक्रवार को पौध भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग ने परिसर में पौधरोपण के साथ छात्र-छात्राओं को पौध बांटे गये। कार्यक्रम के दौरान मौजूद वन दरोगा राहुल यादव ने बताया वृक्षारोपण एवं पौधे वितरण का उद्देश्य तापमान को कम करना और वायु प्रदूषण व धूल के प्रभावों को कम करना है। उन्होंने कहा पेड़ हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष जीवन प्रदान करता है क्योंकि ये आक्सीजन उत्पादन व बारिश का स्रोत है। प्रकृति की तरफ से धरती पर मानवता को दिया गया ये सबसे अनमोल उपहार है जिसका हमें आभारी होना चाहिये तथा इसको सम्मान देने के साथ ही मानवता की भलाई के लिये संरक्षित करना चाहिये। वन दरोगा विनीत सक्सेना ने बतया कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। पर्यावरण को हरा भरा रखने की मुहिम के तहत आम, आंवला, नींबू, अमरूद, कटहल, के 65 पौधे रोपित कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया और 521 नि:शुल्क पौधे वितरित किए गए। एक पेड़, मां के नाम अभियान में शामिल होकर लोगों से पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और साथ ही उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। लोगों को शपथ दिलाई गई कि वे पौधों की देखभाल करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यलय के संरक्षक अशोक सिंह, प्रबंधक देवेश सिंह, प्रधानाध्यापक आनंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

पौध भंडारे के आयोजन में मौजूद वन विभाग की टीम व छात्र-छात्राएं।

नदी में बहता मिला महिला का शव

पैंतेपुर सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली महमूदाबाद की चौकी पैंतेपुर के पास शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात महिला बहती दिखी। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली महमूदाबाद की चौकी पैंतेपुर के पास बह रही शारदा सहायक नहर के मुबारकपुर पुल पर शुक्रवार करीब चार बजे शाम को एक महिला बहती हुई नजर आई। जिसके बाद जानवर चरा रहे युवकों ने उसे बचाने के लिए नहर मे छलांग लगा दी और महिला को बाहर निकाला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुंचाया, जहां अज्ञात महिला को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

किवानी में डूबी महिला का चौथे दिन भी नहीं चला पता

संवाददाता, सांडा, सीतापुर,

अमृत विचार। किवानी नदी में डूबी महिला का चौथे दिन शुक्रवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के पटना गांव के निवासी कामता निषाद की 20 वर्षीया विवाहिता पुत्री सुमन दो माह पूर्व अपने मायके आई थी। बीते मंगलवार को सुमन अपनी छोटी बहन रजनी के साथ शौच के लिए गांव के पास होकर बहने वाली किवानी नदी की ओर गई थी।

बाढ़ के पानी से उफनाई किवानी नदी में पानी भरते समय सुमन फिसल कर नदी के गहरे पानी में डूब गई थी। सूचना पाकर बिसवां कोतवाली की पुलिस के साथ एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर महिला की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया था। रेस्क्यू टीम ने सूर्यास्त के बाद नदी में महिला की खोज का काम बंद करते हुए कहा था कि अगले दिन फिर से महिला की खोज की जाएगी, लेकिन अगले दिन एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

युवती के परिजन अभी भी उसकी खोजबीन में लगे हुए हैं। वहीं इंस्पेक्टर बिसवां तेज प्रताप सिंह ने बताया कि काफी प्रयास के बाद भी नदी में डूबी युवती का कोई पता नहीं चल सका है।

दुकान में आग से लाखों की क्षति

संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर

अमृत विचार। कमलापुर के जलालपुर कस्बे में गुरुवार देर रात अज्ञात कारणों की वजह से आयुष इलेक्ट्रॉनिक एंड मोबाइल शॉप में आग लग गई। आग की लपटें दुकान के बाहर भी आने लगी। उसी दौरान कस्बे में गश्त कर रही पुलिस ने आग देखकर फौरन फायर ब्रिगेड व दुकान मालिक को सूचना दी।

सूचना मिलने पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर मोर्चा संभाला और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी, दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख में तब्दील हो चुका था। दुकान मालिक विक्रम लाल ने बताया दुकान में करीब 20 लाख रुपए का सामान था। रोजाना की तरह आठ बजे दुकान बंद करके घर चले जाते थे। बीती रात लगभग 1.30 बजे पुलिस जब घर यह बताने आई कि दुकान में आग लग गई। मैं दुकान पर पहुंचा और देखा सब कुछ जलकर राख हो चुका है, आग किस तरह लगी पता नही, लेकिन काफी नुकसान हो गया है।

आग से जलकर राख हुई मोबाइल की दुकान। अमृत विचार

निर्माणाधीन परियोजनाओं में शीघ्र दें बिजली कनेक्शन

डीएम का निर्देश

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख रुपए से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गुणवत्ता की जांच से संबंधित समस्त लम्बित आख्या एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उनके कार्यों को समय से पूर्ण किए जाने हेतु उनके स्तर से पत्र प्रेषित कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन निर्माणाधीन परियोजनाओं में विद्युत कनेक्शन का कार्य अभी तक नहीं हुआ है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन का कार्य कराया जाए। संबंधित विभाग व्यय राशि के सापेक्ष समय से उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित करें। उन्होंने पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा अलग से सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक कराए जाने हेतु निर्देश दिए, जिससे परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराया जा सके। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का अवश्य पालन किया जाए। धीमी प्रगति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगति में सुधार के निर्देश दिये। बैठक के दौरान सीडीओ निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम आसरे सिंह आदि मौजूद थे।

निर्धारित समय में पूरे किये जायें निर्माणाधीन कार्य

सीतापुर, अमृत विचार। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 प्रथम त्रैमासिक माह जून की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने संसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष निर्माणाधीन कार्यों की माह जून 2024 तक की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में धन आवंटित हो गया है, उनमें कार्य समय से कराते हुए उपभोग प्रमाण-पत्र प्रेषित कराया जाये तथा आवश्यक किश्त की मांग समय से कर ली जाये। किश्त की मांग करते समय समस्त अभिलेख नियमानुसार प्रेषित कराये जायें। कार्यों के सत्यापनोपरान्त पायी गयी कमियों को तत्काल सही कराया जाना सुनिश्चित कराया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम आसरे सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मदिरा के अवैध निर्माण पर लगाएं रोक : सिंह

निर्देश

- आबकारी आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक
- राजस्व लक्ष्य समय से पूरा करने का प्रयास करें अधिकारी

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने आबकारी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगायी जाये। राजस्व लक्ष्यों को समय से पूरा किये जाने के निर्देश भी आयुक्त आबकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि समय से उठान सुनिश्चित किया जाये। दुकानों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश उन्होंने दिये। आबकारी आयुक्त ने कहा कि ओवर प्राइजिंग एवं मिलावट कदापि न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को सुधार के निर्देश भी दिये। बैठक के डीएम अभिषेक आनंद, सीडीओ निधि बंसल सहित आबकारी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

सार-संक्षेप

सोकफिट व गोट सेट के नाम पर निकाली धनराशि

सकरन, सीतापुर, अमृत विचार। बगैर निर्माण कराये ही सोकफिट व गोट सेट के नाम पर मोटी धनराशि निकाल ली गयी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने डीएम से पत्र देकर की है। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत कल्ली के ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी व सीडीओ को दिए गये शिकायती पत्र में आरोप है कि ग्राम पंचायत में सोकफिट व गोट सेट निर्माण के नाम पर करीब 10 लाख की रकम फर्जी तरीके निकाल ली गयी ग्राम पंचायत में रूपरानी, शिवरानी, जगरानी, मईकिन, सुखदेई, चन्द्ररानी, पराना के सोकफिट निर्माण कराये दर्शाकर 9-9-2022 को प्रधान जमाल अहमद द्वारा फर्जी भुगतान करा लिया गया इसके अलावा ग्राम पंचायत में फुलझारा, शिवरानी, कमला, फातिमा, श्यामा, हलीमा, फातिमा, रीता आदि के गोट सेट निर्माण के नाम पर 31-7-2023 को भुगतान करा लिया गया जब कि उक्त लोगों के न तो सोकफिट बनवाये गये और न ही गोट सेटों का निर्माण करवाया गया ग्रामीण रामभूखन, शिवबालक, रामसागर, श्रीराम आदि ने मामले में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराये जाने की मांग की है। इस सम्बंध में जब खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार से बात की गयी तो उन्होने बताया कि मामला जानकारी में नही है। इसकी जांच करवायी जायेगी।

घर में सेंध लगाकर चोरों ने जेवर व नकदी उड़ायी

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। गुरुवार की देर रात चोर एक घर में सेंध लगाकर आठ हजार की नकेदी व सोने चांदी के जेवर सहित हजारों का अन्य सामान चोरी कर ले गए। गृहस्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। गुरुवार की देर रात थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के रामविलास पुरवा गांव के रहने वाले चंद्रिका प्रसाद पुत्र प्रभु के घर के पिछले हिस्से में चोरों ने नकब लगा दी और अंदर प्रवेश कर गये। घर के सभी सदस्य सो रहे थे। चोर आठ हजार की नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर, बर्तन व अन्य जरूरी सामान उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खेत में खुला पड़ा बक्सा। अमृत विचार

नाले में जलकुंभी में फंसा मिला अज्ञात अधेड़ का शव

रामपुर मथुरा सीतापुर, अमृत विचार। घाघरा नदी के किनारे स्थित कलुआपुर गांव की सीमा में अज्ञात शव बरामद हुआ। थाना क्षेत्र के कलुआ पुर ग्राम पंचायत में घाघरा नदी के किनारे चहलारी घाट से रामनगर के बीच बने बांध के कलुआपुर प्राथमिक विद्यालय से उत्तर लगभग 50 मीटर दूर उत्तर नाले में जलकुंभी के बीच ग्रामीणों ने एक शव फंसा देखा जो कि ग्रामीणों के अनुसार घाघरा नदी से बहकर आया होगा। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान के जरिया पुलिस को दी गई पुलिस ने शव को र मर्चुरी में रखवा दिया है और शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ब्लॉक के चक्कर काट रहा पिता

सकरन, सीतापुर, अमृत विचार। तीन माह से अपने मृत बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक लाचार पिता ब्लाक के चक्कर काट रहा है। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत लहसड़ा निवासी रामगोपाल द्विवेदी के 24 वर्षीय पुत्र शिवम का शव 24 अप्रैल को सकरन थाना क्षेत्र के मनिकौडा में मिला था। जिसमे के पिता ने गांव के ही पांच लोगों के विरूद्ध थाने पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसके बाद मृतक के पिता को शिवम के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ गयी तो वह मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लाक गया। जहां वह तीन माह से लगातार पंचायत सचिव के आफिस के चक्कर लगा रहा है। उसके बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन सका है। रामगोपाल का आरोप है कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चक्कर कटवाया जा रहा है। सचिव प्रमाण पत्र नही बना रहे हैं। रामगोपाल ने मामले की शिकायत एसडीएम से की है।

हिट एंड रन के मामलों का समय से करें निस्तारण

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हिट एंड रन दुर्घटना पीड़ितों के दावों के निपटान के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी मामलों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रेषित की जाए। बैठक के दौरान हिट एंड रन के पांच प्रकरणों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने शासनादेश के प्रावधानों के विषय में समिति के सदस्यों को जानकारी प्रदान करते हुए प्रकरण प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन के मामलों में मृतक को रुपए 2 लाख एवं घायल को 50 हजार की सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई, नामित सदस्य शोभित टंडन सहित संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

लहरपुर में भारी बारिश से हुआ जलभराव

बरसे बदरा

- पालिका ने पंपिंग सेट के जरिये निकलवाया पानी

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। शुक्रवार को भारी बारिश के चलते नगर के कई वार्डों में बरसात का पानी भर जाने से आवागमन बंद हो गया। वहीं लोगों के घरों तक में भी पानी घुस गया। जिससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को हुई तेज बारिश से लोखरियापुर, कटरा, बसैहिया टोला, छावनी में जलनिकासी न हो पाने से घरों सहित सड़कों पर भी पानी भर गया। जिससे राहगीरों को निकलने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं स्थानीय विकासखंड के समक्ष कालोनी में भी जलभराव हो जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर में जलभराव की सूचना पर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, ईओ अनिरुद्ध कुमार पटेल व उनकी टीम ने विभिन्न स्थानों पर पम्पिंग सेट लगाकर जल निकासी की व्यवस्था करायी। ईओ ने बताया कि भारी बारिश के चलते पानी जमा हो जाने से कुछ मोहल्लों में जल भराव हो गया था। जिसे पम्पिंग सेट से तुरंत निकलवाया गया।

शुक्रवार को तेज बरसात के कारण कस्बे के एक वार्ड में हुआ जलभराव। अमृत विचार

बोर्ड बैठक | बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पारित हुआ बजट

39.59 करोड़ के बजट से होगा खैराबाद नगर का विकास

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद खैराबाद की बोर्ड बैठक सभासदों और नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सड़क, नाली निर्माण, प्रकाश, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यों के लिए करोड़ों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष के लिए 39 करोड़ 59 लाख का बजट सर्वसम्मति से बोर्ड द्वारा पारित किया गया।

नगर पालिका परिषद खैराबाद की बोर्ड की विशेष बैठक नपा अध्यक्ष बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें नगर के विकास के परिप्रेक्ष्य में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 39 करोड़ 59 लाख का बजट सर्वसम्मति से बोर्ड द्वारा पारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में नगर की आधारभूत संरचना, सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, जलनिकासी, साफ-सफाई एवं रोजगार सृजन हेतु व्यवस्थायें की गई है। जिससे की नगर चतुर्दिक विकास सम्भव हो सके, साथ ही बजट में सृजनात्मक कार्यो पर भी बल दिया गया। बोर्ड द्वारा नगर की आय बढ़ाने के लिए भी बैठक में बल दिया गया एवं आय बढाने के साधनों के साथ-साथ उससे सम्बन्धित निमावलियां भी बनाने हेतु पास की गयी तथा अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को प्रस्ताव के अनुरूप कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया। नपा अध्यक्ष द्वारा नगर के विकास में सहयोग एवं साथ-साथ चलने के लिए वार्ड सभासदों का आभार प्रकट किया। तत्पश्चात बोर्ड की बैठक समाप्त हुई। बोर्ड बैठक में सभासद विष्णु कुमार, हबीब, मुन्नी, युसुफ खॉ, उमेश, शबेनाज, सुनील, फरजन्द अली, रोशन जहॉ, महरून निशा व प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं नदीम सहित लिपिक मौजूद रहें।

बोर्ड बैठक के दौरान नगर पालिका खैराबाद में मौजूद नपा अध्यक्ष बेबी गुप्ता व सभासद। अमृत विचार

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
पता : लाल कुआँ, मेन रोड (हुसैन गंज) लखनऊ
हर बुधवार सीतापुर में रोडवेज बस अड्डा के पास

अनियंत्रित डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, भाभी की मौत, देवर घायल

पुलिस ने घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली।

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के जगतपुर-डलमऊ रोड पर लक्ष्मणपुर ब्लॉक के पास अनियंत्रित डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठी महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं, चालक घायल हो गया। पुलिस द्वारा घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

शुक्रवार को अनीता पत्नी बनवारी लाल (35) बाइक से अपने मायके अलीगंज डिहवा थाना जगतपुर से अपने देवर अरविंद के साथ ससुराल शेरगंज थाना भदोखर जा रही थी। तभी लक्ष्मणपुर ब्लॉक मोड़ के पास अनियंत्रित डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठी महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं, मृतका का देवर अरविंद घायल हो गया। पुलिस द्वारा घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। डंपर को पकड़ लिया गया। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा

दबंगों के हमले में ट्रैक्टर चालक घायल, दी तहरीर

संवाददाता, सलोन, रायबरेली।

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत तरकोलवा मजरे बघौला गांव में गुरुवार देर रात दबंगों ने खेत की जुताई करके वापस घर लौट रहे ट्रैक्टर चालक को घेर कर उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी डंडे से पीटकर युवक को अधमरा कर दिया।

जब युवक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा तो उसके ऊपर फावड़े से हमला किया गया और उससे ट्रैक्टर की चाभी व मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित जब घायल अवस्था में सूची चौकी पहुंचा तो उससे पैसे की मांग की गई।

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। तरकोलवा मजरे बघौला गांव निवासी धर्मेश कुमार पुत्र सुंदर लाल ने बताया की गुरुवार देर रात वह खेत की जुताई करके घर लौट रहा था। रास्ते में पहले से

हमले में घायल ट्रैक्टर चालक।

घात लगाए बैठे विपक्षी रंजीत, खेलावन, अमरजीत, परमेन्द्र व उनके रिश्तेदारों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। फावड़े से एक के बाद एक कई वार किए, जिससे युवक का सिर फट गया। खून से लथपथ युवक जमीन पर गिर गया जिसके बाद विपक्षियों ने लाठी डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद ट्रैक्टर की चाभी और जेब में रखा मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है की तहरीर मिली है। घायलों का मेडिकल कराकर आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

पत्नी ने की खुदकुशी पति को भेजा जेल

राही, रायबरेली, अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के मझेटिया मजरे कचौंदा मोहद्दीनपुर गांव में एक नवविवाहिता ने पारिवारिक कलह से तंग आकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की देर शाम नवविवाहिता नीलम (22) पत्नी रामबाबू ने घर सूना पाकर कमरे के अंदर पंखे की कुंडी से साड़ी के सहारे लटक कर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतका के पिता चंदन सिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बेटी का पति आए दिन उसे प्रताड़ित किया करता था जिससे परेशान होकर बेटी ने खुदकुशी कर ली। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि मृतका के पिता चंदन सिंह की तहरीर पर पति रामबाबू, त्रिभुवन, विजय व एक अज्ञात सहित कुल चार पर मुकदमा दर्ज कर पति रामबाबू को जेल भेजा गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। तीन माह पहले हुई थी नीलम की शादी रामबाबू की शादी उन्नाव जनपद के विहार थाना क्षेत्र के गुलरिया मजरे मल उना निवासी नीलम पुत्री चंदन सिंह संग 22 अप्रैल को बड़े धूमधाम से हुई थी।

संदिग्ध हालात में झाड़ियों में मिला युवक का शव

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। संदिग्ध परिस्थितियो में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। वहीं मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम व कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई। मौके से एविल के इंजेक्शन, सिरिंज व पानी की बोतल भी बरामद हुई है। शुक्रवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड स्थित तिवारी ब्रिक फील्ड के पास स्थित बालाजी पब्लिक स्कूल के सामने झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। निजी स्कूल के प्रबंधक की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी।

पुलिस की शिनाख्त में मृतक युवक की पहचान शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे दरियावगंज निवासी राजू पासी पुत्र रामराज के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक राजू नशे की लत का आदी था। पुलिस ने शव की पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया नशे की ओवरडोज से युवक की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : अंजूरानी वर्मा

खीरों कस्बा के न्यू सरस्वती ज्ञान मंदिर गर्ल्स इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते बच्चे, बीडीओ डॉ अंजूरानी वर्मा, प्रबंधक बीडी चक्रवर्ती।

संवाददाता, खीरों, रायबरेली।

अमृत विचार। देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में शुक्रवार को न्यू सरस्वती ज्ञान मंदिर गर्ल्स इंटर कालेज खीरों में पौधरोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी खीरों डॉ अंजूरानी वर्मा ने पौध रोपित कर किया। पौधरोपण के उपरांत प्रसिद्ध पर्यावरण विद् एवं पंचवटी संस्था के संस्थापक डॉ महादेव सिंह एवं साहित्यकार रामकरन सिंह की उपस्थिति में छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

बीडीओ डॉ अंजूरानी वर्मा ने बताया कि बिना वृक्षों के मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। वृक्ष हमें प्राणवायु, ईंधन, औषधियों के साथ ही अनेक लाभ पहुंचाते हैं। वृक्ष पर्यावरण को संतुलित और स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वृक्ष ही कार्बनडाईऑक्साइड नामक गैस को ग्रहण कर आक्सीजन देते हैं जिससे मानव जीवन का संचालन होता है।

गोष्ठी का संचालन विद्यालय के व्यवस्थापक विजय शर्मा (पिंटू शर्मा) ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक बीडी चक्रवर्ती, प्रधानाचार्य मंगल सिंह, शिक्षक अवधेश कुमार, सुरेंद्र शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा क्षेत्र के नागरिक एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र उपस्थित थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ANUJ KUMAR AGRAWAL S/O GOPI CHAND AGARWAL था। जो कि आज दिनांक 19–07–2024 से मैने अपना नाम बदलकर ANUJ AGARWAL S/O GOPI CHANDRA AGARWAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **–अनुज अग्रवाल पुत्र गोपी चन्द्रा अग्रवाल, निवासी– मोहल्ला गुलाम अलीपुरा थाना– दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच उ0प्र0**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रामऔतार कश्यप पुत्र स्वर्गीय पतराखन, निवासी–12/648 कंचन नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव।** मैं अपने पुत्र सचिन कश्यप जो अपनी पत्नी प्रियंका के साथ परिवार से अलग रहते हैं। इनके अनैतिक कार्यो से मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। बेटे द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी उसकी स्वयं होगी। आज से मेरा बेटे से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2021 रोल नंबर 217186732 वास्तव में खो गया है। आशीष मिश्रा पुत्र देवी प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम नकपुरवा जनपद श्रावस्ती।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कही खो गया है। **– रूचि शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी– ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर**

सूचना

मैं संदीप कुमार तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी निवासी ग्राम भगोहर थाना वजीरगंज जनपद गोंडा यूपी। मेरा बी.टी.सी. द्वितीय वर्ष का चतुर्थ सेमेस्टर अनुक्रमांक 49460007 का अंक पत्र कहीं खो गया है।

आवश्यकता है

श्री नारायण सिंह महाविद्यालय
ककरघटा, शाहाबाद, जिला– हरदोई
(सम्बद्धता – लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
बी.बी.ए. / बी.सी.ए पाठ्यक्रम
सहा. आचार्य (बी.बी.ए.) 03 पद
सहा. आचार्य (बी.सी.ए.) 03 पद
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान– राज्य सरकार / यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित प्रतियो, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक –9415564041

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **शालिनी पुत्री लाखन राजपूत, निवासी– ग्राम श्यामपुर पंजा, थाना हरपालपुर जनपद हरदोई** उम्र लगभग 16 वर्ष दिनांक 13 अप्रैल 2024 की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं उक्त संबंध में थाना हरपालपुर जनपद हरदोई पर प्राथमिकी संख्या 151/2024 धारा 363 366 आईपीसी पंजीकृत है। जिस किसी को उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी हो तो **थाना प्रभारी हरपालपुर मोबाइल नंबर 9454403555 व विवेचना अधिकारी उ.नि. माबूद रजा के मोबाइल नम्बर 7897363214** पर सूचित करने का कष्ट करें।

युवक को रोडवेज बस ने कुचला, मौत

घटना स्थल पर खड़ी रोडवेज बस। अमृत विचार

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। लालगंज रायबरेली नेशनल हाईवे पर गोविंदपुर वलौली गांव के बाइक सवार युवक भीम (22) पुत्र हीरालाल पासी को रोडवेज बस ने कुचल दिया। जिससे भीम की मौके पर की मौत हो गई।

गांव वालों ने बताया कि वह बाइक से गांव की तरफ से आया था और सड़क पार कर रहा था। तभी लालगंज की ओर से आ रही बस ने उसे ठोकर मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई।

मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। वही रायबरेली डिपो की सरकारी बस को भी कब्जे में ले लिया। कोतवाल ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

रेल कोच मजदूर संघ ने वित्त मंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय आवाहन पर सरकारी कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं का केंद्रीय आम बजट के अंतर्गत समाधान करने के लिये रेल कोच मजदूर संघ के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

जिसमें अधिकांश कर्मचारियों ने भाग लिया। धरने के उपरांत रेल कोच मजदूर संघ ने अपनी मांगों के बाबत वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन महाप्रबंधक कार्मिक को सौपा है। रेलकोच मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने बताया कि ज्ञापन में नई पेंशन स्कीम को समाप्त करके गारंटीड पेंशन स्कीम पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने, केंद्रीय कर्मचारियों, राज्य सरकार के कर्मचारियों और स्वायत्त शासी कर्मचारियों के वेतन भत्तों को पुनरीक्षित करने के लिए आठवें

जीएम कार्मिक को ज्ञापन सौपते रेल कोच मजदूर संघ के पदाधिकारी।

वेतन आयोग का गठन, केंद्रीय कर्मचारियों के विभिन्न विभागों में रिक्त स्थानों को भरने की घोषणा करने की मांग की गई है। इसके अलावा कर-मुक्त आय की सीमा आठ लाख की जाय तथा मानक कटौती में भी वृद्धि करके कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाय और बचतों को प्रोत्साहित करने के लिए सेक्शन 80सी और 80डी में और अधिक छूट प्रदान की जाय। केंद्रीय कर्मचारी समूह बीमा योजना को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करते हुए बीमा की राशि न्यूनतम 15 लाख रुपए की जाय। वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि से एक दिन पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पेंशनरी बेनिफिट के लिये एक नेशनल इंक्रीमेंट प्रदान किया जाय।

पूरे एक वर्ष सफलता पूर्वक सेवा के उपरांत इंक्रीमेंट प्रदान किये जाने का नियम है। जो कर्मचारी सफलता पूर्वक एक वर्ष की सेवा पूरी करते है इसलिये इंक्रीमेंट प्रदान करने के लिए सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न न्यायालय ने कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए है जिसके आधार पर पिटीशनर कर्मचारियों को एक इंक्रीमेंट प्रदान किया जा रहा है इसलिए उसी आधार पर जो कर्मचारी 31 दिसम्बर या 30 जून को सेवानिवृत्त हो चुके है या हो रहे है ऐसे सभी कर्मचारियों को जिनकी वेतन वृद्धि एक जनवरी और एक जुलाई थी, उन सभी को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एक नेशनल इंक्रीमेंट पेंशनरी बेनिफिट के लिए प्रदान करने की मांग की गई है। कम्युटेशन पेंशन की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष की जाय। रेलकोच मजदूर संघ अध्यक्ष आधार सिंह बघेल और महामंत्री सुशील गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन में वित्त मंत्री से उपरोक्त समस्याओं का हल करते हुए आम बजट (2024-25) में घोषणा करने की मांग की गई है ताकि कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष दूर हो सके। ज्ञापन देने वालों में एमसीएफ मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, महामंत्री सुशील गुप्ता, जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह, अनिमेष त्रिपाठी, सचिन साहू, राजेश पाल, रामबरन वर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

बुजुर्ग के ऊपर से गुजर गई ट्रेन, खरोच तक नहीं

अमावा, रायबरेली, अमृत विचार। जाको राखे सईया मार सकै ना कोय कहावत उस समय चरितार्थ हो गई जब एक बुजुर्ग रेलवे लाइन की पटरी पर गिर गया और देखते ही ट्रेन उसके ऊपर से पार हो गई। लेकिन इस दौरान उस मामूली खरोच आई, जिसने भी देखा वह आश्चर्य चकित रह गया।

घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के रायबरेली-प्रतापगढ़ रेल मार्ग पर रूपामऊ और रायबरेली के बीच की है। करीब तीन बजे जगतपुर थाना क्षेत्र के साई टिकरिया गांव निवासी जुगनू (70) पुत्र श्रीराम रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इस बीच रूट से गुजरी एक ट्रेन की आहट ना मिल पाने से वह नीचे गिर गया। पलक झपकते ही पूरी ट्रेन बुजुर्ग के ऊपर से पार कर गई। ट्रेन गुजरने के बाद सकुशल बचे बुजुर्ग ने राहत की सांस ली। कुछ देर बाद रेलवे कर्मचारियों को रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में बैठे एक बुजुर्ग के बारे में सूचना मिली। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो घायल बुजुर्ग ने पूरी घटना बयान किया तो हर कोई आश्चर्यचकित हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया बुजुर्ग के पैर में चोट व शरीर में अन्य खरोंच है।खतरे से बाहर स्थित है।

स्थापना दिवस एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी समारोह आज

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के स्थापना दिवस एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी समारोह 20 जुलाई को स्थानीय प्रशान्त उत्सव लॉन निकट सारस होटल में मनाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक शिवनारायण सोनी एवं प्रांतीय मंत्री आनन्द कर्ण ने बताया कि उपजा के स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान ऊँचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पाण्डेय होंगे। विशिष्ट अतिथि भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य श्याम सिंह पवार एवं उत्तर प्रदेश मान्यता समिति के सदस्य अशोक नवरत्न साथ ही सरेनी के पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह होंगे। समारोह में उपजा के प्रान्तीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह, प्रान्तीय महामंत्री राधेश्याम लाल कर्ण, महिलाध्यक्षा सुनीता उपाध्याय सहित प्रान्तीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी व जिलो के अध्यक्ष/महामंत्री इस समारोह में प्रतिभाग करेंगे।

श्रावण मास व शिवरात्रि को लेकर रहेगा रूट डायवर्जन

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। सोमवार से शुरू हो रहे सावन माह को लेकर कांवड यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यात्रा में आवागमन को लेकर यातायात पुलिस ने रूट में परिवर्तन किया है।

सोमवार से रायबरेली से डलमऊ होकर हुसैनगंज, फतेहपुर, कानपुर व उन्नाव जाने वाले सभी भारी वाहनो को रायबरेली से गुरूबक्सगंज, गेगासो होते हुए फतेहपुर, कानपुर व उन्नाव जाएंगे। रायबरेली से मुंशीगंज होते हुए सलोन से प्रतापगढ़ की ओर जाने वाले वाहनों को जगतपुर से उंचाहार, अरखा नवाबगंज होकर प्रतापगढ़ जाएंगे। फतेहपुर आकर मुराईबाग, डलमऊ से होकर जगतपुर, सलोन, प्रतापगढ़ जाने वाले वाहनो को डलमऊ से गदागंज होते हुए ऊंचाहार जाएंगे। ऊंचाहार से एनटीपीसी होते हुए आने वाले वाहनो को अरखा की ओर मोड़ा जाएगा। दरीबा से कठगर होकर डलमऊ, फतेहपुर जाने वाले वाहनो को सई नदी इन्दिरा नगर फ्लाई ओवर से दरीबा, गुरूबक्सगंज, लालगंज से गेगासों होकर फतेहपुर की ओर मोडा जाएगा। महराजगंज से त्रिपुला चौराहा से होकर निकलने वाले वाहनो को बछरांवा, हरचंदपुर की ओर भेजा जाएगा। गोल चौराहे से अमेठी की ओर जाने वाले भारी वाहनो को सिविल लाइन, डीह, परशदेपुर व नसीराबाद होकर रवाना किये जाएंगे।

पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षण देने का दिया संदेश

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली,

अमृत विचार। बैसवारा महाविद्यालय में शुक्रवार को पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पौधरोपण जनअभियान 2024 के तहत एक दिन में शत-प्रतिशत वृहद पौधरोपण अभियान का कार्य संपंन हुआ।

प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के नेतृत्व में वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम समस्त शिक्षकों, कर्मचारियो, छात्र-छात्राओं के द्वारा संपंन किया गया। प्राचार्य ने पर्यावरण को जीवन का आधार बताया तथा सभी को अधिक से अधिक पौध

बैसवारा महाविद्यालय में पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी। अमृत विचार

लगाकर पर्यावरण को संरक्षण देने का संदेश भी दिया। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वृक्ष हमें जीवन प्रदान करते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने आगे कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

पत्रांक : 1209/2ए0/ई–टेण्डर/2024–25 दिनांक : 12.07.2024

अल्प कालीन ई–निविदा

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग/प्रहरी पोर्टल के माध्यम से जनपद बलरामपुर के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Balrampur	विकास खण्ड तुलसीपुर में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
2	Balrampur	विकास खण्ड तुलसीपुर में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
3	Balrampur	विकास खण्ड तुलसीपुर में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह
4	Balrampur	विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
5	Balrampur	विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
6	Balrampur	विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह
7	Balrampur	विकास खण्ड गैंसड़ी में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
8	Balrampur	विकास खण्ड गैंसड़ी में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
9	Balrampur	विकास खण्ड गैंसड़ी में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह
10	Balrampur	विकास खण्ड पचपेड़वा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
11	Balrampur	विकास खण्ड पचपेड़वा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
12	Balrampur	विकास खण्ड पचपेड़वा में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 22–07–2024 से पूर्व।

3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाईन दिनांक 22–07–2024 से 05–08–2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब–साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन–लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 05–08–2024 दोपहर 03.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 05–08–2024 अपराह्न 04.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176 (सा0)/06 दिनांक 25–08–2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(ड) पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 05.08.2024 के दोपहर 03.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

UP – 217447 दिनांक : 16/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(इं0 भानु प्रताप यादव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

एक नजर

अब सम्पूर्ण समाधान दिवस 22 जुलाई को

संवाददाता, रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उप्र शासन के निर्देशानुसार पौधरोपण अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 20 जुलाई 2024 (माह का तृतीय शनिवार) को एक ही दिवस में 36.50 करोड़ पौधरोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गयी है। ऐसे में शासन के निर्देशन अनुसार जनपद के तहसील मुख्यालयों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस माह जुलाई के तृतीय शनिवार 20 जुलाई के स्थान पर 22 जुलाई (सोमवार) को आयोजित किए जाएंगे।

बेरोजगारों को निःशुल्क प्रशिक्षण लेने का मौका

संवाददाता, रायबरेली। उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के अनुसूचित जाति-जनजाति (सब प्लान-ट्राइबल सब प्लान) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजनान्तर्गत युवक व युवतियों को स्वरोजगार के उद्देश्य से मेडिकल नर्सिंग (आया) एवं कम्प्यूटर साफ्टवेयर में 04 माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए महिला व पुरुष अभ्यर्थी जिसकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य तथा विशेष ट्रेड के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण हो, आवेदन-पत्र आनलाइन वेबसाइट पर 05 अगस्त तक कर सकते हैं।

जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

संवाददाता, रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में "जिला सैनिक बन्धु" की बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौ सेना) अतुल्य दयाल (अप्रा), द्वारा स्वागत किया गया।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद व शासन स्तर पर पूर्व सैनिकों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी को सैनिक बन्धु सदस्य सूबेदार दुष्यन्त लाल द्वारा गन लाइसेंस नवीनीकरण की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया।

महिला ने ससुराल वालों पर लगाया घरेलू हिंसा का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली। झालाबाग मजरे डेलौली गाँव निवासी मनीषा देवी का कहना है कि उसका पति रोजगार के चक्कर में परदेश में रहता है। उसकी सास व ससुर द्वारा आये दिन उसे प्रताड़ित और मारपीट किया जाता है। आरोप है कि गुरुवार की रात उसके ससुर ने कमरे में लगे बिजली के तार निकाल दिया। विरोध करने पर सास के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट भी की है। शुक्रवार को पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

कांग्रेस नेता के पिता का हुआ निधन

परशदेपुर, रायबरेली। जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के जिला उपाध्यक्ष तुलसीराम पासी के पिता गंगाराम पासी का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार दोपहर निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमारी से ग्रस्त थे और केजीएमयू लखनऊ में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे तुमनदारिन नसीराबाद देहात में किया जाएगा।

घरों के आस-पास न होने दें जलभराव : डीएम

जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दरियापुर का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक राही के ग्राम दरियापुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह, दस्तक अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की साझा गतिविधियों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित आशा बहूओं से घर में लगे स्टीकर एवं मार्किंग सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की। साथ ही नाला व नाली की सफाई, झाड़ियों की कटिंग और पशुपालन स्थलों पर लगे पोस्टर बैनर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में पंचायती राज, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पशुपालन आदि सहयोगी विभागों की टीमे संयुक्त रूप से कार्य करतीं मिली।

दरियापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान शिक्षिका से बातचीत करतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि घरों के आस-पास जलभराव न होने दे। झाड़ियों की नियमित कटाई करें एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु मच्छर दानी का प्रयोग करने के लिए लोगो को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय दरियापुर में अध्ययनरत छात्रों से संचारी अभियान के बारे में जानकारी ली। बच्चों से मच्छरों जनित रोगों से बचाव हेतु विभिन्न तरीकों की जानकारी प्राप्त कर बच्चों की प्रशंसा करते हुए अभियान को गति देने की अपील की। निरीक्षण के दौरान डा. राकेश यादव उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाभेला, खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. शरद कुशवाहा, अंजनी द्विवेदी, रत्नाकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

अमेठी सांसद केएल शर्मा ने चौपाल लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता,सूची,रायबरेली।

अमृत विचार। सलोन ब्लाक के बघौला गांव में अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। अमेठी सांसद केएल शर्मा बिना किसी तामझाम के ग्रामीणों के बीच पहुंचे और कुर्सी लगाकर बैठ गये।

इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। चौपाल में अर्जुन पासी, आनन्द सिंह, अरूण कुमार सिंह, एसपी सिंह, शिव दर्शन पासी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। चौपाल में अवधेश तिवारी ने रायपुर महेवा में स्थित राजकीय नलकूप जो खराब पड़ा है उसको चलवाए जाने की मांग की। विकास सिंह और महेंद्र सिंह ने बघौला गांव में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाने की मांग की। भोला नाई, रामदेव ने गोशाला बनवाने की मांग की है। सांसद ने सभी की समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में राजेश सिंह, आनन्द सिंह, महेंद्र सिंह, अरूण कुमार सिंह, मेवालाल, मातादीन यादव, अवधेश तिवारी मौजूद रहे।



बघौला गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा।

खुलने लगा वीडीओ की काली करतूतों का चिट्ठा

फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में हर पहलुओं की जांच कर रही है यूपी एटीएस

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। फर्जी प्रमाण जारी करवाने का आरोपी ग्राम विकास अधिकारी की काली करतूतो का चिट्ठा अब खुलने लगा है। एटीएस का फंदा जैसे-जैसे ग्राम विकास अधिकारी पर कसता जा रहा है, वैसे-वैसे राज सामने आने लगे हैं। यही नहीं अच्छा खासा सरकारी वेतन पाने वाला अवैध कमाई के चक्कर में देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखण्डता से खिलवाड़ करने में भी बाज नहीं आया।

जिले के सलोन क्षेत्र में ब्लाक के कर्मचारी की आईडी से गलत तरीके से जारी अन्य प्रदेशो के बड़ी संख्या में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में फंसे ग्राम विकास फंसे ग्राम विकास अधिकारी की करतूत की कहानी अब सामने आ रही है। ग्राम विकास अधिकारी ने पैसों के लालच में देश की सुरक्षा से भी खिलवाड़ कर डाला और मामले में अपने को फंसता देख अपनी ओर से पहले ही पुलिस में तहरीर दे दी। लेकिन वीडीओ का यह शातिर खेल सफल नही हुआ और वह अब जांच एजेंसी की की हिरासत में है। एटीएस की पूछताछ में मामले से जुड़े कई राज सामने आए है। पहले तो वीडीओ और आरोपी युवकों ने अपने खूब बयान बदले लेकिन जब कड़ाई की गई तो सब कुछ सच सामने आ गया। गुरुवार सुबह से ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एटीएस का डेरा सलोन कोतवाली में जमा है और वह घटना से जुड़े हर पहलुओ की जांच पड़ताल कर रही है।

यूपी एटीएस के अधिकारियों ने अलग अलग बयान लेने शुरू किया तो वीडीओ ने काफी गुमराह करने की कोशिश की और वह यही कहता रहा कि उसे कम्प्यूटर चलाना नहीं आता था, जिससे उसके साथ यह घटना घटी। लेकिन सूत्रों की माने तो उसका हर जगह सहयोग रहा क्योकि हर रोज एक ही गांव य आसपास लोगो की अगर जन्म और मृत्यु हो रही थी तो उसकी पड़ताल क्यों नही की। इतना ही नही आईडी के कागज सम्मिट होने के बाद उसी के नम्बर पर ओटीपी भी जाती रही होगी तब उसने क्यों नही देखा।

सूत्रों की माने तो एक प्रमाण पत्र बनाने के एवज में पांच सौ से पांच हजार रुपये तक लिए जाते रहे है, और इसके लिए बाकायदा शाम को पैसों का लेनदेन भी होता था। मामले की जानकारी होने पर चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

> मामले में जांच एजेंसियां काम कर रहीं हैं। हर पहलू की जांच हो रही है। कोई भी दोषी बक्शा नहीं जाएगा।
>
> -अभिषेक अग्रवाल, एसपी रायबरेली

ग्राम पंचायतों में करता था अलग-अलग हस्ताक्षर

रायबरेली,अमृत विचार। वीडीओ की आईडी व पासवर्ड से जारी हुए हुए जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के खेल में बड़ी कमाई होती थी और इसका खेल कई स्थानों पर चलता था। 1999 बैच के ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह पहले से ही काफी शातिर था। उसने इस खेल से बड़ी मोटी रकम अर्जित की है। वह इतना शातिर था कि अधिकतर ग्राम पंचायतों में तैनाती के दौरान अलग अलग हस्ताक्षर करता था, जिससे वह कभी पकड़ में न आ सके, लेकिन वह इस खेल में ज्यादा दिन टिक नही सका, पकड़ में आने से पहले उसने बड़ी सम्पत्ति हासिल कर ली है। इतना ही नही वह जिसके मकान में रहता था और सीएससी संचालक आरोपी युवक जीशान ने भी इस ग्राम विकास अधिकारी की आड़ से गलत तरीके से लोगों के जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के खेल से काफी पैसा कमाया है। जीशान ने बीते दिनों 32 लाख रुपये कीमत के दो मकान खरीदे है। एटीएस अब हर पहलू की जांच कर रही है। मामले में जांच एजेंसियां काम कर रही है।

वीडीओ समेत चार को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। विकास खंड सलोन क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक ग्राम सभाओं में कूटरचित तरीके से गैर प्रांत के नागरिकों के हजारों फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी जिशान खान सहित ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव व दो अन्य को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। वहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला होने की वजह से सरकार के आदेश पर एटीएस आईजी नीलाब्जा चौधरी व आईजी जोन प्रशांत कुमार द्वितीय भी मामले की जांच पड़ताल के लिए कोतवाली पहुंचे थे। मामले में आईजी जोन प्रशांत कुमार द्वितीय व एटीएस आईजी नीलाब्जा चौधरी ने जिले के आलाधिकारियों के साथ आरोपितों से लगभग दो घंटे तक पूंछताछ की थी तथा मामले में आरोपित अन्य दो अभियुक्तों की त्वारित गिरफ्तारी कर जेल भेजने के आदेश दिए थे। शुक्रवार की देर रात कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपित सुहैल खान पुत्र अब्दुल हमीद व रियाज खान पुत्र वकील अहमद को मानिकपुर रोड से गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर बीएनस की धारा 319(2), 318(4), 338, 337, 336(3), तथा 340(2) में जेल भेज दिया गया है।

सार-संक्षेप

डिप्टी सीएम के आदेश पर सीएचसी में चला सफाई अभियान

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बछरावां में साफ-सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

बछरावां, रायबरेली। बीते गुरुवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के औचक निरीक्षण के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई अभियान शुरू हो गया है। निरीक्षण में सीएचसी अधीक्षक अनिल कुमार जैसल को दिए गए साफ-सफाई के आदेश पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पंचायत बछरावां द्वारा साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर की नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की गई। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक अनिल कुमार जैसल ने बताया कि बीते गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार अस्पताल परिसर में सफाई अभियान चलाया गया है।

कांवड़ यात्रा व गंगा स्नान को लेकर अपील जारी

ऊंचाहार, रायबरेली। सोमवार से शुरू हो रहे सावन महीने में कांवड़ यात्रा और गंगा स्नान को लेकर मां गंगा गोकर्ण कल्याण समिति ने श्रद्धालुओं से अपील जारी करते हुए सावधानी बरतने को कहा है। समिति के सचिव व गोकना गंगा घाट के तीर्थ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी ने यह अपील जारी की है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के गोकना गंगा घाट का पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। जिसके कारण पूरा गंगा घाट गहरे गड्ढों में तब्दील है। इसलिए पास के गोलाघाट से कावड़िया जल लेकर शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी ने अपील जारी करते हुए कहा कि 21 जुलाई दिन रविवार को गुरु पूर्णिमा है। 22 जुलाई सोमवार से श्रावण स्नान मेला एवं कांवड़ यात्रा शुरू होगी। इस बार श्रावण मास में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। सभी कांवरिया यात्रियों से अनुरोध है की घाटों पर सावधानी से स्नान करें, गहरे जल में कदापि ना जाए और प्रेम पूर्वक जल भरकर, बिना नशा किए हुए सावधानी से शिव मंदिरों में जला अभिषेक करें। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त दिन रविवार हरियाली अमावस्या है। 19 अगस्त दिन सोमवार स्नान दान व्रत, रक्षाबंधन की पूर्णिमा एवं संस्कृत दिवस समिति द्वारा पूर्व संध्या पर गंगा पूजन गंगा मा आरती दीपदान स्वच्छता अभियान जल एवं पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा।

शिया समुदाय के धार्मिक आयोजन की समिति का हुआ पुनर्गठन

शिया समुदाय की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली। शिया समुदाय के धार्मिक आयोजनों में महत्पूर्ण भूमिका निभाने वाले संगठन अंजुमन ए नकविया का पुनर्गठन किया गया है। कई सालों बाद नई कमेटी बनी है। जिसकी कमान मौलाना हसनैन मुस्तफाबादी को दी गई है। गुरुवार की शाम को नगर के फाटक भीतर मुहल्ला स्थित दीवानखाना दरबारे हुसैनी में सै. सईद नकवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई समुदाय की बैठक में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले निवर्तमान कमेटी के पदाधिकारियों की सराहना करते हुए उनके द्वारा दिए गए योगदान की प्रशंसा की गई। उसके बाद नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें मौलाना हसनैन मुस्तफाबादी को अंजुमन ए नकविया का नया अध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ अख्तर अब्बास नक़वी और असरफ हुसैन असद को उपाध्यक्ष, ओवेश नकवी को महासचिव और मंजर हुसैन को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा शकील अब्बास रिजवी, तुराब अख्तर नक़वी और फरमान हैदर नकवी को कानूनी कमेटी का सदस्य बनाया गया है। ये तीनों सदस्य अधिवक्ता है। ज्ञात हो कि यह कमेटी नगर में मुहर्रम आदि का आयोजन करती है।

एनटीपीसी की बंद यूनिट तीन दिन बाद शुरू

ऊंचाहार, रायबरेली। तकनीकी खराबी के कारण तीन दिन पहले बंद हुई 500 मेगावाट की यूनिट में उत्पादन शुरू हो गया है। यह यूनिट अब पूरे भार से से विद्युत उत्पादन कर रही है। भीषण उमस भरी गर्मी और बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी ऊंचाहार से राहत भरी खबर है। परियोजना में 500 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या 6 को चालू कर दिया गया है। इस यूनिट के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव के कारण तीन दिन पहले बंद किया गया था। परियोजना से मिली जानकारी के अनुसार गैस रिसाव को दुरुस्त करने के बाद गुरुवार की रात यूनिट को चालू किया गया। पूरी रात यह यूनिट आयल गन पर चलाई गई। उसके बाद शुक्रवार की सुबह इसे कोयले पर चलाया जाने लगा। शुक्रवार दोपहर बाद यह यूनिट अपने पूरे भार पर विद्युत उत्पादन करने लगी है।

अश्लील वीडियो बनाकर तीन माह तक किया दुष्कर्म, शिकायत

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। युवती का अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ तीन माह तक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। युवती ने आरोपी के खिलाफ शिवगढ़ थाने में शिकायत की, किन्तु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई। थाने से निराशा हाथ लगने पर मजबूर व परेशान युवती ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का आरोप है कि कोटवा मदनिया कोतवाली महराजगंज निवासी हरिश्चंद्र से शादी की बात चल रही थी। 6 अप्रैल 2024 को युवती घर पर अकेली थी तभी हरिश्चंद्र अपने एक साथी के साथ घर उसके घर आया और जबरन उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए। युवती का आरोप है कि शारीरिक संबंध बनाते समय युवक द्वारा उसका वीडियो भी बनाया गया। वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर युवक लगातार तीन महीने से उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था जिसकी शिकायत युवती ने कई बार शिवगढ़ थाने में की। 10 जुलाई को युवती की तहरीर पर आरोपी युवक को शिवगढ़ पुलिस द्वारा बुलाया गया, लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया। युवती का आरोप है कि पुलिस द्वारा आरोपी युवक को सेटिंग-गेटिंग करके छोड़ दिया गया। युवती का यह भी आरोप है कि शिवगढ़ पुलिस द्वारा यह कहा गया कि शादी करना है तो कर लो नहीं तो जाओ घर में बैठो मुकदमा लिख जाएगा तो एफआर हमें ही लगाना है। जब युवती को शिवगढ़ थाने से न्याय नहीं मिला तो युवती ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई है। शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी युवक को बुलाया गया था, लेकिन युवती आरोपी युवक से शादी करना नहीं चाह रही है पैसे की मांग कर रही है। आरोप फर्जी तरीके से पुलिस पर आरोप लगाए गए हैं।

बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की दोपहर एक 40 वर्षीय हैवान युवक ने 11 वर्षीय मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने मामले की जांच पड़ताल की। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि बच्ची के परिवारजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

अंगदान के लिए लोगों को किया गया प्रेरित

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। शहर के मिल एरिया के औद्योगिक क्षेत्र मे लगे सीमेंट प्लांट मे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज के सामुदायिक एवं परिवारिक चिकित्सा विभाग की तरफ से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें कर्मचारियों को सीपीआर व बुनियादी जीवन-रक्षक सहायता के बारे मे जानकारी दी गई। डॉ. अभय, डॉ. ज़ैनब, डॉ. कालीचरण व डॉ. प्रणब ने सीपीआर का प्रदर्शन कर सभी को गुर सिखाया। डॉ राजीव ने कहा कि सांप के काटने पर पीड़ित को जल्दी से जल्दी नजदीकी हास्पिटल लेकर जाना चाहिए। किसी प्रकार की भ्रांतियों में न पड़ कर यदि पीड़ित को हास्पिटल पहुंचा दिया जाए तो डॉक्टर पीड़ित को बचाने में कारगर साबित होते हैं। कार्यक्रम में डॉ अभय ने बताया कि कभी-कभी अचानक से लोग गिर जाते हैं या बेहोश हो जाते हैं तो ऐसी स्थित में उन्हें तत्काल प्रभाव से सीपीआर देते हुये नजदीकी हास्पिटल ले जाना चाहिए ताकि समय से उसका उपचार किया जा सके। डॉ श्रुति ने मानसिक तनाव की समस्याओं से निपटने के बारे में बताते हुए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सलोन में अंग दान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एम्स के सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग द्वारा सीएचसी सलोन अंग दान के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया। डॉ. अभय ने बताया कि गांव से आए लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। इच्छुक व्यक्ति को इसके लिए ऑफ लाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक एम्स मुंशीगंज में आकर संपर्क कर सकते हैं।

जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद एम्स के चिकित्सक। अमृत विचार

कारगिल दिवस की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। 19 जुलाई को 66 उप्र बटालियन एनसीसी ने कमान अधिकारी कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल की अध्यक्षता में कारगिल दिवस की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें कर्नल पीके सिंह, कैप्टन अतुल जो कारगिल युद्ध में कई बटालियन (आर्टिलरी, 2 राजपूत राइफल्स, ग्रेनेडियर, 2 ग्रेनेडियर) के साथ मिलकर प्रतिभाग किये थे, एवं कर्नल बीआर कुशवाहा, नायक स्व. राजेन्द्र 13 कुमाऊ की धर्मपत्नी ललिता देवी एवं 15 अन्य सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी मौजूद रहे। कारगिल के दिग्गज योद्धाओं के साथ बातचीत करते हुए कर्नल वीएस पाल, कमान अधिकारी, 66 उप्र बटालियन एनसीसी द्वारा उन्हे उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर इकाई के सभी सैन्य एवं असैन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कारगिल दिवस को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

शिक्षक हित में जारी रहेगा संघर्ष

संवाददाता,सरेनी,रायबरेली।

अमृत विचार। शिक्षकों की बीआरसी कार्यालय में बैठक हुई। इसमें ऑनलाइन हाजिरी को लेकर सरकार के रूख पर नाराजगी जताई। कहा कि शिक्षक हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

शिक्षकों ने कहा कि जबतक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती वे ऑनलाइन हाजिरी के आदेश को नहीं मानेंगे। उनकी मांगों में कैशलेस मेडिकल, 31 उपार्जित अवकाश, 15 आकस्मिक अवकाश, व अध्ययन अवकाश दिए जाने की मांगें शामिल हैं। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग उनकी जायज मांगों की लगातार अनसुनी कर रहा है। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, शिवम सिंह, शैलेंद्र कुमार, अंकित, अनुराग, नीरज शुक्ला, विनोद शुक्ला, सूर्य प्रकाश, संजय सिंह, सौरभ शुक्ला, विंधेश्वर पाण्डेय, हिमांशु, सुनील कुमार, संतोष सिंह, दिलीप सोनी, मुकेश कुमार, नीरज कुमार, सौरभ सिंह, अमरेश कुमार, स्मिता सिंह, पूनम, रीता गुप्ता, सचिन सिंह, शंभूशरण राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

मिली भगत वन विभाग जानबूझ कर बना रहता है अंजान, हरे पेड़ों की कटान जारी

प्रतिबंधित लकड़ियों के कारोबार से जेब भरने में लगे जिम्मेदार

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। डीह थाना क्षेत्र में पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ो की कटान जोरो पर चल रही है। जिसका जीता जागता सबूत क्षेत्र में संचालित टालों पर देखा जा सकता है।

क्षेत्र में संचालित हो रहे टाल पर प्रतिबंधित लकड़ियों की खरीददारी कर राजस्व को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों की माने तो छूट की लकड़ी खरीदने का लाइसेंस टाल संचालक के नाम है। अगर प्रतिबंधित लकड़ी खरीदी जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में जब छूट की लकड़ी खरीदने का लाइसेंस है तो प्रतिबंधित लकड़ी की खरीददारी करने वाले टाल संचालक पर अभी तक कार्रवाई ना होना विभाग की मंशा पर सवाल उठ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग जानकर अंजान बना बैठा है।

परशदेपुर क्षेत्र में इस समय प्रतिबंधित लकड़ी की कटान जोरो पर चल रही है। इसमें प्रतिबंधित लकड़ियों की कटान के बाद बिक्री इन्ही टालों पर हो रही है। प्रतिबंधित लकड़ी खरीदने का लाइसेंस किसी टाल संचालक के पास नहीं है, इसके बावजूद खरीददारी की जा रही है। इन टालों से प्रतिदिन तीन से चार ट्रक लोड होते हैं। इसके बावजूद अभी तक वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।वहीं,टाल संचालक ने बताया कि छूट की लकड़ी खरीदने का लाइसेंस है। प्रतिबंधित लकड़ी की खरीददारी नहीं की जाती।

वन रक्षक गंगा सागर ने बताया कि छूट की लकड़ी खरीदने का लाइसेंस है।अगर प्रतिबंधित लकड़ी की खरीददारी की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी। वन क्षेत्राधिकारी श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि यह मामला संज्ञान में नहीं है। टाल संचालक द्वारा प्रतिबंधित लकड़ी की खरीददारी की जा रही है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वन माफियाओं द्वारा काटे गए हरे पेड़। अमृत विचार

किसान पर हमला कर पांच हजार रुपये छीने

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंदर दबंगों के हौसले बुलंद हो चुके हैं, खेतों की तरफ जा रहे किसान को पत्थर से मारकर घायल कर दिया तथा दांतों से काटकर किया लहूलुहान। घटना 19 जुलाई की है। जहां गांव के ही जितेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, दुलारे उर्फ आशीष एवं जितेंद्र कुमार से पीड़ित युवक पिंटू ने बाइक हटाने को कहा, इसी बात से नाराज होकर थप्पड़ों से पीटकर घायल कर दिया। और पीड़ित के पास मौजूद नगद 5000 भी उससे छीन लिये, घटना की जानकारी तहरीर के माध्यम से पुलिस को दी है। बछरावां पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मेडिकल करवा कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

संपादकीय

रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्तेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेज से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

> मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकाड्र्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकाड्र्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

प्रसंगवश

पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

> प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

सोशल फोरम

शिक्षा का उद्देश्य

> विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। **-फेसबुक वॉल से**

जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए? प्राथमिकताआओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ. भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

एक नजर

साफ-सफाई के लिए कर्मियों को मिलेगी सामग्री

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : संसाधनों की कमी से जूझ रहे सफाई कर्मचारियों को अब साफ सफाई के लिए सामग्री मिलेगी। इसके लिए डीपीआरपो ने सामग्री खरीद करने के आदेश दिए हैं। विकास खंड हरख के गांवों में तैनात सफाई कर्मचारियों को साफ सफाई के लिए सामग्री मिलेगी। इससे सफाई कार्य को बल मिलेगा। डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को सामग्री खरीदवाने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक में 75 ग्राम पंचायतें 102 राजस्व ग्राम तथा 121 सफाई कर्मियों की तैनाती है। गांवों में साफ सफाई के कार्य में लगे कर्मचारियों के पास खरपतवार नाशक दवाई, चूना, ब्लीचिंग पाउडर, झाड़ू, पंजा, डलिया ,सेफ्टीकिट, साबुन फिनायल फावड़ा, एंटी लारवा तक ठीक से नहीं है। जिससे उन्हें साफ सफाई में दिक्कतें आ रही हैं। जिला पंचायत अधिकारी नितेश भोंडेले ने एडीओ पंचायत को सफाई कर्मचारियों के लिए तत्काल सभी आवश्यक सामग्री की खरीद कराने के निर्देश दिए हैं। एडीओ पंचायत शंभू नाथ पाठक ने बताया कि जिन सफाई कर्मचारियों के पास साफ सफाई की सामग्री नहीं है। तत्काल इसकी खरीद करवाई जाएगी। डीपीआरओ ने इसके निर्देश दिए हैं।

करहा के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत

निंदूरा, बाराबंकी : अमृत विचार : कुर्सी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिलेहटी हैदराबाद में खेत जोतते समय करहा के नीचे दब जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पिलेहटी हैदराबाद निवासी भगवानदीन शुक्रवार की सुबह धान लगाने के लिए खेत तैयार कर रहे थे। तभी लक्ष्मण हाइड्रोलिक यानी करहा का टापलिंग कस रहे थे। इतने में ट्रैक्टर चालक में हाइड्रोलिक उठा दिया। जिससे युवक की नीचे दब कर दर्दनाक मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक धनंजय घटना के तुरन्त बाद ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। लोगों ने बताया कि मृतक मजदूरी करता था। ज्यादातर भगवान दीन के यहां ही खेती करते देखा जाता था। मौत की सूचना मिलने पर क्षेत्र में कोहराम मच गया।

विवाद में दो लोग घायल

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख थाना क्षेत्र के भिटौली कला गांव निवासी सत्तनलाल अपनी पुत्री पुष्पा की दवाई लेने जा रहे थे। रास्ते में किसी बात को लेकर मुमताज से विवाद हो गया। जिसमें लाठी डंडो से मुमताज, ललन फिजा आदि ने हमला कर दिया। हमले में पुष्पा घायल हो गई। उधर इसी घटना में दूसरे पक्ष की अफसाना का आरोप है कि पति मजदूरी करने के लिए चले गए थे और पड़ोसी सत्तनलाल, अनुज,अरुण आदि लोग आए और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। जिससे अफसाना गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया है।

युवती पर शोहदों ने कसी फब्तियां, दो पक्ष भिड़े

हैदरगढ़, बाराबंकी

▸▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते माहौल को शांत कराया

अमृत विचार: गुरुवार की देर शाम साप्ताहिक बाजार में उस समय अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। जब युवती पर छीटाकशी को लेकर दो पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते माहौल को शांत कराया।

उक्त घटना सुबेहा थाना क्षेत्र के नटबीरन चौराहे पर लगने वाली साप्ताहिक बाजार की है। पड़ोसी गांव निवासी एक युवती अपने भाई के साथ साप्ताहिक बाजार में गुरुवार शाम समान खरीदने गई थीं कि तभी एक शोहदा युवती को देखकर अश्लील फब्तियां कसने लगा। जिसे लेकर भाई ने एतराज जताया। बात आगे बढ़ गई। भाई पर उक्त शोहदे ने हमला बोल दिया। इतने में गांव के खड़े दूसरे युवक शोहदे पर हमलावर हो गए। जिसके बाद दो पक्ष आमने सामने आ गए। समुदाय विशेष के सब्जी विक्रेता व अन्य दुकान लगाने वाले एक ही समुदाय के दर्जनों लोग युवक पर हमलावर हो गए। जिससे बाजार में भगदड़ मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सुबेहा पुलिस ने समय रहते बिगड़ते माहौल को नियंत्रण में लिया। जिसके बाद माहौल शांतिपूर्ण बताया जा रहा है।

युवती को दी जान से मारने की धमकी

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार: थाना सुबेहा के कैथी मजरे मुस्तफाबाद गांव निवासी लक्ष्मी रावत पत्नी सुनील कुमार ने गांव के ही दूसरे समुदाय के व्यक्ति पर जाति सूचक गालियां देने व गलत आरोप लगाकर बदनाम कर देने का आरोप लगाते हुए थाना में तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

विवाहिता ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम वह सुबेहा बाजार से सामान लेकर घर जा रही थी। तभी गांव निवासी विपक्षी अनीस पुत्र इकबाल बाइक से नजदीक आए और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और गालियां देने के सथ जान से मारने की धमकी दी।

मानसिक रूप से फिट रहने को एसपी ने लगवाई दौड़

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने को लेकर उनकी दौड़ कराई। पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल की कार्यवाही भी कराई। इस दौरान परेड में शामिल होने आए थाना प्रभारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परेड के बाद एसपी ने आरक्षियों की बीट बुक को देखा और यूपी 112 पीआरवी वाहनों का

पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश देते एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

▸▸ परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

निरीक्षण कर संबंधित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने के निर्देश दिए।

एसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइंस परिसर, मेस, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैंटीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया। चेकिंग के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मामलों में त्वारित कार्रवाई करने को कहा।

वहीं प्रशिक्षु उप-निरीक्षकों के प्रशिक्षण रजिस्टर को भी देखा तथा उन सभी को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे मे बताया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइंस सुमित कुमार त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र समेत पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जिले में आज लगाए जाएंगे 62 लाख पौधे

रसौली के निकट वन विभाग की भूमि पर नोडल मंत्री और अफसर करेंगे अभियान की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में आज 62 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। भव्य कार्यक्रम अयोध्या मार्ग पर रसौली गांव के निकट विद्युत उपकेंद्र के पास वन विभाग की भूमि पर किया जाएगा। पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत शासन द्वारा नामित नोडल मंत्री और अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर नोडल वन विभाग ने देर शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके बाद जिले भर में पौधरोपण शुरु हो जाएगा। 27 अन्य विभागों को मिले लक्ष्य के आधार पर पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के साथ समाजसेवियों को भी शामिल किया गया है।

शहर से लेकर गांव गलियारों तक आज एक पर्व की तरह पौधरोपण कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम दिए गए थीम के

अभियान के तहत पौधरोपण करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। (फाइल फोटो)

तहत मुख्य कार्यक्रम वन विभाग की देखरेख में अयोध्या हाईवे पर रसौली ग्राम सभा स्थित वन विभाग की भूमि पर पौधरोपण किया जा रहा है। यहां पर आज शासन द्वारा नामित राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा और नोडल अधिकारी मुख्य सचिव चीनी एवं गन्ना रीता कुमारी द्वारा पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस स्थान पर जहां विभिन्न प्रजातियों के 2400 पौधे अफसरों, जनप्रतिनिधियों व बच्चों द्वारा रोपित किए जाएंगे। वहीं पूरे जिले में लक्ष्य के आधार पर 62 लाख पौधे लगेंगे। प्रत्येक पौधों की जीओ टैगिंग भी होगी। लक्ष्य को पूरा करने के लिए 27 विभागों को भी जिम्मेदारी मिली थी। यह विभाग भी अपने-अपने कार्यालय परिसर व भूमि पर लक्ष्य के अनुसार पौधरोपित कर उनका संरक्षण करेंगे।

रसौली में होने वाले मुख्य आयोजन को लेकर नोडल वन विभाग ने देर शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। वन विभाग की नर्सरियों से देर शाम तक सभी विभागों को उनकी मांग के अनुसार पीपल, बरगद, नीम, जामुन, आम, पाकड़, सागौन, अमरूद, गुलर, यूकेल्पटिस समेत विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और औषधिय पौधे उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा मुख्य आयोजन स्थल के साथ ही जिले भर में पौधारोपण के लिए गड्ढों को तैयार कर लिया गया है। डीएफओ आकाशदीव वधावन ने बताया कि रसौली में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। 62 लाख पौधे पूरे जिले में लगाए जाएंगे। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।

विभागवार रोपे जाने वाले पौधों की संख्या

वन विभाग 30 लाख, श्रम विभाग 1700, माध्यमिक शिक्षा व जलशक्ति विभाग 13-13 हजार, बेसिक शिक्षा 21 हजार, ग्राम्य विकास 21 लाख, परिवहन 1600, उद्योग 10 हजार, सहकारिता 10 हजार, उद्यान विभाग तीन लाख, पीडब्लूडी 12 हजार, रक्षा विभाग पांच हजार, पंचायती राज ढाई लाख, राजस्व विभाग दो लाख, रेलवे 15 हजार, रेशम 26 हजार, पर्यावरण तीन लाख, पशुपालन 10 हजार, ऊर्जा सात हजार, प्रावधिक शिक्षा छह हजार, कृषि विभाग पांच हजार, नगर विकास 25 हजार, स्वास्थ्य 15 हजार, गृह विभाग 10 हजार, उच्च शिक्षा 25 हजार, आवास विकास पांच हजार, औद्योगिक विभाग 10 हजार पौधे शामिल हैं।

लखनऊ हाईवे पर रोपित होंगें 500 नीम के पेड़

वन विभाग द्वारा लखनऊ हाईवे पर चौपुला तक 500 नीम के पेड़ आज रोपित कराएगा। यह नीम के पेड़ 12 फुट के होंगे। इनकी सुरक्षा के लिए इन पौधों को ट्री गार्ड से कर्वड किया जाएगा ताकि मवेशी इन्हें नष्ट न कर सकें। इन विशेष पौधों को लगाने के पीछे मंशा है कि इस औषधीय पेड़ से छाया के साथ हाईवे की खूबसूरती भी बढ़ेगी। 12 फुट के इन पौधों को लगाने के लिए गड्ढों को खोदा गया है। इन पौधों को लगाने की बात डीएफओ ने की है। विभाग के मुताबिक जिले में अभियान को सफल बनाने और पर्यावरण सरंक्षण हेतु पौधरोपण कराने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।

दुकान का शटर तोड़ चोरों ने पार किया लाखों का माल

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: अज्ञात चोर किराने की दुकान का शटर तोड़ हजारों नगदी सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। भुक्तभोगी ने थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

थाना लोनीकटरा अंतर्गत कस्बा त्रिवेदीगंज मजरे लक्ष्मनपुर में हरेन्द्र प्रताप सिंह किराये की दुकान में किराना की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात्रि दस बजे तक दुकान खुली रही। प्रातः दुकान मालिक ने फोन पर हरेन्द्र को बताया कि उसकी दुकान में चोरी हो गई है, तब उसे चोरी होने का पता चला। चोरों ने शटर को तोड़कर घटना को अंजाम दिया दिखाई देता है। थाने पर दी गई तहरीर में हरेन्द्र ने 30हजार रुपये नगद के अतिरिक्त लगभग लाखों रुपये के सामान की चोरी की बात बताई है। थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि तहरीर पर मामला दर्ज करके चोरों की तलाश की जा रही है। साथही कहा कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

चोरों द्वारा तोड़ा गया शटर।

▸▸ त्रिवेदीगंज मजरे लक्ष्मनपुर में हुई वारदात

इंजन खोल ले गए चोर

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना के गढ़चप्पा गांव निवासी दिनेश कुमार ने तहरीर दे, बताया कि झंझरा-मोहम्मदपुर खाला संपर्क मार्ग किनारे बंधा हुआ पानी का इंजन मय पंखा के साथ चोर खोल कर उठा ले गए। सुबह जब खेत पर पानी लगाने पहुंचे तभी देखा इंजन गायब था। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह बताया कि चोरी के मामले की तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पौधरोपण के लिए देर रात तक वन विभाग ने की तैयारियां

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : राज्यमंत्री सतीश शर्मा द्वारा आज एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण के कार्यक्रम का शुभारंभ पायका मैदान धरौली से किया जाएगा। वृहद स्तर पर पौधरोपण की तैयारी के लिये शुक्रवार की रात को भिटरिया चौराहे के चारों ओर वन विभाग रामसनेहीघाट के अधिकारियों द्वारा गड्ढे खोदने के साथ ही अन्य तैयारियां की गईं ।वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि भिटरिया चौराहे के चारों ओर 1600 वृक्षों को लगाया जाएगा। भिटरिया चौराहे से बाबा रामसनेही दास मंदिर तक गोल्ड मोहर, भिटरिया से दिलोना बाइपास तक सावनी, भिटरिया चौराहे से दरियाबाद की ओर जकरंडा, भिटरिया चौराहे से हैदरगढ़ रोड पर अमलतास के पौधे लगाए जाएंगे।

वृक्ष धरा के आभूषण हैं: राहुल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी: अमृत विचार: वृक्ष धरा के आभूषण हैं। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। मनुष्य अपने निजी स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन कर निरंतर कंक्रीट का जंगल बना रहा है जो भविष्य के लिए खतरा है। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राहुल कुमार ने कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रखंड देवा व सूरतगंज में आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में कही। इस दौरान डॉ. राजेंद्र प्रसाद, रामनाथ मौर्य, तुलसीराम चौहान, वीरेंद्र व मनीष रहे।

सार-संक्षेप

तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : जिले की अलग अलग थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई में थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को एससी/एसटी समेत अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त सलमान पुत्र बेचन निवासी ग्राम सरायदुनौली थाना टिकैतनगर को सरायदुनौली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अंकेश कुमार पुत्र धनीराम रावत निवासी ग्राम अन्दका थाना जैदपुर अटवा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना देवा पुलिस टीम द्वारा भी पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रितेश पुत्र राकेश निवासी ग्राम बिशुनपुर थाना देवा को गिरफ्तार किया गया।

रोटावेटर की चपेट में आकर युवक घायल

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : खेत की जुताई कर रहे ट्रैक्टर रोटावेटर में अचानक तार में फंस गया । तार को छुड़ाते समय रोटावेटर की चपेट में आकर युवक का हाथ घायल हो गया। उसे सीएचसी सूरतगंज लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सिकोहाना गांव निवासी 36 वर्षीय इरफान शुक्रवार को किराए के ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करवा रहे थे। इसी बीच खेत के किनारे लगे तार रोटावेटर में फंस गए। तभी रोटावेटर में फंसे तार को इरफान छुड़ाने लगा। इसी बीच में ट्रैक्टर चालक का पैर क्लच से हट गया और रोटावेटर चालू हो गया। इससे युवक का दाहिना हाथ रोटावेटर के चपेट में आ गया। और वह घायल हो गया। खून से लतपत सीएचसी सूरतगंज ले जाया गया। जहां डॉ .फुरकान ने प्राथमिक उपचार दे उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मोहर्रम पर्व में चंदा को लेकर भिड़े दो पक्ष

मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा में मुहर्रम पर्व में चन्दा को लेकर शुक्रवार की सुबह दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गए। मसौली पुलिस ने घायलों को सीएचसी बड़ागांव में मेडिकल के लिए भेजा है। पुलिस ने कहा तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बांसा में मुहर्रम पर्व में चन्दा को लेकर अंसारी और राइन बिरादरी के लोग आपस में भीड़ गये। जिसमें अंसारी पक्ष से सलाउद्दीन पुत्र कुर्बान, मोहम्मद सलीम, तौफिक पुत्रगण सलाउद्दीन और राइन बिरादरी के रिहाना, मोहम्मद जैद पुत्रगण मोहम्मद जान, सिराजुद्दीन पुत्र मोहम्मद इब्राहिम, गुफरान पुत्र मोहम्मद वैस घायल हुए है। मसौली पुलिस ने घायलों को सीएचसी बड़ागांव मेडिकल के लिए भेजा। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने बताया है कि घायलों की डॉक्टरी के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

समेकित 60 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती मेडिकल टीम। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र कोटवासड़क में दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चे अपने अभिभावक सहित उपस्थित हुए। जहां पर मेडिकल टीम द्वारा कुल 60 बच्चों का परीक्षण किया गया। जिसमें 45 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 15 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अधिकारी सुधा जायसवाल के निर्देशन में जिले की मेडिकल टीम के चिकित्सक डा. अफसर खान अस्थिरोग सर्जन, डा. जी के श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. विनोद पॉल बौद्धिक क्षमता, डा. आशुतोष पाठक नेत्र विशेषज्ञ ने दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया । इस कार्यक्रम में स्पेशल टीचर सलोनी शर्मा, राम निवास, प्रदीप कुमार ने सहयोग प्रदान किया। अतिशीघ्र दिव्यांग बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

चोरी की पांच घटनाओं का खुलासा, चार चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: स्वाट, सर्विलांस, थाना देवा व घुंघटरे की संयुक्त पुलिस टीम ने डिजिटल डेटा और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर शुक्रवार को चोरी की पांच घटनाओं का खुलासा कर दिया। पुलिस ने चार शातिर चोरों को भी गिरफ्तार किया है।

जिनमें लखीमपुर खीरी के धर्मेन्द्र कुमार मौर्य पुत्र श्यामलाल, नौशाद पुत्र इरशाद , सूरज तिवारी पुत्र इतवारी तिवारी और सीतापुर के इस्माईल पुत्र मुजफ्फर अली शामिल हैं। इन सभी की गिरफ्तारी मित्तई नहर पुल के पास से हुई। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, तीन अदद मोबाइल फोन, एक अदद तंमचा .315 बोर, एक अदद जिंदा कारतूस और लगभग साढ़े बाइस हजार रूपये नगद बरामद किये। अभियुक्त धर्मेन्द्र के खिलाफ थाना देवा पर आर्म्स एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक गैंग है, जो बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में चोरी व लूट की घटनाओं क अंजाम देते हैं। अभियुक्तों ने करीब डेढ़ महीने पहले थाना देवा क्षेत्र के ग्राम खेवली के एक घर से मोबाइल फोन, जेवरात व नकदी चोरी करने की घटना, करीब एक माह पूर्व शीतलपुर गांव के एक घर से जेवरात, नकदी चोरी, एक हफ्ते पहले सालेहनगर मोड़, खजुहा तिराहे के पास स्थित एक दुकान से रूपये चोरी करने की घटना और लालपुर गांव के एक घर से जेवरात व रूपये चोरी करने की घटना को स्वीकार किया है।

दो पक्षों में हुई मारपीट में दो युवक घायल

मसौली, बाराबंकी: अमृत विचार: थाना एवं कस्बा मसौली में कपिल मार्केट में अंग्रेजी, देशी और बीयर का ठेका है। यहां पर दो कैंटीन भी खुली हैं। गुरुवार की रात करीब 10 बजे के बाद शराब की दुकान बंद हो चुकी थी, तब जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चेचरुवा निवासी मोहम्मद नबी पुत्र मोहम्मद रफीक 32 वर्षीय और अनीस पुत्र रफीक 30 वर्षीय ने पहुंचकर मोबाइल गिरा होने को कहा और दुकान में लगे सीसीटीवी को दिखाने की बात कही। उसी को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। जिसमें नबी और अनीस गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मसौली पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर गई। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया।

बिजली कटौती से हाहाकार, आंदोलन की तैयारी

बनीकोडर, बाराबंकी

▸▸ दिन-रात में कट रही बिजली लोगों की नींद हराम

अमृत विचार: उमस भरी गर्मी में बिजली की बंपर कटौती से गांवों में हाहाकार मचा है। पिछले कई दिनों से दिन और रात दोनों समय में हो रही कटौती से परेशान उपभोक्ता आंदोलन का मन बना रहे हैं।

हैदरगढ़ डिवीजन के विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले गांवों में पिछले कई दिनों से बिजली की व्यापक कटौती की जा रही है । दिन में 6 से 8 घंटे की कटौती हो रही है और रात में भी कई शिफ्ट में चार से पांच घंटे की कटौती की जा रही है। इस समय बारिश न होने और भीषण उमस में बिजली की बंपर कटौती से गांवों में हाहाकार मचा है। उपकेंद्र के सुबेहा फीडर के गांवों में भोर के समय ही लाइट काट दी जाती है। ऐसे में नहाने और पीने आदि के लिए पानी की दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत नौकरी पेशा लोगों और छात्रों को हो रही है। पानी के अभाव में जहां धान की रोपाई पिछड़ रही है, वहीं किसान रोपित धान की सिंचाई भी नही कर पा रहे हैं। सुबेहा फीडर के अंतर्गत आने वाले मिर्चिया, जरौली, धनौली, गैरिया और भठिया आदि गांवों के उपभोक्ताओं ने बताया कि सब स्टेशन देवीगंज के सुबेहा फीडर के गांवों की विद्युत आपूर्ति रामभरोसे चल रही है। लटकते जर्जर तारों के सहारे आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इस समय कई शिफ्ट में बिजली काटी जा रही है। एसडीओ, जेई कभी क्षेत्र में नहीं आते न ही फोन आसानी से मिलता है। वहीं अधिशाषी अभियंता हैदरगढ़ का कहना है कि लोड बढ़ने के कारण दिक्कत आ रही है और शासन से कटौती के आदेश पर कटौती जारी है, इसमें जल्द ही सुधार होगा।

कटौती पर सौंपा ज्ञापन

निदूरा, बाराबंकी : अमृत विचार : क्षेत्र में विद्युत उपखंड कुर्सी से विद्युत आपूर्ति गांवों में जाती है लेकिन बीते दिनों में 10 से 12 घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिससे नाराज भारतीय युवा संघर्ष मोर्चा (अरा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज सम्राट ने विद्युत उपखंड कुर्सी में विद्युत उपखंड अधिकारी को कटौती के संबंध में ज्ञापन सोपा और कहा की कुर्सी पावर हाउस के अंतर्गत जितने भी गांव अर्थात कस्बे आते हैं बिजली की समस्या बहुत ही अधिक बनी हुई है। इस अवसर पर अवनेन्द्र अवस्थी, पंकज यादव, सचिन, श्रवन, प्रियांशु, अनिल, प्रदुमन, अनुज, सूरज, मुकेश पाल, राहुल आदि मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह योजना | जुटाई जाएगी अविवाहित होने की जानकारी, गड़बड़ी रोकने के लिए आवेदनों की होगी जांच, इस बार 1500 शादियां कराने का है लक्ष्य

पड़ोसियों की गवाही पर ही परिणय सूत्र के बंधन में बधेंगे जोड़े

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: सामूहिक विवाह योजना में अब आवेदन करने वाले लड़का और लड़की के पड़ोसियों से जानकारी जुटाई जाएगी कि वह अविवाहित हैं कि नहीं। यहीं नहीं वर और वधू के पास आधारकार्ड मोबाइल नंबर से लिंक होना भी जरूरी किया गया है। आवेदन के समय मोबाइल पर ओटीपी आएगा। जिसके बाद ही आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इस संबंध में निदेशालय से मिले नए निर्देशों के बाद समाज कल्याण विभाग कार्यालय में आए आवेदनों की जांच नए सिरे से कराने की तैयारी में है ताकि किसी अपात्र को योजना का लाभ न मिल सके।

बलिया जिले में मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल जोड़े। (फाइल फोटो)

सामूहिक विवाह योजना में हुई गड़बड़ी की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अब इस योजना में सख्ती ज्यादा हो गई है। अब शादी का आवेदन करने वाले जोड़े का आधार लिंक कर मोबाइल पर ओटीपी से आवेदन की प्रक्रिया पूरी होगी। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी की संस्तुति के अलावा जोड़े के छह पड़ोसियों से भी जानकारी जुटाई जाएगी, कि पात्र शादीशुदा तो नहीं है। इस जिले में भी एक बार अपात्र की शादी कराने का मामला प्रकाश में आया था हालांकि जांच के बाद उस मामले को पूरी तरह से नकार दिया गया था और नियमानुसार शादी कराने की बात प्रशासन द्वारा की गई थी लेकिन कई अन्य जिलों में हुई फर्जीवाडे के बाद शासनस्तर से इसमें बदलाव किया है। इसके तहत अब आवेदन करने वाले वर और कन्या के करीब आधा दर्जन पड़ोसियों से उनके अविवाहित होने की जानकारी जुटाई जाएगी। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग को निदेशालय से मिले निर्देशों के बाद उसे अमल में लाने की तैयारी में लग गया है। नवंबर माह में होने वाली सरकारी शादी के लिए करीब 850 आवेदन अब तक आ चुके हैं जिनकी जांच की जा रही है। अब पड़ोसियों से जानकारी करने के आदेश के बाद इस बिंदु को भी जांच में शामिल कर फिर से जांच की जा रही है।

100 या उससे अधिक शादियों पर डीएम रहेंगे मौजूद: विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से अब एक ही स्थान पर सौ या उससे अधिक जोड़ों की शादियों होने की स्थिति में जिलाधिकारी स्वयं मौजूद रहेंगे। इससे कम जोड़ों के विवाह के अवसर पर उनकी इच्छा पर निर्भर करेगा। इस संबंध में भी निदेशालय से विभाग को दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं।

> सामूहिक विवाह योजना में कई जिलों में शादीशुदा जोड़े शामिल होने की शिकायतें आईं थीं। अब पारदर्शिता के लिए पड़ोसियों की रिपोर्ट अहम होगी। इसके साथ ही निदेशालय से वर और कन्या से फीड बैक लिया जाएगा।
>
> -सुषमा वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी।

दुल्हन के खाते में भेजी जाती है 35 हजार की राशि

जुलाई के बाद नवंबर और दिसंबर माह में शादी का मुहूर्त है। विभाग शादी की निर्धारित तिथि से15 दिन पहले आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करेगा। सचिव आवेदक के घर जाकर सत्यापन करेंगे। योजना में एक शादी पर 51 हजार रुपये खर्च होते हैं। इनमें से 35 हजार की राशि दुल्हन के खाते में भेजी जाती है। 10 हजार रुपये के उपहार और छह हजार अन्य खर्च के मद में होता है। इस वर्ष विभाग को 1503 शादियों का लक्ष्य आवंटित हुआ है।

समाज कल्याण विभाग की टीम लेगी फीड बैक

सामूहिक विवाह योजना में अब आवेदन करने वाले लड़का और लड़की के पास आधार लिंक मोबाइल नंबर होना जरूरी है। आवेदन के समय मोबाइल पर ओटीपी आएगा। जिसके बाद ही आवेदन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सात फेरे लेने वाले जोड़े सही है, इसकी पुष्टि के लिए समाज कल्याण विभाग ने लखनऊ में एक कमांड कार्यालय बनाया है। जहां से पूछताछ होगी कि शादी की गई है या नहीं। विभाग की तरफ से रुपये मिले या नहीं। उपहार में क्या-क्या मिला।

एक नजर

किसानों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह एवं जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव के नेतृत्व में किसानों ने शुक्रवार को तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार गरिमा भार्गव को सौंपा। दिए ज्ञापन में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दाहिनी पटरी के समनांतर खेतों का तक जाने के लिए मार्ग निर्माण तथा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के ही बाई पटरी पर समानांतर रोड किलोमीटर 45 .5 से ग्राम बरावां तक संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग 7 जून को की गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि 4 अगस्त तक उक्त मांग पूरी न की गई तो पांच अगस्त से संगठन सत्याग्रह करेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

युवक घर से लापता

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : घर से बिन बताए निकला युवक लापता हो गया। घर वालों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। भाई ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाई है। सतरिख थाना क्षेत्र के देबियापुर मजरे सहेलियां गांव निवासी अजीत कुमार यादव (27) घर से बिन बताए कहीं लापता हो गया। घर वालो के द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। भाई अनुज यादव ने पुलिस को तहरीर देकर खोज बीन करने की गुहार लगाई है।

छेड़छाड़ के दो दोषियों को कठोर कारावास

बाराबंकी : अमृत विचार : थाना जहांगीराबाद पर नाबालिग से छेड़छाड़ के सम्बन्ध में दर्ज मुकदमें में अभियुक्तगण नीरज चौहान पुत्र बाबूलाल निवासी हसरा मजरे निगरी थाना जहांगीराबाद और मुकुन्दी लाल पुत्र भगौती निवासी उदवतपुर थाना देवा को अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट नंबर 44 ने दोषसिद्ध करते हुए पांच-पांच साल का कठोर कारावास व सोलह-सोलह हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया। 11 दिसंबर 2028 को थाना जहांगीराबाद क्षेत्र अंतर्गत निवासी वादी ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में सूचना पुलिस को दी। इस सूचना के आधार पर थाना जहांगीराबाद पर दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक मदन पाल सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर आरोपी को 18 दिसंबर 2018 गिरफ्तार कर 188 दिनों में आरोप पत्र दाखिल कर न्यायालय में दाखिल कर दिया। जिसपर कोर्ट ने दोनों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

सावनी मेला: तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश, लोधेश्वर महादेवा मंदिर में की पूजा-अर्चना

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: डीएम व एसपी ने प्रशासनिक अमले के साथ शुक्रवार को लोधेश्वर महादेवा पहुंचकर सावनी मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही महादेवा चौकी पर बैठक कर संबंधित विभगीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पूरे मेला परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई और बैरीकेडिंग समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। जलहरी कुंड जल निकासी को गंभीरता से लेते हुए जानकारी ली। साफ सफाई, पेयजल, मार्ग और प्रकाश सहित सभी व्यवस्थाएं शनिवार की देर शाम तक पूरी कर लिए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बीडीओ सूरतगंज और रामनगर को प्रत्येक दशा में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने, दुकानों के सामने डस्टबिन रखवाने, अभरण तालाब पर प्राइवेट गोताखोर के साथ पीएसी की फ्लड कंपनी तैनात किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेला परिसर में लगी सभी सोलर लाइटों को सही करने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया। अभरण तालाब पर जाली न लगने पर एसडीएम से तत्काल कार्य पूर्ण कराने को कहा। मंदिर परिसर में लगे मधुमक्खी के छत्ते को हटाने के लिए निर्देश दिये। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के साथ भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक, खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक, खंड विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश पांडेय, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशोक कुमार खरवार और चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष कुमार त्रिपाठी सहित मेला व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना व जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महादेवा चौकी पर समीक्षा कर उन्होंने एसडीएम और सीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी दुकानों पर रेट बोर्ड लगवाएं। ईओ व लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को चौकाघाट चौराहे व केसरीपुर क्रॉसिंग के पास तिराहे पर विशेष लाइट लगवाने की जिम्मेदारी दिया। साथ ही बीडीओ सूरतगंज व रामनगर को शनिवार तक हर हाल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

मेला परिसर का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

उद्यमियों की समस्याओं का जल्द करें निस्तारण: डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी लाने के लिए सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्रों पर जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना है। जिलाधिकारी ने ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी, ईओ नगर पालिका संजय शुक्ल, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार, एलडीएम विवेक कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

47 विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर टीम ने लिये 25 नमूने

विक्रेता के यहां जांच करती कृषि विभाग की टीम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ एक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित, दो लोगों को कारण बताओ नोटिस

अमृत विचार: खरीफ बुवाई के लिये कृषकों को गुणवत्ता युक्त उर्वरक प्राप्त हो सके। इसके लिये जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की ओर से तहसीलवार गठित टीमों द्वारा शुक्रवार को कुल 47 उर्वरक विक्रेताओं के यहां छापे डालकर जिंक, माइक्रोन्यूट्रिट, सल्फर, फेरस व पोटास आदि के कुल 25 नमूने लिये गए। एक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित किया गया और दो विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा तहसील नवाबगंज में कुल 10 छापे डाले गये। सात उर्वरक के नमूने लिये गये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा तहसील हैदरगढ़ में कुल 13 छापे डाले गये। 10 उर्वरक के नमूने ग्रहित किये गये। एक विक्रेता मेसर्स मौर्या ट्रेडर्स, गेरावां द्वारा अभिलेख अपूर्ण प्रस्तुत करने पर उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बित किया गया। साथ ही मेसर्स महाकाल ट्रेडर्स हरचन्दपुर द्वारा उपलब्ध उर्वरक से सम्बन्धित बिल प्रस्तुत न किये जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा तहसील रामनगर व फतेहपुर में कुल 11 बिक्री केन्द्रों पर छापे डाले गये। चार नमूने लिये गये और एक विक्रेता मेसर्स अवध एग्रो एजेन्सी रामनगर द्वारा कोई अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। तहसील रामसनेहीघाट में भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी द्वारा कुल सात छापे डाले गये और नमूने लिये गए। तहसील सिरौलीगौसपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती द्वारा कुल छह जगहों पर छापे डाले गये और एक नमूना ग्रहित किया गया। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने जिले के सभी विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी अनाधिकृत स्रोत या व्यक्ति से कोई उर्वरक का क्रय या विक्रय न किया जाए। जो भी क्रय किया जाए अधिकृत स्रोत से पक्के बिल के साथ ही क्रय किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान में उपलब्ध उर्वरक व अन्य सामग्री का बिल न पाये जाने की स्थिति में सम्बन्धित विक्रेता के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रावई सुनिश्चित की जाएगी।

नाग देवता का मेला आज से, अफसरों ने परखीं व्यवस्थाएं

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार: मजीठा गांव में स्थित पौराणिक नाग देवता का मेला 20 जुलाई से शुरू होगा। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने मंदिर पहुंचकर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेले को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए ग्रामीणों को मेला में शांति सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा पाठ भी पढ़ाया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह, एसडीएम सदर विजय कुमार द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ बंकी ब्लॉक के प्रसिद्ध नाग देवता मंदिर पहुंच कर मंदिर तथा परिसर में सुरक्षा के व्यवस्था का जायजा लिया है।

अधिकारियों ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील हैं कि नहीं, उनको भी जांच-पड़ताल की है। उन्होंने ग्रामीणों तथा मेला कमेटी के पदाधिकारी के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। एएसपी ने कहा कि सभी लोग मेला को शांति और सुरक्षा के बीच संपन्न कराने में सहयोग करें। यदि किसी ने चेन स्नेचिंग, चोरी, छेड़छाड़ जैसी अन्य घटनाएं करने का प्रयास किया तो उसको बक्सा नहीं जाएगा। प्रभारी निरीक्षक सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि नाग देवता मेला को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के बेहद कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला व पुरुष आरक्षी समेत 350 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा अग्निशमन दल सतरिख और थाने का भी पुलिस बल मेला में मौजूद रहेगा। उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार यादव को मेला चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेला के दौरान मंजीठा के पास बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। हैदरगढ़ की तरफ से बाराबंकी जाने वाले वाहन हरख-सतरिख मार्ग से होकर बाराबंकी पहुंचेंगे। बाराबंकी से हैदरगढ़ की ओर जाने वाले वाहन सतरिख-हरख मार्ग से होकर गंतव्य स्थान को पहुंचेंगे। उन्होंने बताया की नौ स्थानों पर बैरियर भी बनाए गए हैं। इस मौके पर मेला कमेटी के व्यवस्थापक प्रबंधक देवकी नंदन वर्मा, उप प्रबंधक गिरजा शंकर, मजीठा ग्राम प्रधान मोहम्मद बज्जू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मंदिर का निरीक्षण करते एसडीएम, एएसपी व अन्य अधिकारी।

▸▸ दिए गए दिशा-निर्देश, 350 पुलिसकर्मियों के जिम्मे सुरक्षा

महात्मा बुद्ध ने सर्पों को पिलाया था दूध तब से शुरू हुई प्रथा

मंजीठा में जिस स्थान पर नाग देवता का भव्य मंदिर बना हुआ है, वहां कभी घना जंगल हुआ करता था। उस जंगल में विषैले सर्प रहा करते थे। उन्होंने कई लोगों को डसा था। सर्प के भय से लोग जंगल के किनारे भी नहीं जाते थे। मेला समिति के अध्यक्ष देवकीनंदन वर्मा बताते हैं कि एक दिन साधु के वेश में महात्मा बुद्ध जंगल की ओर से गुजरे। उस समय वहां कुछ लोग जानवर चरा रहे थे। उन्होंने महात्मा बुद्ध को सर्प का हवाला देकर जंगल में जाने से रोका। यह बात सुनकर महात्मा बुद्ध मुस्कुराए और जंगल में चले गए। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटे तो चरवाहों को चिंता हुई। सोचा बाबा भी सर्प का शिकार तो नहीं बन गए, थोड़ी देर बात वह मुस्कराते हुए सर्प के साथ जंगल के बाहर निकले। चरवाहों के साथ ही गांव वालों को भी मौके पर बुलवाया। उनसे सांपों पर जुल्म न करने का वचन लिया। महात्मा बुद्ध ने ग्रामीणों से कहा कि मैंने सर्पों को दूध पिलाकर उनके गुस्से को शांत कर दिया है। अब यह मनुष्यों को नहीं डसेंगे, बल्कि उनका कल्याण करेंगे। इसके बाद सर्प जंगल में चला गया और महात्मा बुद्ध विलुप्त हो गए। तभी से मंजीठा में मेला लगना शुरू हो गया। वर्तमान में नाग देवता का भव्य मंदिर बना हुआ है। इसमें नाग बाबा की बांबी (मठ) है। श्रद्धालु मिट्टी की छोटी-छोटी मटकियों में दूध चावल भरकर मठ पर चढ़ाकर मनौती मांगते हैं। मान्यता है कि अषाढ़ की पूर्णिमा को दूध-चावल चढ़ाने से मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। मटकी को प्रसाद स्वरूप श्रद्धालु घरों में ले जाकर चारों कोनों में रख देते हैं। उनका कहना है कि मटकी को घर में होने से सर्प नहीं आते हैं।

संदिग्ध हालात में मिला अधेड़ का शव

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार: संदिग्ध हालात में मृत पड़े अधेड़ को लोनी कटरा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना लोनी कटरा अन्तर्गत ग्राम पकौली स्थिति धेनुहा तालाब में लखनऊ के थाना नगराम अन्तर्गत ग्राम हुसैनाबाद निवासी हरिश्चंद्र कहार 50 वर्षीय सीघाडां की खेती करता था। शुक्रवार को लगभग ढाई बजे दिन में ग्राम वासीयों ने हरिश्चंद्र को अचेत अवस्था में देख स्थानीय लोनी कटरा पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने नजदीक से पहुंच कर देखा तो हरिश्चंद्र मृत्यु अवस्था में पड़ा था। उसकी नाक से खून भी निकल रहा था। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि मृत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा अनुमान लगाया जा रहा है किसी विषैले जीव ने हरिश्चंद्र को काटा होगा।

सार-संक्षेप

चोरी के प्रयास का वीडियो वायरल

कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठेका देसी शराब की दुकान में चोरी का प्रयास करने आए दो चोरों की फुटेज सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। मामले में कोठी पुलिस छानबीन कर रही है। मामला कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैसरगंज चौराहा स्थित ठेका देसी शराब का है। जहां पर बीती देर रात दुकान बंद कर सेल्समैन अजय जयसवाल घर चला गया और बाहर लगे कैमरे में दो अज्ञात व्यक्ति चोरी करने आए। जिसमें एक का चेहरा ढका था। वहीं दूसरे का चेहरा साफ दिखा। जो कैमरा को उखाड़ने लगे। जिससे उनकी फुटेज सीसीटीवी में कैप्चर हो गई। उन्होंने कैमरा व बल्ब निकालकर चोरी करने का प्रयास भी किया। लेकिन असफल रहे। सुबह दुकानदार ने जानकारी होने पर इसका इसकी सूचना कोठी पुलिस को देकर वीडियो को वायरल किया। जिस पर कोठी पुलिस फोटो के आधार पर मामले की जांच कर चोरों की तलाश कर रही है।

सचिव पर भुगतान न करने का आरोप

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाल खुर्द के ग्राम प्रधान सुनील यादव ने एडीओ पंचायत को प्रार्थना पत्र देकर पंचायत सचिव श्यामली जयसवाल पर भुगतान न करने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान का कहना है कि जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा सामुदायिक शौचालय का संचालन न होने के कारण जिला पंचायत अधिकारी के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था। 15 दिनों के अंदर मेरे द्वारा आश्वासन दिया गया था। 90 फीसदी सामुदायिक शौचालय में कार्य करवा दिया गया, लेकिन पंचायत सचिव के द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा।

पीड़ित के खाते में वापस आए एक लाख रुपये

पीड़ित को रकम वापस करते प्रभारी साइबर क्राइम विजय सिंह सिरोही।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार : यूपीआई के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर निकाले गये एक लाख रुपये साइबर थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराये गए। देव प्रकाश गौतम पुत्र विश्राम निवासी बड़ेल राजश्री नगर थाना कोतवाली नगर के साथ क्रेडिट कार्ड पर लगी अतिरिक्त सर्विस को बंद करने के संबंध में ऐप के माध्यम से फोन हैंग व साइबर फ्रॉड कर एक लाख रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिस पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा साइबर थाना को त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने के लिये निर्देशित किया। जिसपर तत्काल प्रभारी साइबर क्राइम थाना विजय सिंह सिरोही और उनकी टीम द्वारा तकनीक का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर पीड़ित के एक लाख रुपयों को पीड़ित खाते में वापस कराया गया।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार : मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहरा-छेदा मार्ग पर गुरुवार देर रात कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे के बाद अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पेड़ से टकराकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में घायल बाइक सवार को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार इसी थाना क्षेत्र के गंधीपुर मजरे गौरा सैलाक निवासी पंकज सिंह बेलहरा कस्बे में रेडीमेड की दुकान संचालित करते हैं। गुरुवार देर रात वह दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। तभी बेलहरा-छेदा रोड पर स्थित बाहुबली कोल्ड स्टोर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और हादसे में गंभीर रूप से घायल पंकज को इलाज हेतु ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। पंकज के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।

एसडीएम ने छात्र- छात्राओं को वितरित किए टैबलेट

बनीकोडर, बाराबंकी : अमृतविचार : रामखेलावन महाविद्यालय शेषपुर असंद्रा में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ ने छात्र- छात्राओं को टैबलेट वितरित किए।क\लेज सभागार में आयोजित समारोह में एसडीएम हैदरगढ़ अनुराग सिंह ने कुल 125 छात्र - छात्राओं को टैबलेट वितरित किए ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि टैबलेट से छात्र तकनीकी और डिजिटल रूप से मजबूत होंगे ।छात्रों की पढ़ाई में यह काफी उपयोगी साबित होगा ।

हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में बंद कराईं दुकानें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में डेरा डाले एनएसजी ने आपात स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार रात पूर्वभ्यास किया। इससे पहले पुलिस ने सात बजे हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में प्रसाद समेत अन्य दुकानों को बंद कर दिया। थाना प्रभारी राम जन्मभूमि देवेंद्र पांडे दुकानों को बंद करने व जगह खाली करने का अनाउंस करते रहे और आधे घंटे में ही दुकानों के शटर गिर गये। लोग कौतूहल वश एक दूसरे से माजरा जानने और समझने की कोशिश में जुटे रहे। पुलिस ने हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं को सुबह आकर दर्शन करने की हिदायत देकर हटाया, शुक्रवार देर रात खबर लिखे जाने तक पूर्वाभ्यास जारी था।

राम जन्मभूमि परिसर के निकट दशरथ महल के पास आतंकी हमले से बचाव का पूर्वाभ्यास करते एनएसजी के कमांडो। अमृत विचार

रात तीन घंटे राम मंदिर के आसपास चला था पूर्वाभ्यास

गुरुवार देर शाम बक्सर बंद वाहनों व वाहनों के काफिले के साथ पुलिस लाइन से शक्ति प्रदर्शन करते हुए राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे एनएसजी के कमांडो ने एटीएस व पुलिस के साथ राम जन्मभूमि परिषद में तीन घंटे तक पूर्वाभ्यास किया था। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों की निगरानी में हुए इस पूर्वाभ्यास में संयुक्त रूप से कमांडो दस्ते ने आपात स्थिति में हालात से निपटने का रिहर्सल किया था। रिहर्सल के बाद विभिन्न प्वाइंटों पर लगाए गए कमांडो की हरकतों और गतिविधियों की समीक्षा कराई गई।

8 माह में बनेगा उत्तर भारत का पहला आयताकार परकोटा वाला राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर की सुरक्षा में बन रहे आयातकार परकोटे का निर्माण कार्य लगभग 40 प्रतिशत अब तक पूरा हो गया है। यह कार्य अगले 8 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए 2000 से अधिक मजदूर लगाए गए है जो तीन अलग अलग शिफ्ट में कार्य कर रहे है।

▸▸ अब तक 40 प्रतिशत निर्माण हुआ पूरा

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। आगामी दिसंबर तक मंदिर के शिखर तक का कार्य पूरा हो जायेगा। वहीं मंदिर की सुरक्षा के साथ उसकी भव्यता को बढ़ा रही 800 मीटर लम्बे परकोटे का निर्माण भी मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ मदिर परिसर में बन रहे अन्य मदिरों का निर्माण शुरू हो गया है। उन्हें भी पत्थरों से ही तैयार किया जा रहा है।

भूतल पर है रामलला का सिंहासन : चंपत राय

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामलला का सिंहसान मंदिर के भूतल पर है। उसके प्रथम तल पर भगवान राम, माता जानकी अपने तीनों भाइयों और हनुमान जी के साथ विराजित होंगे। मंदिर के चारों ओर परकोटा बनेगा। उसके चार कोने होंगे जो कि आयतकार है। जिसके चारों अलग अलग कोने पर सूर्य, गणपति, भगवती और शंकर के पंचायतान मंदिर बनेंगे।आयताकार में दो तरफ की भुजायें लम्बी होती है। इन भुजाओं में हनुमान जी और दूसरी भुजा में माता अन्नपूर्णना देवी का मंदिर होगा। इसके अलावा राम मंदिर के निकट शेषवतार के रूप में लक्ष्मण का मंदिर बन रहा है। महर्षि बाल्मीकि, विश्वामित्र, गुरु वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य इसके अलावा निषाद, शबरी, अहिल्या और रामायण को समाज के बीच पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास का भी मंदिर बनेगा।

गर्भगृह में विराजमान रामलला

एससीआर का स्वागत, किसानों को मिले उचित मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

▸▸ योगी कैबिनेट के फैसले पर बोले सांसद तनुज पुनिया

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया और दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर प्रस्तावित लखनऊ स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के लिए अधिसूचना जारी कर दी। इसके तहत लखनऊ के आसपास राज्य राजधानी क्षेत्र बनाया जाएगा। लखनऊ के आसपास के 6 जिलों के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की गई है। इसमें बाराबंकी जिले को भी शामिल किया गया है। योगी सरकार के इस फैसले का बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र का विकास हो यह अच्छी बात है, लेकिन इसमें जिले के किसानों को उचित मुआवजा मिले सरकार को इस और भी ध्यान देना पड़ेगा।

सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि वह योगी सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं, क्योंकि यह उनके संसदीय क्षेत्र के विकास से जुड़ा हुआ है। तनुज पुनिया ने कहा कि एससीआर में जिले के तमाम ग्रामीण इलाके भी आएंगे। जहां के किसानों की जमीनों का भी अधिग्रहण होगा। ऐसे में बाराबंकी संसदीय क्षेत्र का विकास हो यह उनकी भी मंशा है। लेकिन इस विकास में किसानों की अनदेखी न हो। सांसद तनुज पुनिया ने योगी सरकार से मांग करते हुए कहा कि उनके जिले का अधिकांश हिस्सा खेती किसानी से जुड़ा है। ऐसे में गरीबों व किसानों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होना चाहिए। वहीं एससीआर में बाराबंकी का 4402 हेक्टेयर क्षेत्रफल शामिल हुआ है।

अभियान | स्कूल में सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान ने किया पौधरोपण

पेड़-पौधे हमारे लिए ऑक्सीजन का हैं स्रोत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार: 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण, पौध संरक्षण संकल्प अभियान के तहत स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान बाराबंकी द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल ग्राम छंदवल ब्लॉक बनीकोडर में वृहद पौधरोपण एवं पौध संरक्षण का संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे लिए ऑक्सीजन का स्रोत हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य व पूर्व उपायुक्त एसराम, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी, पूर्व बैंक अधिकारी जेएल भास्कर सहित स्कूल के प्रबंधक, शिक्षक, चाइल्ड लाइन 1098 की टीम सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों ने स्कूल परिसर में आम, आंवला,कटहल, नींबू, सागौन, सहजन, नीम आदि पौधे रोपित किया। स्कूल में पौधरोपण के उपरांत पौध संरक्षण का संकल्प लिया। संगोष्ठी में पूर्व उपायुक्त ने जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, बाढ़ सूखा आदि की बढ़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को जनअभियान बनाने की अपील किया। डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि हर व्यक्ति को जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन जरूरी है, पेड़ पौधे ही हमारी ऑक्सीजन के स्रोत हैं। इस मौके पर 50 बच्चों, और उनके अभिभावकों को पौधे वितरित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार, विनोद कुमार, वन्दना, शारदा, पूनम, सरिता, प्रिया, जियालाल, सरोज, सरस्वती, वीरेंद्र, अवधेश, अमित, जीनत, अंजली, अंचल, राहुल, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

पौधारोपण करते कार्यक्रम के अतिथि। अमृत विचार

दपंति ने की खुदकुशी

मांडा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस पहुंचने से पहले हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, मांडा, प्रयागराज

दंपति की फ़ाइल फोटो।

अमृत विचार। जिले में पति और पत्नी ने जहर निगल कर खुदकुशी कर ली। जहर खाने के बाद दोनों की तबियत बिगड़ी तो घरवाले पहले दोनों को सीएचसी लेकर पहुंच गए। जहां से डॉक्टरों ने दोनों को शहर के लिए रेफर कर दिया। स्वरूप रानी अस्पताल पहुंचते ही दंपत्ति की सांसे थम गई। घटना के बाद परिवार के लोगों ने पुलिस को जानकारी नहीं दी और शव लेकर गांव पहुंच गए। परिवार वालों ने शुक्रवार की सुबह पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को जब इस घटना की जानकारी हुई तो पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरु कर दी। पूरा मामला मांडा थाना अंतर्गत सराय खुर्द के अछोला गांव का है।

जानकारी के मुताबिक मांडा थाना अंतर्गत सराय खुर्द के अछोला गांव निवासी बाल मुकुंद खेती किसानी करते है। जिनका बेटा रत्नुष कुमार 30 वर्ष भी पिता के साथ काम मे हांथ बटाता था। गुरूवार की देर रात रत्नेश और उसकी पत्नी रीतू 28 वर्ष ने घर में ही जहर निगल लिया। दोनों को उल्टियां शुरु हुई तो उन्हें सीएचसी रामनगर लेकर गये। जहां से डॉक्टरों ने दोनों को गंभीर हालत में स्वरूप रानी अस्पताल के लिए भेज दिया। वहां अस्पताल पहुंचते ही दोनों ने दम तोड़ दिया। बेटे और बहू की मौत के बाद परिवार वाले शवों को लेकर सीधे गांव पहुंच गए। जिसके बाद गांव में खलबली मच गई। सुबह होते ही पुलिस के पहुंचने से पहले अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना की जानकारी होने पर डीसीपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय थाना प्रभारी व फोर्स के साथ पहुंच गई। मामले में परिवार और गांव वालो से पूछताछ की जा रही है।

मंडलायुक्त ने किया महाकुंभ के कार्यों का निरीक्षण

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जल निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से दो कार्यों का निरीक्षण शुक्रवार को मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने किया। उन्होंने जल निगम के सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-ई के अंतर्गत मुंडेरा, विष्णुपुरी, ट्रांसपोर्ट नगर आदि क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां जीएसबी बिछाने का कार्य अधोमानक पाया गया तथा अपेक्षित मात्रा में मैनपावर डिप्लॉयमेंट भी नहीं किया गया था जिससे कार्यों की प्रगति धीमी पाई गयी। नेहरू पार्क ड्रेन और यादवपुर ड्रेन के अवरोधन एवं डायवर्जन संबंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया गया जिसके दौरान दोनों ड्रेन में अवरोध नालों की दीवार का संरेखण सही नहीं पाया गया। कार्यों की प्रगति भी धीमी पाई गई और गुणवत्ता में भी कमी थी। थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा दिए गए फीडबैक का कम्प्लायंस भी समयबद्ध तरीके से नहीं किया गया था।

सिपाही ने पकड़ा किशोरी का हाथ, वीडियो वायरल

संवाददाता, पट्टी, प्रतापगढ़

▸▸ सोशल मीडिया सेल ने जारी किया सीओ का बयान, क्राइम वीडियोग्राफी कर रहा था सिपाही

अमृत विचार : कंधई थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना पर गांव में पहुंचे सिपाही ने एक किशोरी का हांथ पकड़ लिया। यही नहीं उसने अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट भी की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

सिपाही किशोरी का हाथ पकड़कर उसे जबरन थाने लाने का प्रयास करने लगा। परिवार के लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। वहीं पुलिस की सोशल मीडिया सेल ने सीओ पट्टी आनन्द कुमार राय का बयान जारी कर बताया कि सिपाही क्राइम वीडियोग्राफी कर रहा था। सारे आरोप निराधार हैं। कंधई थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर गांव में शुक्रवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर सिपाही अनिल कुमार गांव में पहुंच गया और झगड़ा शांत कराने लगा। इसी दौरान सिपाही ने अपने ननिहाल आयी एक 15 साल की किशोरी का हांथ पकड़ लिया और उससे अमर्यादित आचरण करते हुए उसे जबरन थाने ले जाने का प्रयास करने लगा। इस दौरान घटना का वीडियो किसी ने बना लिया (अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो, फोटो व उससे जुड़े तथ्यों की पुष्टि नहीं करता है।) और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

छेड़छाड़ के दोषी पिता -पुत्र को दो वर्ष की जेल, अर्थदण्ड

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पारुल वर्मा ने कोतवाली नगर के बड़ा का पुरवा के पिता पुत्र को दो साल की कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई। रामानुज छेड़खानी, मारपीट आदि एवं उसका बेटा मनीष कुमार मारपीट, जान से मारने की धमकी आदि के आरोप में दोषी मिला। इस पर कोर्ट ने दोनों को दो-दो वर्ष की कारावास और आरोपी रामानुज को 23 हजार रुपये का अर्थदंड, अभियुक्त मनीष कुमार को 13 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

वादी मुकदमा के अनुसार 15 अगस्त 2015 की सुबह 10 बजे वह अपने खेत में घास काट रहा था। तभी रामानुज मिश्रा, प्रवीण, प्रदीप, आशीष कुमार, ज्ञानेंद्र और मनीष एक राय होकर लाठी डंडा से लैस होकर पहुंचे। वादी को लाठी डंडे से मारने लगे, बहू व नातिन (पीड़िता) बचाने दौड़ी तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटने लगे। कोर्ट में विवेचना के उपरांत अभियुक्त रामानुज, प्रवीण और मनीष कुमार के विरुद्ध आरोप पद प्रेषित किया गया। दौरान विचरण प्रवीण कुमार की मृत्यु हो गई। अभियोजन की ओर से सात गवाहों के माध्यम से 11 प्रदर्शो को साबित कराया गया। विपक्षी गण द्वारा सफाई साक्ष्य में दो गवाहों को प्रस्तुत किया गया।

व्रत में युवक के लिए जानलेवा बना आलू, 72 घंटे बाद गले से निकाला

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज

अमृत विचार। नैनी के रहने वाले शिवम के लिए व्रत में आलू खाना जानलेवा बन गई, गले में आलू फंसने के कारण तेज दर्द के बाद घरवालों ने उसे शहर के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने काफी मुश्किलों के बाद युवक के गले से उस आलू को निकाल कर उसकी जान बचाई। हालांकि अब युवक की हालत में सुधार है।

करछना नीबी के रहने वाले शिवम यादव पुत्र दीना यादव का व्रत था। उसने मंगलवार को फलहार में फ्राई आलू खा लिया। आलू खाने के दौरान एक खड़ा छोटा आलू उसके गले में फंस गया। मंगलवार की रात में उसे गले में दर्द महसूस हुआ। गुरूवार को उसके गले का दर्ज बढ़ गया और उसकी आवाज बंद हो गई। वह रोते हुए घरवालों को इशारों में बताया। जिसके बाद गुरुवार की देर रात ही घरवाले उसे शहर के शांति विलास हॉस्पिटल में जाकर डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टरों कर तत्काल शिवम का चेकप शुरु कर दिया। इस्के बाद पता लगा कि युवक के गले कोई गोल वस्तु फंस गई है। डॉक्टरों ने शिवम का एक्स रे कराया और इसके बाद पता चल सका कि गले में आलू फंसा हुआ है। शिवम के पिता दीना यादव ने बताया कि स्थानीय डॉक्टर को पहले दिखाया था, लेकिन कोई आराम नहीं मिला। वहीं डॉक्टर अजय शुक्ला ने बताया कि मरीज को देख कर क्लियर नहीं था कि उसके गले में क्या फंसा है। उसकी आवाज नहीं निकल रही थी। पहले एक्स-रे कराया और फिर क्लियर करने के लिए गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी के माध्यम से पता लगाया गया कि गले में क्या है। उन्होने बताया कि गले में फंसे आलू को निकलने के लिए लेप्रोस्कोपिक फ़ोर्सेप का इस्तेमाल किया गया, जिसके बाद गले से आलू को निकाला जा सका।

एसडीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने शुक्रवार को डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने महिला वार्ड, पंजीकरण वार्ड, दवा वितरण केंद्र आदि के व्यवस्था का निरीक्षण किया है। एसडीएम लालगंज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक संजय सिंह ने अवगत कराया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछले भाग में बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त होने से दिक्कत हो रही है जिस पर एसडीएम ने सीएचसी अधीक्षक को अविलंब बाउंड्री वॉल बनाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने सीएचसी अधीक्षक को परिसर में सौंदर्य करण वनीकरण साफ सफाई व्यवस्था का निर्देश दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने रोगियों को अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का भी निर्देश दिए गए।

सपा-कांग्रेस के झूठ का करना होगा पर्दाफाश

संवाददाता, झूंसी

भाजपा काशी क्षेत्र के कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल।

अमृत विचारः भारतीय जनता पार्टी के काशी क्षेत्र के कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को झूंसी के अंदावा स्थित होटल में आयोजित की गई। बैठक में काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर सपा और कांग्रेस पार्टी की ओर से फैलाए गए झूठ का पर्दाफाश करना होगा।

अंदावा स्थित होटल त्रिवेणी संगम में भाजपा काशी क्षेत्र कार्य समिति की बैठक के मुख्य अतिथि यूपी भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य रहे। अध्यक्ष दिलीप पटेल ने आगे कहा कि कहा कि काशी क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार सांसद बनाकर देश का प्रधानमंत्री बनाया है। भाजपा कार्यकर्ता ही पहले देश फिर दल और उसके बाद स्वयं की बात करता है। क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने कहा कि हम एससी और ओबीसी आरक्षण के लिए कटिबध हैं। क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल, प्रदेश मंत्री मीना चौबे, मंत्री शंकर गिरि ने बैठक को संबोधित किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि दुनिया के देशों में हमारा देश अपनी संस्कृति से जाना जाता है। इस मौके पर प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, महामंत्री अशोक चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला पासवान, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्य,सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल,जिला प्रभारी उत्तर मौर्य, महानगर राजेंद्र मिश्रा, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने बरिया घाट का किया निरीक्षण

संवाददाता, मिर्जापुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने श्रावण मास में निकलने वाली कावड़ यात्रा को सकुशल एवं निर्वाध रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत नगर बरिया घाट का निरीक्षण किया। कावड़ यात्रा के लिए निर्धारित मार्गों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था को सूचारू रूप से संचालित करने व कावड़ियों की सुरक्षा के व्यवस्थापन हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आवश्यकतानुसार मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगायी गयी है, ताकि कावंड यात्रा में किसी प्रकार असुविधा न हो और वे अपने गंतव्य तक सकुशल यात्रा करें। उन्होंने कहा कि सभी घाटों पर सीसीटीवी कैमरा, चिकित्सा सम्बन्धी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। मुख्यतः कावंड़ यात्रा बरियाघाट से भरूहना होते हुए घोरावल जाते है। इस लिए रूट डायवर्जन भी किया जायेगा। कावंड़ यात्रा मार्ग में एम्बुलेंस आवश्यक रक्षक जीवन दवाईयां आदि भी उपलब्ध करायी जायेंगी। घाटों पर बैरीकेटिंग कराने का निर्देश नगर पालिका के अधिकारियों को दिया। पक्का घाट व बरिया घाट पर एक-एक एनडीआरएफ की टीम रहेंगी। डीएम द्वारा भरूहना चौराहा पहुंचकर रूप डायवर्जन के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा. शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

प्रेमी के साथ भागी पत्नी दे रही जानमाल की धमकी

संवाददाता, जौनपुर

अमृत विचार। पत्नी घर में रखा हुआ आभूषण और जमीन के कागजात लेकर कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद पति ने थाना कोतवाली पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया लेकिन मामला कुछ और ही निकला। पत्नी अपने प्रेमी के साथ जेवर आदि लेकर फरार हो चुकी थी। पति ने अपने बच्चों के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाया है। मालूम हो कि आदेश सेठ पुत्र वशिष्ठ नारायण सेठ थाना कोतवाली के ताड़तला मोहल्ला के निवासी हैं। 37 वर्षीय पत्नी रानी सेठ बीते 13 जुलाई को घर से शाम करीब 5 :30 बजे घर में रखा गहना व जमीन के कागजात को लेकर कहीं चली गयी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दिया। पति के अनुसार रानी सेठ ने बच्चों को भी धमकाया था कि मेरे फोन से की गयी बात और व्हाट्सएप पर की गयी चैटिंग को पिता से बताना नहीं, अन्यथा तुम्हारी चमड़ी उधेड़ लूंगी। बच्चों ने बाद में बताया कि मम्मी शुभम सेठ नामक लड़के से बात करती थीं जो कह रही थीं कि मैं जल्द ही इन लोगों का सारा खेल खत्म कर दूंगी और हम लोग चैन से रहेंगे। बीते 18 जुलाई को रानी अपनी बहन के लड़के के साथ जबरदस्ती मेरे घर में घुसकर हम लोगों से झगड़ा की। पीड़ित पति ने बताया कि इन सबके पीछे पत्नी के प्रेमी शुभम सेठ और रानी की बहन रेनू सेठ पत्नी सुनील सेठ निवासी शाहगंज रॉबर्ट्सगंज का हाथ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि रानी सेठ, शुभम सेठ व रेनू सेठ के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही करें।

भक्तिधाम के सत्संगियों ने किया रक्तदान

कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : भक्तिधाम मनगढ़ में शुक्रवार को वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भक्ति परिषत की अध्यक्ष डॉ. विशाखा त्रिपाठी, डॉ. श्यामा त्रिपाठी, डॉ. कृष्णा त्रिपाठी ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रयागराज और जिला मुख्यालय से पहुंची ब्लड कलेक्शन टीम ने रक्तदान शिविर की शुरुआत किया। सत्संगियो में एक के बाद एक करके रक्तदान करने की होड़ लग गई। रक्तदान शिविर सुबह से लेकर देर शाम तक चला। जिसमें कुल 300 सत्संगियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. संजय त्यागी, डॉ. संतोष,डॉ. मनीषा, डॉ. नम्रता आदि टीम सहित लगी रही।

राजा भैया की पत्नी ने फिर किया ट्वीट

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

▸▸ भानवी कुमारी सिंह की एक्स पर की जा रही पोस्ट बनी चर्चा का विषय

अमृत विचारः जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया व उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह का विवाद चर्चा का विषय बन गया है। दोनों तरफ से एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बाद मामला चर्चा में आया था। भानवी कुमारी ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोर्ट पहुंची थी।

राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने गुरुवार को लड़ाई जारी रखने की पोस्ट करने के बाद शुक्रवार को एक और पोस्ट करते हुए सरगर्मी बढ़ा दी है। भानवी कुमारी ने गुरुवार को एक्स पर लिखा था कि.....कभी कभी सोचती हूँ जब रियासत, राजघरानों से संबंधित महिलाओं को अपने सम्मान, गरिमा की रक्षा के लिए इतना संघर्ष करना पड़ता है। सरकार से याचना करनी पड़ती है और एक आईओ भी किसी की शह पर धमकी भरी भाषा में बात कर सकता है तो आम महिलाओं के साथ क्या होता होगा। अपनी व्यक्तिगत लड़ाई मैं ज़रूर लड़ूंगी, लेकिन महिला हितों के लिए बड़ी लड़ाई का भी संकल्प लेकर जल्द मैदान में उतरूंगी।उचित समय का इंतज़ार कीजिए। शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा .....नारी है सहज, सरल, रखती सबका ख़्याल। बन जाती चंडी वही, जब सम्मान पर उठे सवाल। इसी भाव के साथ न रुकना है न थकना है । चलना है बस चलना है।

रघुराज और पत्नी भानवी का चल रहा तलाक का केस

कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के परिवार की कलह फरवरी 2023 में सामने आई थी। अक्षय प्रताप सिंह के खिलाफ भानवी ने दिल्ली में जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद सामने आया कि दिल्ली की साकेत कोर्ट में भानवी कुमारी ने राजा भैया से तलाक लेने के लिए अर्जी दाखिल की है। हालांकि कोर्ट में दोनों के बीच तलाक का मामला चल रहा है।

‘कावेरी’ की बड़ी पैदावार से मसूरी, बासमती हो रहे दूर

संवाददाता, कोरांव/नैनी

▸▸ बारिश न होने से सूख रही धान की नर्सरी

कोरांव लेड़ियारी में कावेरी की फ़सल, बारिश न होने से किसान परेशान।

अमृत विचारः चावलों की अच्छी पैदावार कर लिए जाना जाने वाला प्रयागराज का लेड़ियारी इलाका आज अपनी पहचान खोने की कगार पर है। यमुनापार के लेड़ियारी में एक दौरा था जब मसूरी, बासमती और सोनाचूर ओर खुशबू से गांव महक उठता था, लेंकिन अब कावेरी की अधिक पैदावार होने के बाद किसानों के खेतों से मसूरी, बासमती, सोनाचूर दूर हो गये है।

बतातें चले कि यमुना नगर का लेड़ियारी इलाका धान के कटोरे के रूप में जाना जाता था। यहां सौ किस्म के खुशबूदार चावल की पैदावार होती थी। लेकिन अब धीरे-धीरे ‘कावेरी’ किस्म के धान की उपज से खेतों में पैदावार बढ़ने के बाद अब किसान मसूरी, बासमती, सोनाचूर की खेती नहीं कर रहे है। दरअसल किसान भी अब स्वाद के साथ पैदावार और मोटी कमाई देख रहे है। कावेरी के लगातार उत्पादन बढ़ने के बाद अन्य किस्म के चावलों की पैदावार देखने को नहीं मिल रही है।

एक बीघे में 20 कुंतल की पैदावार

कावेरी एक बीघे में 18 से 20 कुंतल की पैदावार है, तो दूसरी ओर सोनम 8 कुंतल, सोनाचूर 10 और बासमती 8 से 12 कुंतल की उपज होती हैं। कावेरी में छोटे पौधे होने के कारण गिरने का कोई डर नहीं रहता। समय पर फसल तैयार हो जाती है। कावेरी को आसानी से सरकारी समितियां एवं मंडी समितियां आदि में बिक्री की जा सकती है, जबकि अन्य किस्म के दानों की बिक्री मंडी समिति व सहकारी समितियां पर नहीं तौल की जातीं। बासमती की खरीदारी के लिए पहले बरेली के व्यापारी लेड़ियारी मंडी में आते थे। अब व्यापारियों का आना कम हो गया है।

क्या कहते हैं अन्नदाता

- बिजेंद्र प्रसाद तिवारी का कहना है कि कावेरी की पैदावार ज्यादा होने के कारण किसानों की पहली पसंद है।
- शिवचंद सिंह पटेल का कहना है कि कावेरी की तौल आसानी से सरकारी क्रय केंद्रों पर हो जाती है और समय पर भुगतान भी मिल जाता है, जिसके कारण किसान कावेरी की अधिक पैदावार करते हैं।
- चित्रसेन तिवारी निवासी बिरहा कृपया का कहना है कि हम लोग खाने के लिए सोनम की नर्सरी लगाते हैं। कारोबार के लिए कावेरी की उपज करते है।
- हरी प्रसाद सेमरिहा का कहना है कि व्यापार की दृष्टिकोण से 25 से 30 बीघे कावेरी की नर्सरी लगाते हैं और खानें के लिए तीन-चार बीघा सोनम जिससे वर्ष भर का कार्य चल जाता है।

नहर में पानी न आने से सूख रही धान की फसल

संवाददाता, बाबागंज, प्रतापगढ़



पानी के अभाव में सूखी पड़ी हीरागंज रजबहा। अमृत विचार

अमृत विचार : वर्षा न होने और नहर में पानी न आने से किसानों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। नर्सरी (बेहन) तैयार होने के बावजूद धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। कुछ किसान ऐसे भी हैं जिन्होंने निजी नलकूप के सहारे धान की रोपाई तो कर लिए हैं, लेकिन पानी के अभाव मे फसल अब सूखने के कगार पर पहुंच गई है। बिजली कटौती भी निजी नलकूप चालकों के लिए बड़ी समस्या बन गई है।

गोगहर निवासी किसान ओम प्रकाश यादव पप्पू कहते हैं कि बाबागंज से होकर कोहड़वारा, रेवरी, चंपतपुर, मोहन, हीरागंज, गोगहर, जगापुर के रास्ते टेल तक जाने वाली हीरागंज रजबहा बदहाल है। यहां टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है। उतरार निवासी किसान अमित मौर्य ने बताया कि बारिश के मौसम में हीरागंज रजबहा में धूल उड़ रही है। वर्षा न होने से हाहाकार मचा हुआ है। झींगुर ग्राम पंचायत के किसान विनोद मिश्र लोहा का कहना है कि आषाढ़ एवं सावन के महीनों में मौसम से झकझोर कर वर्षा होती थी। बारिश नहीं हो रही है जपंपिंग सेट से रोपाई व सिंचाई कर पाना संभव नहीं है। वर्षा के न होने से धान की रोपाई मुश्किल है। बेहन की तैयारी कर ली गई थी। चिकनी व बलुई मिट्टी होने के लिए पर्याप्त पानी के बिना धान की फसल होना असंभव है। वही नहर का पानी धीमा होने से टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है।

अराजकतत्वों के कारण नहीं पहुंच पाता पानी

रानीगंज/गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : बारिश न होने के अलावा नहर में पानी न आने से किसान परेशान है। पानी आने पर अराजक तत्वों द्वारा नहर की कटाई कर दी जाती है,इससे टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है।विष्णुपुर रजबहा की समस्या को लेकर किसानों ने अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। बावजूद इसके नहर विभाग के अधिकारी मौन हैं। पानी न आने से नहर में धूल उड़ रही है। किसान धान की रोपाई न होने से चिंतित हैं। इस सम्बन्ध में एसडीओ सिंचाई ने बताया कि विष्णुपुर रजबहा में पानी छोड़ा गया था,लेकिन अराजक तत्वों द्वारा नहर बीच में काट देने से टेल तक पानी नहीं पहुंचा। नहर बांधने का कार्य हो रहा है,जल्द ही टेल तक पानी पहुंच जाएगा ।

सार-संक्षेप

वांछित दुराचारी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, बरसठी, जौनपुर। अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र में कुछ माह पूर्व एक युवक ने नाबालिक लड़की से गलत कार्य किया था जिसके ऊपर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था लेकिन वह फरार चल रहा था मुखबिर की सूचना पर तेजतर्रार थानाध्यक्ष कश्यप कुमार सिंह ने दुराचारी युवक सूरज सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी सरायडीह थाना सुरेरी उम्र 22वर्ष को सुखलाल गंज रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर बृहस्पति वार को जेल भेज दिया। जिसके ऊपर आइपीसी की धारा 363,366,376 व 5/6 पाक्सो एक्ट का धारा लगा था।

जिकरे इमामे हुसैन के जलसे का हुआ आयोजन

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : हलिया कस्बा स्थित मदरसा नूरिया परिसर में शुक्रवार को 10 बजे दिन से जिकरे इमामे हुसैन के जलसा का आयोजन किया गया। जलसे में मुंबई निवासी सैयद अमजद हसनैन , प्रयागराज से पधारे नूर मोहम्मद नूर, आजमगढ़ से पधारे हाफिज इमरान राजा, मिर्जापुर से पधारे साबिर अली ने इमामे हुसैन के बारे में विधिवत चर्चा किया। इमाम हुसैन की शहादत पर तकरीर पेश करते हुए उनकी कुर्बानी व इंसानियत के मिसाल को याद किया। उनकी कुर्बानी को याद कर उनके पथ पर चलने की नसीहत दी। कहा कि यह यजीद की फौज ने पहले ही इमाम हुसैन का सिर काट दिया था और उनके सिर को महल की ओर ले जा रहे थे। उस वक्त राहिब और उनकी सेना ने यजीद से मुकाबला किया और सिर ले लिया कहा जाता है कि इस सिर को बचाने के लिए उन्होंने अपने बेटे का सिर कलम कर दिया।

महाकुंभ में एआई-एएनपीआर कैमरे से वाहनों की निगरानी

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : महाकुम्भ में आने वाले हर व्यक्ति और वाहन पर पुलिस की नजर रहेगी। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने बताया कि कमिश्नरेट के तीनों जोनों में 16 स्थानों पर ये एआई और एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे। इससे वाहन के नंबर प्लेट की पहचान हो सकेगी। कैमरे वाहनों के प्रकार भी पहचान कर उनकी संख्या बता देगा। जिले में कुल कितने वाहन प्रवेश कर चुके हैं, प्रति मिनट कितने वाहन जनपद में प्रवेश कर रहे हैं, वाहन में कितने लोग बैठे हैं, इससे न सिर्फ ट्रैफिक कंट्रोल में काफी मदद मिलेगी, बल्कि संगम क्षेत्र की पार्किंग में भी अलर्ट कर दिया जाएगा। वाहनों की संख्या अधिक होने पर दूसरी पार्किंग की व्यवस्था की जा सकेगी या वाहनों को शहर के बाहर ही पार्क करा दिया जाएगा। जोन स्तर पर 400 करोड़ का बजट मिला है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहकों को भेंट किये फलदार पौधे

संवाददाता,गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा की रामापुर शाखा में 117 वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को ग्राहकों को फलदार पौधे भेंट किये गए। ग्राहकों से पौधरोपण कर उसके संरक्षण की अपील कर ग्राहक हित में सुझाव भी मांगे गए। शाखा प्रबंधक नीलेश दुबे ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए धरती पर पौधरोपण नितांत आवश्यक है। पौधरोपण कर उसे संरक्षित करना हम सभी की जवाबदेही है। इस दौरान बैंक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए चल रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। ग्राहकों से बैंक में सुधार के सुझाव भी मांगे गए। इस अवसर पर महेंद्र द्विवेदी, विनोद कुमार मिश्र, रामलाल गुप्ता, आकाश गुप्ता,दिलीप कुमार,विजय प्रकाश, सोनू, चौहरजा प्रसाद आदि ग्राहक मौजूद रहे।

वृहद पौधरोपण आज, शामिल होगें उद्यान मंत्री

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह 20 जुलाई को सुबह 8 बजे लालगंज अझारा आयेंगे। शनिवार को वह पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान (एक पेड़ माँ के नाम) के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होगें। इसके बाद गौराडांड़ में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता करेंगे

सीडीओ ने प्रभात-फेरी को दिखाई हरी झंडी, किया रवाना

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : भूजल संरक्षण के लिए जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह के आयोजन के क्रम में शुक्रवार मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने भूगर्भ जल विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग के तत्वाधान में जल संरक्षण का करो प्रयास-जल ही है जीवन की आस विषय बिन्दु पर केन्द्रित प्रभात-फेरी को चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क (कम्पनी बाग) से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी हिन्दू हास्टल, मनमोहन पार्क, लक्ष्मी चैराहा होते हुए विकास भवन में समाप्त हुई। जिसमें भूगर्भ जल विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अतिरिक्त विभिन्न विभाग के कार्मिकों एवं स्वयं सेवी संगठनों ने प्रतिभाग किया। भूजल संरक्षण को प्रोत्साहन प्रदान करने के भेज जल विभाग द्वारा स्थापित करायी गयी सेल्फी प्वांइट पर प्रतिभागियों द्वारा सेल्फी ली गयी। भूजल संरक्षण के लिए रविशंकर पटेल, हाइड्रोलाजिस्ट एवं कुमार गौरव, सहायक अभियन्ता द्वारा शपथ भी दिलायी गयी। सार्वजनिक स्थलों पर भूजल संरक्षण के लिए जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से जल संरक्षण एवं संचयन से सम्बन्धित जानकारी दी गयी।

राज्य विश्वविद्यालय के विधि छात्रों ने लहराया परचम

संवाददाता, नैनी, अमृत विचार। प्रो . राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) यूनिवर्सिटी द्वारा बीए एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एंड सोशल साइंस के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एंड सोशल साइंस के छात्रों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसमें 16 छात्रों ने 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्र वीर विक्रम सिंह ने 85 प्रतिशत, वर्तिका श्रीवास्तव ने 83 .33 प्रतिशत, वेदांत अग्रवाल ने 83 .33 प्रतिशत हासिल किया है। उत्कृष्ट छात्रों को इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एंड सोशल साइंस द्वारा स्थापित तीन स्कालरशिप डॉ . एमके गांधी, डॉ . राजेंद्र प्रसाद और डॉ . बीआर अंबेडकर प्रदान की जाएगी। साथ ही 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

भोरई का पुरवा व डड़वा के लोगों को हाईकोर्ट ने दी राहत

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : शहर से लगे हुए भोरई का पुरवा और डड़वा मोहल्ले के करीब चार हजार मतदाताओं को उच्च न्यायालय ने राहत दे दी है। कोर्ट ने वोटरों को नगरपालिका में शामिल करने का आदेश प्रशासन को दिया है। मामले में की गई कार्रवाई से एक अगस्त को अवगत कराने का आदेश दिया है। नगरपालिका की सीमा विस्तार की प्रक्रिया वर्ष 2019 में पूर्ण की गई थी। सीमा विस्तार के दौरान ग्राम पंचायत रंजीतपुर और महुली के सम्पूर्ण परिवार नगर पालिका में शामिल किए जाने थे। लअफसरों की लापरवाही के कारण इन ग्राम पंचायतों के मोहल्ले भोरई का पुरवा और डड़वा के करीब चार हजार मतदाता छोड़ दिए गए। यहां के मतदाताओं का नाम ग्राम पंचायत और नगरपालिका की सूची कहीं शामिल नहीं किया गया। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में चार हजार मतदाताओं को मतदान से वंचित कर दिया गया। यही हाल वर्ष 2023 के निकाय चुनाव में भी रहा। मतदान से वंचित मतदाता लगातार प्रशासन से गुहार लगाते रहे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोकसभा चुनाव में भी ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम सदर उदयभान सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि चुनाव सम्पन्न होने के बाद उनकी समस्या का निस्तारण किया जाएगा। लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस प्रकरण को लेकर पूर्व एमएलसी आनन्द भूषण सिंह बब्बू राजा के पुत्र सपा नेता यशवर्धन सिंह ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को प्रकरण की सुनवाई करने के बाद भोरई का पुरवा और डड़वा के ग्रामीणों को नगरपालिका की मतदाता सूची में शामिल करने का आदेश दिया है। इस निर्णय से मतदाताओं में खुशी है।

एक नजर

पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन तेज करेंगे

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि प्रदेश के डेढ़ लाख कर्मचारियों को अभी तक नियुक्त नहीं किया गया। इनमें प्रदेश में कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारी, ट्यूबबेल ऑपरेटर समेत विभिन्न संवर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों में राज्य सरकार समस्याओं का निराकरण नहीं करती है तो आंदोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।

धान की पौध के साथ डूब गया प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई
- बाढ़ और बारिश से नष्ट हुई ज्यादातर पौध, रोपाई पर भी संकट

अमृत विचार : प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं। असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 क्षतिपूर्ति मिलती है। लेकिन, इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया।

नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

तीन लाख महिलाओं के पास आधार फिर भी पेंशन नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निराश्रित महिला पेंशन योजना का तीन लाख महिलाओं को नहीं मिल रहा लाभ
- महिलाओं को योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लिए जा रहे हैं आधार कार्ड

अमृत विचार: आधार कार्ड होने के बाद भी प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना का लाभ देने के लिए विभाग ऐसी महिलाओं के आधार कार्ड के नंबर एकत्र करा रहा है।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पेंशन पात्रों के बैंक खाते में भेजी जाती है।

प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना की जानकारी के अभाव में महिलाएं योजना का लाभ नहीं उठा पा रही है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं को योजना का लाभ देने के लिए उनके आधार कार्ड एकत्र कराए जा रहे हैं। साथ ही विज्ञापन के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए आधार कार्ड के साथ आवेदन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं। आधार कार्ड लेकर इन महिलाओं का आवेदन कराया जाएगा ताकि इनको लाभ मिल सके।

चौ. चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

अमृत विचार: ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके ट्रस्ट आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने डॉ. रामपाल सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

मानदंडों का उल्लंघन किया

ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

संगठन बड़ा न सरकार जनता का कल्याण सबसे बड़ा : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ: सपा के अखिलेश यादव ने भाजपा को सत्ताभोगी बताया। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संगठन सरकार से बड़ा होता है, संबन्धी बयान पर तंज कसते हुए कहा, भाजपाई सत्तान्मुखी है, सेवान्मुखी नहीं। उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

केशव प्रसाद मौर्य व अखिलेश यादव में सोशल मीडिया पर वार-पलटवार थम नहीं रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि न संगठन बड़ा होता है, न सरकार। जनता का कल्याण सबसे बड़ा होता है। दरअसल संगठन और सरकार तो बस साधन होते हैं, लोकतंत्र में साध्य तो जनसेवा ही होती है। जो साधन की श्रेष्ठता के झगड़े में उलझे.हैं, वो सत्ता और पद के भोग के लालच में है, उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

नए मेडिकल कॉलेजों की दूसरी अपील पर एनएमसी ने की वर्चुअल सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएमसी के नये मानकों के अचानक बदलाव से सत्र शुरू करने में समस्या

अमृत विचार: एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यो ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है।

यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला,एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत, पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यो ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) में आवेदन किया था। एनएमसी ने साल 2023 के मानक अनुसार शिक्षकों की संख्या न होने पर मान्यता नहीं दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले को गंभीरता से लिया तो ज्ञात हुआ कि कॉलेज प्रशासन ने एनएमसी के साल 2020 के मानकों को पूरा करते हुए आवेदन किया था, जबकि 2023 के मानक में शिक्षकों की संख्या बढ़ गई थी।

आवेदन करने वाले 13 कॉलेज

बुलंदशहर, औरैया, सोनभद्र, ललितपुर, चंदौली, सुल्तानपुर, गोंडा, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कानपुर देहात, कौशांबी, बिजनौर एवं पीलीभीत के नये मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को पोर्ट्रेट भेंट करते लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता।

राज्यपाल से मिले लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यकमान स्थित सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सेना से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल ने राज्यपाल से उत्तर प्रदेश में नागरिक-सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा किए गये अलग-अलग बिंदुओं पर और समग्र सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा की।

टेलीग्राम से ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एसटीएफ ने फर्जी टेलीग्राम ग्रुप बनाकर जॉब आफर करने और धन को दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि विगत काफी समय से सोशल मीडिया के माध्यम से मैसेज भेजकर उसमें टॉस्क देकर धन दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थी। इस दौरान बता चला कि साइबर क्राइम थाना लखनऊ में एक मुकदमा पंजीकृत हुआ है, मामले की जांच के बाद के बाद एसटीएफ ने इस गिरोह से जुड़े जोधपुर राजस्थान निवासी प्रकाश नवल, सतीश नवल एवं कैलाश चंद्र को दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम ने पद से दिया इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है।

राज्यपाल को संबोधित अपने पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर वह हार की जिम्मेदारी ले रही हैं। उन्होंने कहा है कि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहते हुए वह जनता के बीच में भाजपा को मजबूत करने में वह असफल रही हैं। इस कारण वह अपनी अंतरात्मा से व्यथित होकर सरकारी पद से त्यागपत्र दे रही हैं। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन में कार्य करती रहेंगी। पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगी।

महाकुंभ में पर्यटकों को मिलेगी होम-स्टे सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी बढ़ेंगे भवन स्वामियों के लिए स्वरोजगार

अमृत विचार: पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में पेइंग गेस्ट बनाए जाएंगे। इस योजना में पर्यटकों को उचित दर पर ठहरने के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वह भवन स्वामी जिनके पास अतिरिक्त कमरे हैं होम-स्टे योजना का लाभ ले सकते हैं। इससे पर्यटकों को संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के संभावना है। बड़ी संख्या में ठहराव स्थल की आवश्यकता होगी। इसके लिए होटल आदि के साथ-साथ पेइंग गेस्ट पर अधिक फोकस किया जा रहा है। ऐसे भवन स्वामियों जिनके पास पर्यटकों को रुकवाने के लिए अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों। भवन स्वामी, क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय प्रयागराज में आवेदन कर सकते हैं।

इससे स्वतः रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मकान मालिक कमरे उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को नाश्ता, भोजन की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा। कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिए आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा। पेइंग गेस्ट के लिए विभिन्न मानक निर्धारित किए गए हैं।

वर्ग पहेली-136

बाएं से दाएं

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

ऊपर से नीचे

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।



वर्ग पहेली -135 का हल

1 टु	■	■	■	2 नि	
3 क	व	ल	4 न	ग	
ड़ा	■	■	भ	ह	
■	5 अ	च	क	■	
6 खा	स	क	र	7 द	
विं	■	ड़	■	शां	
द	■	फ़ों	■	8 बा	ग

कांवड़ यात्रा को कई जिलों में 22 से 19 अगस्त तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ ,कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहांपुर व गोरखपुर सहित अन्य जिलों में वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

अमृत विचार: श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर 22 जुलाई से 19 अगस्त तक के लिये ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को डायवर्जन चार्ट जारी किया। इसमें कानपुर, उन्नाव , सीतापुर, शाहजहांपुर, प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों से लखनऊ आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित के मुताबिक कांवड़ियों के आवागमन वाले रास्तों और शिव मंदिरों के आसपास के रास्तों पर भी डायवर्जन लागू रहेगा।

सई नदी पर पुल क्षतिग्रस्त: मौरांवा से मोहनलालगंज कस्बा जाने वाले मार्ग में सईं नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त है। इसके चलते मौरांवा से मोहनलालगंज की तरफ भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

इमरजेंसी में प्रतिबंधित मार्ग से निकल सकेंगे: डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया, जिन रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। उन पर भी अनिवार्य होने पर इमरजेंसी सेवाओं जैसे एंबुलेंस, शव वाहन, दमकल वाहन, स्कूली वाहन आदि को ट्रैफिक कर्मियों से संपर्क कर निकाल सकेंगे। इस दौरान किसी को कोई समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर संपर्क कर सकता है।

लखनऊ के शिव मंदिरों के आसपास भी डायवर्जन

- मनकामेश्वर मंदिर बंधा रोड होते हुए हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहा और डालीगंज पुल निर्धारित किया गया है।
- मनकामेश्वर मंदिर, नदवा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग हनुमान सेतु या बंधा रोड़ होकर तय किया गया है।
- बुद्धेश्वर मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सर्विस रोड या ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर जा सकेंगे।

वाहन चालक इन वैकल्पिक मार्गों का कर सकेंगे प्रयोग

- कानपुर नगर से भारी वाहन रामादेवी से फतेहपुर, लालगंज, बछरावां से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन उन्नाव के ललऊखेडा से दाहिने अचलगंज से लालगंज होकर बछरावां होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व उन्नाव के पुरवा मोड़ से मौरांवा से बछरावां होते हुये हैदरगढ़ होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- सीतापुर- शाहजहांपुर, बरेली से सीतापुर-लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन सीतापुर से चहलारी घाट, बहराईच, बलरामपुर होकर जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन बंथरा, जुनाबगंज से मोहनलालगंज होकर खुजौली से गोसाईगंज होते हुये पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- प्रयागराज से लखनऊ, बाराबंकी होकर बहराइच, श्रावस्ती बलरामपुर गोंडा जाने वाले वाहन लखनऊ के मोहनलालगंज से गोसाईगंज से खुजली होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर से लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन मड़ियांव आईआईएम रोड से पारा होकर वीआईपी रोड होते हुये शहीद पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर जा सकेंगे।
- लखनऊ से बाराबंकी, गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन इंदिरा कैनाल अयोध्या रोड से किसान पथ पर डायवर्ट किए जाएंगे, जो किसान पथ सुल्तानपुर रोड होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवाजाही कर सकेंगे।

सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8	9				
3		6					8	
	4		2			5		1
	5		3		1	8	7	
8		2				1		6
	9	1	5		8		4	
1		9			4		3	
	7					6		8
				5	9			

सुडोकू -48 का हल

4	9	7	5	2	1	8	3	6
2	3	5	6	9	8	1	7	4
6	1	8	4	3	7	9	5	2
3	4	2	1	7	5	6	8	9
8	5	6	3	4	9	7	2	1
1	7	9	2	8	6	5	4	3
7	8	4	9	6	2	3	1	5
5	6	3	8	1	4	2	9	7
9	2	1	7	5	3	4	6	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा,लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

वृष — आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

मिथुन — आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें ,इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

कर्क — आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

सिंह — आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

कन्या — आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

वृश्चिक — आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

धनु — आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

मकर — आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

कुंभ — आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

मीन — आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- एतराज — दोपहर : 12.11
- वेलकम बैक — शाम : 06.41

&pictures
- बागी — सुबह : 10.53
- गदर 2 — रात : 07.30

SONY PIX
- लाइट्स आउट — सुबह : 07.29
- स्पाइडर मैन — रात : 06.16

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.37
- स्पाइडर — शाम : 05.18

colors CINEPLEX
- मोहब्बत — सुबह : 09.20
- ओएमजी — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड़ लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,900
सोना रवा	73,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,000
चांदी (999)	91,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए

- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरूआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।

- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ की हानि

नई दिल्ली। शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

एचडीएफसी बैंक का सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक है। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसका सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन एक दशक से सक्रिय है और 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इस पहल के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में चिन्हित 112 जिलों में से 85 जिलों को लाया गया है। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने कहा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल संवर्धन, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय साक्षरता और पर्यावरण के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को देखते हुए हमारा लक्ष्य उन समुदायों में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी वृद्धि का समर्थन करना है जहां हम काम करते हैं।

- 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक

कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

कोलकाता, एजेंसी

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं।

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में है केंद्र

नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।

राष्ट्रीय

एक नजर

31 तक अंतर्राष्ट्रीय राखी शिपमेंट की डाक की अपील

नई दिल्ली। रक्षा बंधन के साथ भारतीय डाक दुनिया भर में अपने प्रियजनों को राखी भेजने के लिए अपनी सहज अंतर्राष्ट्रीय मेल सेवाओं का उपयोग करने के लिए लोगों से 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाने की सलाह दी है। डाक विभाग ने अपील करते हुये कहा कि अपने प्रियजनों को अपने दिल से दिए गए उपहारों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाएं।

गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

मुंबई। गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

तस्करी के 33,000 लीटर डीजल जब्त, 4 गिरफ्तार

अलीबाग। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवास बंदरगाह पर पुलिस ने समुद्री मार्ग से तस्करी कर भारत लाये जा रहे 33,000 लीटर डीजल को जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त डीजल और इसकी ढुलाई करने वाले ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) की कुल कीमत 36.40 लाख रुपये है। आरोपियों में गणेश, विनायक, गजानन और मुकेश है।

संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

पीठ ने कहा कि सूचीबद्ध इसी तरह की अन्य याचिका पर भी 22 जुलाई को सुनवाई होगी। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों, कंपनियों और जांच एजेंसियों में लेन-देन का आरोप लगाया गया है। याचिका में उन कंपनियों के वित्तपोषण के स्रोत की जांच का अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में तालमेल अधिक जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ

- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

आतिशी ने दिल्ली के लिए केंद्र से मांगे 10,000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री आतिशी ने विकास के लिए शुक्रवार को केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये की मांग की और दावा किया कि आयकर के रूप में पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली ने केंद्रीय करों में सीजीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बजट से पहले आतिशी ने दिल्ली के लिए अधिक राशि जारी करने की वकालत करते हुए कहा कि सड़क, परिवहन और बिजली क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण पर यह राशि खर्च किया जा सकता

- मंत्री ने दावा किया पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला

है। आतिशी ने कहा कि 2001 से केंद्र सरकार ने दिल्ली को केवल 325 करोड़ रुपये दिए हैं। पिछले साल लोगों ने कर के रूप में दिल्ली को 35,000 करोड़ दिए, जिसे मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण व रखरखाव पर खर्च किया गया। दिल्ली के लोगों ने केंद्र को कुल 2.32 लाख करोड़ कर दिया, उसमें से दिल्ली पर कुछ खर्च नहीं किया।

डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई।मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर

- 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। अनुच्छेद 32 याचिका कैसे दायर की जा सकती है? हम किसी अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ गौर नहीं कर सकते। दोषियों राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर आठ जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

निठारी हत्याकांड

रत्न भंडार के भीतरी कक्ष में कोई सुरंग नहीं मिली : पूर्व न्यायमूर्ति

पुरी। श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के भीतरी कक्ष में गोपनीय सुरंग की लगाई जा रही अटकलों के बीच, पुरी के राजा एवं गजपति महाराजा दिव्य सिंह देव ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) जांच के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सकता है। देव ने सुरंग या गुप्त कक्षों की संभावना पर यह बात कही।

कई लोगों का मानना है कि रत्न भंडार के भीतरी कक्ष में गुप्त सुरंग है। देव ने कहा कि लेजर स्कैन जैसे उपकरणों का उपयोग कर सुरंगों जैसी संरचना के बारे में जानकारी मिल सकती है। पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि हमारे निरीक्षण के दौरान हमें सुरंग जैसी किसी विशेष चीज का कोई साक्ष्य नहीं मिला।

चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह ध्यान में रखते हुए कि उपाय के प्रतिपूरक पहलू को दंडात्मक पहलू पर प्राथमिकता दी जाएगी, अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत अपराधों के शमन को प्रोत्साहित करना चाहिए, यदि पक्ष ऐसा करने के इच्छुक हैं। परक्राम्य लिखत अधिनियम सभी परक्राम्य लिखतों जैसे वचन पत्र, विनिमय पत्रों और चेक संबंधी मामलों के निपटान से संबंधित है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि यह याद रखना होगा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है। आदेश में कहा कि परिस्थितियों की समग्रता और पक्षों के बीच समझौते पर विचार करते हुए, हम इस अपील को स्वीकार करते हैं तथा एक अप्रैल 2019 के लागू आदेश के साथ-साथ निचली अदालत के 16 अक्टूबर 2012 के आदेश को रद्द करके अपीलकर्ताओं को बरी करते हैं।

हुड्डा से जुड़े मामले में एम3एम का 300 करोड़ का भूखंड कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े है तार

में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।

एक नजर

पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि विस्फोटक उपकरण को मोटरसाइकिल पर रखा गया था और रिमोट नियंत्रित उपकरण की मदद से विस्फोट किया गया था।

रूस में चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर गायब

मॉस्को। रूस के सखा रिपब्लिक (याकूतिया) के चागदा गांव से 80 किलोमीटर (50 मील) दूर एक रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर गायब हो गया है, जिसमें एक पायलट सहित तीन यात्री सवार थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, रॉबिन्सन विमान का इकोस्पास आपातकालीन बीकन आज रात चागदा गांव से 80 किलोमीटर दूर बंद हो गया। विमान में तीन यात्री और एक पायलट सवार था।

चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

बीजिंग। चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

सैंटियागो (चिली)। अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में गुरुवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था।

वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख का निधन

हनोई। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और देश के सबसे कद्दावर नेता गुयेन फु ट्रोंग का कई महीनों तक बीमार रहने के बाद निधन हो गया। आधिकारक मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। हान डान समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग का 19 जुलाई 2024 को एक बजकर 38 मिनट पर 108 केंद्रीय सैन्य अस्पताल में वृद्धावस्था और गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया। ट्रोंग को 2011 में पार्टी प्रमुख चुना गया था।

अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से अनुरोध करते हैं।

● अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

इसरो प्रमुख को पीएचडी की उपाधि

चेन्नई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी और कुल 2,636 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं। आईआईटी-मद्रास द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रायन के. कोबिल्का थे।

पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़ें दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

अन्य धर्मों की स्थिति

- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।

कब शुरू हुई परेशानी

गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।



वैश्विक आउटेज के बीच माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम में दिखाई गई ब्लू स्क्रीन त्रुटि दिखाता स्क्रीनशॉट। ● एजेंसी

क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

थिम्पू। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

● पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई

यात्रियों की मदद को दूतावास की टीम मौजूद

मॉस्को/नयी दिल्ली, एजेंसी

रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि दूतावास के तीन अधिकारी और एक दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की उस उड़ान के यात्रियों की मदद के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद हैं जिसे आपात स्थिति में उतरना पड़ा। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास की टीम यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए जुटी हुई है और तब तक मौके पर रहेगी जब तक कि यात्रियों को उनकी आगे की यात्रा पर ले जाने के लिए कोई वैकल्पिक विमान की व्यवस्था नहीं हो जाती।

● एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी

दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है। विमान ने कल रात क्रास्नोयार्स्क में आपातकालीन लैंडिंग की थी। टीम हवाई अड्डे और सुरक्षा अधिकारियों और रूसी विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि के साथ समन्वय कर रही है।

ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे, आगजनी

लंदन, एजेंसी

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है। मैं कहूंगा कि यह एक ऐसी घटना थी, जिसका संभवतः गलत अर्थ निकाला गया। इससे पहले ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेटे कूपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह चौंकाने वाले दृश्यों और पुलिस वाहनों तथा सार्वजनिक परिवहन पर रात भर हुए हमलों से स्तब्ध हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लीड्स के हरेहिल्स क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक तैनाती की थी। कूपर ने कहा, हमारे समाज में इस तरह की अव्यवस्था की कोई जगह नहीं। सोशल मीडिया फुटेज में सैकड़ों लोग सड़कों पर दिखाई दिए, जिनमें कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक परिवहन वाहनों को आग लगाने का प्रयास भी शामिल है।

● एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया

इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

गाजा। मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को काफी नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइली सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 लोग मारे गए थे।

बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, आंसू गैस छोड़ी

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

राजधानी ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। उन्होंने जनवरी में हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की थी। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की आज की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी। समय टीवी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार को चार और लोग मारे गए। इन आंकड़ों की तुरंत पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका।

एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने देखा कि सीमा रक्षक अधिकारियों ने 1000 से अधिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर गोलियां चलाईं। ये प्रदर्शनकारी सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन के मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए थे। इस मुख्यालय पर एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था और आग लगा दी थी।

आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प।

अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

येकातेरिनबर्ग। रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

खगोल विज्ञान | पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं । जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।

काले धूमकेतु की तस्वीर।

क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति अवैध : आईसीजे

हेग (नीदरलैंड्स)। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने कहा है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति गैरकानूनी है और इसे समाप्त करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने शुक्रवार को जारी अपनी गैर-बाध्यकारी राय में कहा कि इजराइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। उसने कहा कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की मौजूदगी को गैरकानूनी बनाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के निकाय ने कहा कि उसकी (इजराइल की) निरंतर मौजूदगी अवैध है।

एक और प्रमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

बीजिंग, एजेंसी

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने सामरिक मिसाइल बल के एक और प्रमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की है। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि पहले भी इस बल के शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों और जांच के घेरे में आए थे। इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री जनरल ली शांगफु और 2022 में बल के कमांडर का कार्यभार संभालने वाले उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ को भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया था और उनके खिलाफ जांच शुरू की गई थी। जनमुक्ति सेना (पीएलए) के सामरिक मिसाइल बल की स्थापना नौ साल पहले की गई थी जिसके पास परमाणु हथियार और मिसाइलों की कमान है।

ली शांगफु रक्षा मंत्री बनने से पहले रॉकेट (मिसाइल) बल के प्रमुख थे और उन पर भ्रष्टचार का मुकदमा चलाया जा रहा है। ली युचाओ सामरिक बल के सदस्य थे और उन्हें भी शांगफु के साथ बर्खास्त कर दिया गया था। कम्युनिस्ट पार्टी की पूर्ण बैठक में गुरुवार को जनरल ली शांगफु और जनरल ली युचाओ को बर्खास्त करने के पोलित ब्यूरो के पूर्व में लिए गए निर्णय की पुष्टि की गई।

● चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने घोषणा की